दैनिक

नव प्रदेश

प्रदेश के साथ पूरा देश...

बिलासपुर, शनिवार, 21 फरवरी 2026 | शुक्ल पक्ष-चतुर्थी, | विक्रम संवत -2082 / वर्ष-11 अंक- 303 | पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए | रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

दैनिक
नव प्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ◆◆ 2 | छत्तीसगढ़ 6 | अभिव्यक्ति 11 | कारोबार/खेल

बिलासपुर, शनिवार, 21 फरवरी 2026 | शुक्ल पक्ष-चतुर्थी, | विक्रम संवत -2082 / वर्ष-11 अंक- 303 | पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए | रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

जनभागीदारी से जल संरक्षण की पहल: कोरिया का 5 प्रतिशत मॉडल बना राष्ट्रीय नीति, अब पूरे देश में होगा लागू

कोरिया/नवप्रदेश। जल संरक्षण और भूजल संवर्धन की दिशा में भारत सरकार ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए छत्तीसगढ़ के कोरिया जिला में सफल '5 प्रतिशत मॉडल' को देशभर में लागू करने की घोषणा की है।

यह निर्णय मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल की उपस्थिति में आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान लिया गया। बैठक में छत्तीसगढ़ के सभी जिला कलेक्टरों के साथ जल संरक्षण एवं संवर्धन विषय पर विस्तृत चर्चा हुई और कोरिया जिले के नवाचार को राष्ट्रीय स्तर पर अपनाने पर सहमति बनी।

गांवों में दिखा सकारात्मक प्रभाव

जिला कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने बताया कि बैकुंठपुर और सोनहत विकासखंड के गांवों में अभियान चलाकर किसानों को इस मॉडल की जानकारी दी गई। प्रचार-प्रसार और शिविरों के माध्यम से जागरूकता बढ़ी, जिसके परिणामस्वरूप किसानों ने स्वयं आगे आकर अपनी भूमि के एक कोने में सोख्ता गड्ढों का निर्माण किया। बरसात के दिनों में इन गड्ढों में जल संचयन से जमीन की नमी बढ़ी और फसलों को पर्याप्त लाभ मिला।

किसानों की पहल देश के लिए मिसाल

केंद्रीय मंत्री सीआर पाटिल ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि जब देश और दुनिया भूजल संकट से चिंतित हैं, ऐसे समय में कोरिया का यह नवाचार पूरे देश के लिए एक प्रेरणादायक उदाहरण है। श्री पाटिल ने कहा कि यह मॉडल अब केवल कोरिया तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि छत्तीसगढ़ सहित पूरे देश में लागू किया जाएगा।

सीआर पाटिल, केंद्रीय मंत्री

क्या है 5 प्रतिशत मॉडल?

'आवा पानी झोंकी अभियान' के अंतर्गत शुरू की गई यह अभिनव पहल जल संरक्षण पर आधारित है। इस मॉडल के तहत खेत या बाड़ी की कुल भूमि के 5 प्रतिशत भाग में सीढ़ीनुमा संरचना वाला सोख्ता गड्ढा तैयार किया जाता है। वर्षा जल को संरक्षित कर भूजल पुनर्भरण किया जाता है, इससे न केवल भूजल स्तर में सुधार होता है, बल्कि कृषि उत्पादकता में भी वृद्धि होती है।

> "कोरिया का यह नवाचार प्रदेश व देश में लागू होने से निश्चित ही जिले के किसानों, ग्रामीणों के प्रयास, रूचि और जागरुकता से संभव हुआ है। इस 5 प्रतिशत मॉडल ने पूरे देश में कोरिया को एक बार फिर पहचान दिलाई है, जो जल आत्मनिर्भर भारत की मजबूत नींव साबित हो सकता है।
> - **डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी**, सीईओ, कोरिया

आज बेबाक

इतनी बड़ी पार्टी का इतना बड़का नेता और कलेजा इत्तु सा कि एक क्षेत्रीय पार्टी के नेता के उत्तर प्रदेश में आमद की आहट से ही कांप गया। बकौल बाबूभाई- तू क्या पार्टी चलाएगा रे..? कांग्रेसाध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कांग्रेसी सांसद इमरान मसूद को ताकीद की है कि हैदराबादी को यूपी में मत घुसने देना वरना वो कांग्रेस को खत्म कर देगा। गौरतलब है कि यूपी में कांग्रेस के कुल जमा दो विधायक हैं। मतलब न खाने को है न खुजाने को है। ऐसे में असदुद्दीन ओवैसी से कांग्रेस अध्यक्ष का डरना सोच और शोध का विषय है।

पारदर्शिता की पहल: सभी टोल प्लाजा पर भुगतान सिर्फ डिजिटल माध्यमों से होगा

एक अप्रैल से नेशनल हाईवे पर नकद टोल बंद करने की तैयारी, फास्टैग-यूपीआई अनिवार्य

नई दिल्ली। सरकार ने शुक्रवार को कहा कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) देशभर के नेशनल हाईवे शुल्क प्लाजा पर 1 अप्रैल 2026 से नकद भुगतान पूरी तरह बंद करने पर विचार कर रही है। इस कदम का मकसद पूरी तरह डिजिटल नेशनल हाईवे टोलिंग सिस्टम विकसित करना है। जिससे टोल भुगतान प्रक्रिया और अधिक तेज, पारदर्शी और भरोसेमंद बन सके।

योजना लागू होने के बाद, नेशनल हाईवे के सभी टोल प्लाजा पर भुगतान सिर्फ डिजिटल माध्यमों से ही किया जाएगा। फास्टैग या यूपीआई के जरिये ही टोल वसूली होगी। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के अनुसार, यह प्रस्ताव इलेक्ट्रॉनिक टोल कलेक्शन से मिले फायदों को और मजबूत करने तथा टोल प्लाजा संचालन की दक्षता और विश्वसनीयता बढ़ाने के लिए लाया जा रहा है।

फास्टैग ने टोल सिस्टम को पूरी तरह बदल दिया

देश में फास्टैग की 98 प्रतिशत से अधिक पहुंच ने टोल कलेक्शन व्यवस्था को पूरी तरह बदल दिया है। आज बड़ी संख्या में टोल लेनदेन आरएफआईडी आधारित फास्टैग के जरिये इलेक्ट्रॉनिक तरीके से हो रहे हैं। जिससे टोल प्लाजा पर बिना रुकावट और संपर्क-रहित आवाजाही संभव हो पाई है।

अभी कैश और यूपीआई भुगतान फास्टैग नहीं होने पर डबल चार्ज

वर्तमान में, यदि किसी वाहन के पास वैध और सक्रिय फास्टैग नहीं है और वह नकद भुगतान करता है, तो उससे तय टोल शुल्क का दोगुना वसूला जाता है। वहीं, जो नेशनल हाईवे उपयोगकर्ता यूपीआई से भुगतान करते हैं, उनसे वाहन श्रेणी के अनुसार केवल 1.25 गुना शुल्क लिया जाता है।

पूरी तरह डिजिटल सिस्टम से पारदर्शिता आएगी

सरकार का कहना है कि डिजिटल-ओनली भुगतान प्रणाली अपनाने से संचालन क्षमता मजबूत होगी, ट्रैफिक मैनेजमेंट बेहतर होगा, देरी कम होगी। और देशभर के 1,150 से अधिक टोल प्लाजा पर यात्रियों का अनुभव बेहतर बनेगा।

फास्टैग वार्षिक पास को अच्छी प्रतिक्रिया मिली

फास्टैग वार्षिक पास के उपयोगकर्ताओं की संख्या 50 लाख को पार कर चुकी है। लॉन्च के छह महीनों में ही इसके जरिए 26.55 करोड़ से अधिक लेनदेन दर्ज किए गए हैं। यह पास 3,000 रुपये के एकमुश्त भुगतान पर एक साल या 200 टोल प्लाजा क्रॉसिंग तक फास्टैग को बार-बार रिचार्ज करने की जरूरत खत्म कर देता है।

भारत-अमेरिका ट्रेड डील जल्द ट्रंप के भारत आने की संभावना

नई दिल्ली/वार्ता। इंडिया-एआई इम्पैक्ट समिट के दौरान भारत में अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर ने कहा कि भारत-अमेरिका ट्रेड डील पर जल्द हस्ताक्षर होने की संभावना है। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि अमेरिकी विदेश सचिव मार्को रुबियो भारत दौरे पर आने वाले हैं, जबकि डोनाल्ड ट्रंप के संभावित भारत दौरे पर भी जल्द घोषणा हो सकती है।

ट्रेड डील से द्विपक्षीय संबंधों को नई गति: अमेरिकी राजदूत ने कहा कि भारत और अमेरिका के संबंधों को अगले स्तर पर ले जाने की दिशा में तेजी से काम हो रहा है। उन्होंने बताया कि दोनों देशों ने लंबे समय से चले आ रहे मतभेदों को दूर किया है और प्रस्तावित डील केवल टैरिफ और व्यापार तक सीमित नहीं है, बल्कि दो लोकतांत्रिक देशों के बीच साझा विकास की प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

ऊर्जा सहयोग और रूस से तेल खरीद पर टिप्पणी: गोर ने कहा कि भारत अपने ऊर्जा विकल्पों में विविधता लाने की दिशा में काम कर रहा है और वेनेजुएला से तेल खरीद को लेकर बातचीत जारी है।

एआई और ऊर्जा क्षेत्र में साझेदारी का प्रस्ताव

उन्होंने कहा कि अमेरिका भारत के साथ एआई स्टैक, ऊर्जा और अन्य प्रमुख क्षेत्रों में मिलकर काम करना चाहता है। भारतीय कंपनियों के साथ सहयोग को लेकर अमेरिका की विशेष प्राथमिकता है और इसे रणनीतिक साझेदारी का हिस्सा माना जा रहा है।

ट्रंप के संभावित भारत दौरे के संकेत

अमेरिकी राजदूत ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप भारत की यात्रा को लेकर सकारात्मक हैं और उनके संभावित दौरे की घोषणा जल्द की जा सकती है। उन्होंने कहा कि ट्रंप भारत की ऊर्जा, विविधता और उत्साह की सराहना करते हैं।

न्यूज गैलरी

गिरावट से उबरा शेयर बाजार, आईटी कंपनियों में गिरावट

मुंबई (वार्ता)। बैंकिंग और धातु सेक्टरों में लिवाली से घरेलू शेयर बाजारों में शुक्रवार को तेजी लौट आयी, हालांकि आईटी सेक्टर की कंपनियों पर दबाव देखा गया। बीएसई का सेंसेक्स 316.57 अंक (0.38 प्रतिशत) चढ़कर 82,814.71 अंक पर और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक 116.90 अंक यानी 0.46 प्रतिशत ऊपर 25,571.25 अंक पर बंद हुआ।

गुजरात में एसआईआर के बाद मतदाताओं की संख्या में कमी

नयी दिल्ली (वार्ता)। गुजरात में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के बाद मतदाताओं की संख्या में शुद्ध रुप से 68 लाख 12 हजार 711 की कमी हुयी है। आयोग के आंकड़ों के अनुसार राज्य में एसआईआर शुरु किए जाने के समय मतदाता सूची में 50843436 मतदाताओं के नाम थे । एसआईआर प्रक्रिया पूरी होने के बाद उसमें 44030725 है।

संयोग नहीं प्रयोग: एआई समिट में यूथ कांग्रेस का प्रदर्शन

■ भाजपा बोली-राहुल गांधी के घर पर बनी इसकी योजना

नई दिल्ली/एजेंसी। भारत मंडपम में चल रहे एआई शिखर सम्मेलन के दौरान भारतीय युवा कांग्रेस के नेताओं ने शुक्रवार को प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन के बाद भाजपा ने कांग्रेस को आड़े हाथ लिया है। भाजपा सांसद और प्रवक्ता संबित पात्रा ने आरोप लगाते हुए कहा कि इस प्रदर्शन की योजना किसी आम कार्यकर्ता ने सड़क पर नहीं बनाई। उन्होंने आरोप लगाया कि इस प्रदर्शन की योजना राहुल गांधी के निवास पर बनाई गई। उन्होंने दावा किया कि इस दौरान सोनिया गांधी और प्रियंका वाड्रा भी वहां मौजूद थे।

भाजपा ने राहुल को बता डाला देश का सबसे बड़ा गद्दार

संबित पात्रा ने आरोप लगाते हुए कहा कि राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी देश के सबसे बड़े गद्दार हैं। उन्होंने कहा कि रंग में भंग डालना इनका काम है। उन्होंने कहा कि जहां देश में खुशियों के रंग छाएंगे, ये उसमें भंग जरूर डालेंगे। उन्होंने राहुल गांधी को गद्दार बताते हुए कहा कि ऑपरेशन सिंदूर होगा, प्रश्न उठाया जाएगा। पाकिस्तान का गुणगान होगा, हिंदुस्तान की कमी निकालेंगे। एयरस्ट्राइक होगी, हिंदुस्तान का धिक्कार करेंगे और राहुल गांधी पाकिस्तान की जय-जयकार करेंगे। उन्होंने कहा कि यही वो गद्दार है।

मुर्मू, राधाकृष्णन, मोदी ने अरुणाचल प्रदेश को स्थापना दिवस की बधाई दी

ईटानगर (वार्ता)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन , प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को अरुणाचल प्रदेश के लोगों को राज्य के 40वें राज्य स्थापना दिवस के मौके पर हार्दिक बधाई दी। सुश्री मुर्मु ने अपने संदेश में मिजोरम के लोगों को भी उनके राज्य स्थापना दिवस पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि दोनों राज्य प्राचीन प्राकृतिक सुंदरता, समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और मेहनती लोगों से धन्य हैं। उन्होंने देश के विकास में उनके उल्लेखनीय योगदान और प्रतिबद्धता पर प्रकाश डालते हुए दोनों पूर्वोत्तर राज्यों के लोगों के लिए लगातार प्रगति और समृद्धि की कामना की।

ट्रक में घुसी कार, एक ही परिवार के 7 की मौत

■ गुजरात के वलसाड में भीषण सड़क हादसा

वलसाड/एजेंसी। गुजरात के वलसाड जिले के कुंभघाट इलाके में एक भीषण सड़क दुर्घटना में सात लोगों की मौत हो गई। कार और ट्रक के बीच हुई इस भीषण टक्कर में एक ही परिवार के सात लोगों की मौत हो गई। मृतकों में दो महिलाएं भी शामिल हैं। वलसाड जिले के कपराड़ा तालुका के दुर्घटना बहुल्य इलाके में ये हादसा हुआ। पुलिस के अनुसार तेज गति से चल रहे ट्रक और कार के बीच भीषण टक्कर में सात लोगों की मौत हो गई। एक ही परिवार के सात लोगों की मौत की खबर ने इलाके में सनसनी फैला दी।

चकनाचूर हुई कार, मौके पर ही पांच की मौत, दो ने अस्पताल में दम तोड़ा

पुलिस के अनुसार कुंभघाट के पास एक मोड़ पर कार सामने से आ रहे एक ट्रक से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार पूरी तरह से चकनाचूर हो गई। हादसे के बाद मौके पर ही पांच लोगों की मौत हो गई। वहीं, हादसे में घायल दो लोगों को पास के अस्पताल ले जाया गया। जहां उन्होंने दम तोड़ दिया।

गरमा-गरम

हाई-स्पीड, हाई-फ्रीक्वेंसी रेल सिस्टम: 22 फरवरी को पूरा होगा देश का पहला रीजनल रैपिड ट्रांजिट नेटवर्क, पीएम मोदी ने 8 मार्च 2019 को किया था शिलान्यास

दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ 'नमो भारत' कॉरिडोर, 180 किमी प्रति घंटे की स्पीड

नई दिल्ली/ए.। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में आधुनिक, तेज और टिकाऊ परिवहन व्यवस्था को नई दिशा देने वाला 'नमो भारत' प्रोजेक्ट अपने अंतिम चरण में पहुंच गया है। 180 किमी प्रति घंटे की डिजाइन स्पीड और 160 किमी प्रति घंटे की अधिकतम परिचालन गति वाले इस हाई-स्पीड, हाई-फ्रीक्वेंसी रेल सिस्टम का उद्देश्य दिल्ली और आसपास के शहरों के बीच यात्रा को तेज, सुरक्षित और आरामदायक बनाना है। औसत परिचालन गति 90 किमी प्रति घंटा रखी गई है।

दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ नमो भारत कॉरिडोर की कुल लंबाई 82.15 किमी है। इसमें 70 किमी एलिवेटेड और 12 किमी भूमिगत ट्रैक शामिल हैं। दिल्ली में लगभग 14 किमी और उत्तर प्रदेश में 68 किमी का हिस्सा है। परियोजना की कुल लागत 30,274 करोड़ रुपए है। फंडिंग में एडीबी (लगभग 1 अरब डॉलर), एनडीबी (500 मिलियन डॉलर) और एआईआईबी (500 मिलियन डॉलर) का योगदान है। केंद्र सरकार की हिस्सेदारी 20 प्रतिशत, दिल्ली सरकार की 3.22 प्रतिशत और उत्तर प्रदेश सरकार की 16.78 प्रतिशत है। फिलहाल, 55 किमी सेक्शन (न्यू अशोक नगर से मेरठ साउथ) के 11 स्टेशन चालू हैं। 16 स्टेशनों में जंगपुरा, सराय काले खां, न्यू अशोक नगर, आनंद विहार (अंडरग्राउंड), साहिबाबाद, गाजियाबाद, गुलधर, दुहाई, मुरादनगर, मोदी नगर नॉर्थ/साउथ, मेरठ साउथ, शताब्दी नगर, बेगमपुल (अंडरग्राउंड) और मोदिपुरम शामिल हैं। दुहाई और मोदिपुरम में डिपो बनाए गए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 8 मार्च 2019 को शिलान्यास किया था। 20 अक्टूबर 2023 को 17 किमी का प्राथमिक खंड राष्ट्र को समर्पित किया गया।

इसी ट्रैक पर 23 किमी लंबी मेरठ मेट्रो सेवा भी होगी संचालित

ट्रेनों में 2एक्स2 ट्रांसवर्स सीटिंग, ओवरहेड लगेज रैक, मोबाइल/लैपटॉप चार्जिंग, पैनोरमिक डबल-ग्लेज्ड खिड़कियां, सीसीटीवी, फायर डिटेक्टर, ऑटोमैटिक दरवाजे और प्लेटफॉर्म स्क्रीन डोर्स (पीएसडी) लगाए गए हैं। प्रत्येक ट्रेन में एक प्रीमियम कोच और एक महिला आरक्षित कोच है। चयनात्मक डोर ओपनिंग से ऊर्जा की बचत होती है। इसी ट्रैक पर 23 किमी लंबी मेरठ मेट्रो सेवा भी संचालित होगी। इसकी डिजाइन स्पीड 135 किमी/घंटा और अधिकतम परिचालन गति 120 किमी/घंटा होगी।

दिल्ली मेट्रो और आईआरसीटीसी के साथ टिकटिंग व्यवस्था

दिल्ली मेट्रो और आईआरसीटीसी के साथ एकीकृत टिकटिंग व्यवस्था लागू की गई है। परियोजना में सोलर पावर, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, रीजेनेरेटिव ब्रेकिंग (30 प्रतिशत ऊर्जा बचत) और 110 मेगावाट सोलर प्लांट जैसी हरित पहलें शामिल हैं। साहिबाबाद और गुलधर स्टेशन को आईजीबीसी से नेट जीरो एनर्जी रेटिंग मिली है। नमो भारत के पूरा होने से एनसीआर में सार्वजनिक परिवहन की हिस्सेदारी 37 प्रतिशत से बढ़कर 63 प्रतिशत होने की उम्मीद है।

दैनिक नव प्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

बिलासपुर, शनिवार, 21 फरवरी 2026 | शुक्ल पक्ष-चतुर्थी, | विक्रम संवत -2082 / वर्ष-11 अंक- 303 | पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए | रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

न्यूज गैलरी

सुपेबेड़ा में एक और मौत, किडनी की बीमारी से परेशान था

मैनपुर/नवप्रदेश। पेरिटोनियल डायलिसिस करवा रहे सुपेबेडा के किडनी रोगी का इलाज के दौरान रायपुर के एम्स अस्पताल में मौत हो गई। पेट में लगे डायलिसिस फिस्तुला पुराना होने से 20 दिनों से ब्लॉक हो गया था। 2005 से गांव में 133 वां किडनी रोगी की मौत हो गई है। देवभोग ब्लॉक के सुपेबेड़ा निवासी 49 वर्षीय प्रेमजय क्षेत्रपाल एम्स में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। पिछले पांच साल से रोजाना इनका पेरिटोनियल पद्धति से घर पर ही डायलिसिस हो रहा था। 20 दिन पहले पेट में लगे पुस्तुला ब्लॉक हो गया, जिससे रोजाना तीन बार होने वाला डायलिसिस रुक गया था।

एनएच पर तीन घंटे तक चक्काजाम, अधीक्षक निलंबित

मैनपुर/नवप्रदेश। आदिवासी बालक आश्रम बड़ेगोबरा के एक छात्र राघव मंडावी की समय पर इलाज नहीं मिलने के कारण दर्दनाक मौत हो गई। इस घटना को लेकर आदिवासी समाज के लोगों में भारी आक्रोश देखने को मिल रहा है और लापरवाही बरतने वाले आश्रम अधीक्षक राकेश साहू पर एफआईआर दर्ज कर पीड़ित परिवार को 1 करोड़ रूपये मुआवजा राशि की मांग को लेकर आदिवासी समाज द्वारा मैनपुर नेशनल हाइवे 130 सी पर गुरुवार को सुबह 8 बजे से चक्काजाम शुरू कर दिया। इस दौरान नेशनल हाइवे में आदिवासी समाज के सैकड़ों महिला पुरूष व बच्चे सड़क में उतर कर जमकर नारेबाजी करने लगे और संबंधित विभाग के अफसरों द्वारा लगातार झमझाइस के बाद भी नारेबाजी जारी रहा।

अवैध शराब के साथ तीन आरोपी गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर पुलिस (ग्रामीण) के अंतर्गत थाना खरोरा पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से कुल 99 पौवा देशी मसाला शराब जब्त की गई है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रकरण क्रमांक 101/26 एवं 102/26 धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

डंगनिया औषधालय में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ स्टेट पावर कंपनी के डंगनिया औषधालय द्वारा विद्युत कर्मियों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जनरेशन, ट्रांसमिशन एवं डिस्ट्रीब्यूशन–तीनों कंपनियों के अधिकारी-कर्मचारियों ने नेत्र, नाक एवं कान (ईएनटी) विशेषज्ञों से परामर्श एवं जांच की सुविधा प्राप्त की। डंगनिया औषधालय के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एच.एल. पंचारी ने बताया कि शिविर में बीपी, शुगर एवं हार्ट रेट की जांच के साथ-साथ वरिष्ठ मरीजों ने सुनने में कमी, साइनस की समस्या एवं गले में संक्रमण जैसी बीमारियों के लिए परामर्श लिया। उन्होंने बताया कि विद्युत कंपनी के अधिकारी, कर्मचारी, पेंशनर्स एवं उनके आश्रित परिवारजनों को निःशुल्क परीक्षण की सुविधा प्रदान की गई।

मार्च से अंबिकापुर-दिल्ली हवाई सेवा, बिलासपुर होगा स्टॉपेज, 4500 से 6000 रुपये किराया

■ एलायंस एयर की फ्लाइट सप्ताह में दो दिन उड़ान भरेगी, शेड्यूल जारी

सरगुजा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर से दिल्ली के लिए हवाई सेवा मार्च के आखिरी सप्ताह से शुरू होगी। एलायंस एयर मां महामाया एयरपोर्ट से हफ्ते में दो दिन सोमवार और बुधवार को फ्लाइट चलाएगी। यह उड़ान बिलासपुर होते हुए दिल्ली पहुंचेगी। 4500 से 6000 रुपए इसका फेयर हो सकता है।

फिलहाल एलायंस एयर बिलासपुर से दिल्ली के बीच हफ्ते में तीन दिन सेवा दे रही है। करीब दो साल पहले कंपनी के अधिकारी अंबिकापुर आकर एयरपोर्ट की सुविधाओं का जायजा ले चुके थे। एलायंस एयर 72 सीटर ,ञक्र विमान का संचालन करेगी। अंबिकापुर के मां महामाया एयरपोर्ट से दिसंबर 2024 में हवाई सेवा की शुरुआत हुई थी।

उड़ान 4.2 योजना के तहत फ्लाई बिग कंपनी ने मां महामाया एयरपोर्ट दरिमा से रायपुर और बिलासपुर के लिए 19 सीटर विमान सेवा शुरू की थी, लेकिन शुरुआती दिनों में अनियमित उड़ान के कारण यह सेवा केवल छह महीने तक ही चल सकी। पिछले छह महीने से अधिक समय से इसका संचालन पूरी तरह बंद है।

दो साल पहले कंपनी किया था निरीक्षण

2 साल पहले एलायंस एयर ने अंबिकापुर और बिलासपुर एयरपोर्ट का निरीक्षण किया था। फिलहाल कंपनी बिलासपुर से दिल्ली के बीच मंगलवार, बुधवार और गुरुवार को उड़ान संचालित कर रही है। अब सोमवार को भी फ्लाइट जोड़ी जाएगी। फ्लाइट का बेस फेयर 4500 से 6000 रुपए के बीच रहने का अनुमान है। बिलासपुर-दिल्ली मार्ग पर सामान्यत: बेस फेयर 4000 रुपये से अधिक रहता है।

सांसद ने किया स्वागत, इंडिगो से भी चर्चा

सरगुजा सांसद चिंतामणि महाराज ने कहा कि एलायंस एयर की हवाई सेवा शुरू हो रही है। इंडिगो के साथ भी चर्चा हुई है और दो बार मुख्यमंत्री के साथ बैठक हो चुकी है। इंडिगो रायपुर से अंबिकापुर होते हुए प्रयागराज तक उड़ान शुरू करने की दिशा में प्रयास कर रही है। सरगुजा विकास प्राधिकरण की बैठक में भी उन्होंने मुख्यमंत्री के समक्ष यह मुद्दा उठाया था।

एलायंस एयर के बारे में जानिए

एलायंस एयर देश की प्रमुख घरेलू विमानन कंपनियों में से एक है। पहले यह एयर इंडिया के स्वामित्व में थी। एयर इंडिया के विनिवेश के बाद यह भारत सरकार की स्वतंत्र व्यावसायिक इकाई के रूप में कार्य कर रही है। वर्तमान में एलायंस एयर प्रतिदिन 137 घरेलू उड़ानें संचालित करती है और 57 शहरों को जोड़ती है। कंपनी रायपुर से हैदराबाद और जगदलपुर के लिए भी हवाई सेवा दे रही है।

सीएम की अपील : जल संरक्षण को दिनचर्या का हिस्सा बनाने, जल संरचनाओं की रक्षा और जल के प्रति जिम्मेदार सोच जरूरी

सरकार जल संरक्षण को जन आंदोलन का स्वरूप देने के लिए प्रतिबद्ध: साय

आज बचाओगे पानी, कल खुशहाल होगी जिंदगी

नवप्रदेश भी चला रहा अभियान

जल संचय-जन भागीदारी

■ 10 लाख जल संरक्षण संरचनाओं के निर्माण का लक्ष्य निर्धारित किया

■ गांवों के युवाओं को जल मित्र के रूप में प्रशिक्षित किया जाएगा

जल संरक्षण को जनआंदोलन का रूप देना उद्देश्य : पाटिल

केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल ने छत्तीसगढ़ में जल संरक्षण के क्षेत्र में हो रहे कार्यों और नवाचारों को सराहा। उन्होंने कहा कि गत वर्ष जल संरक्षण के प्रयासों में छत्तीसगढ़ देशभर में दूसरे स्थान पर रहा, जो राज्य के लिए गौरव का विषय है। पीएम मोदी ने सितंबर 2024 को सूरत से 'जल संचय जन भागीदारी अभियान' की शुरुआत की थी और 'कर्मभूमि से मातृभूमि के लिए जल संचयन में सहयोग' का आह्वान किया था।

प्रदेश में 5 क्रिटिकल और 21 सेमी-क्रिटिकल भू-जल ब्लॉक चिन्हित

सीएम साय ने कहा कि अभियान के पहले चरण में छत्तीसगढ़ ने देशभर में द्वितीय स्थान प्राप्त किया तथा विभिन्न जिलों को भी अलग-अलग श्रेणियों में पुरस्कार मिले। पहले चरण में सामुदायिक भागीदारी के मॉडल पर कार्य करते हुए बड़े पैमाने पर बोरवेल रिचार्ज, रूफटॉप रेनवॉटर हार्वेस्टिंग, रिचार्ज शाफ्ट, सोक पिट और ओपनवेल रिचार्ज जैसी संरचनाओं का निर्माण किया गया। साय ने कहा कि प्रदेश में वर्तमान में 5 क्रिटिकल और 21 सेमी-क्रिटिकल भू-जल ब्लॉक चिन्हित हैं। वर्ष 2024 की तुलना में 2025 में इनमें से 5 ब्लॉकों में भू-जल निकासी में कमी और भू-जल स्तर में सुधार दर्ज किया गया है, जो जल संरक्षण प्रयासों के सकारात्मक परिणामों का संकेत है।

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल की अध्यक्षता में नवा रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में प्रदेश में जल संचय-जन भागीदारी 2.0 अभियान के क्रियान्वयन की समीक्षा की गई। केंद्रीय मंत्री पाटिल इस बैठक में वर्चुअली शामिल हुए और बैठक को संबोधित किया। इस दौरान बिलासपुर, दुर्ग और सूरजपुर जिले के कलेक्टरों ने जिले में अभियान अंतर्गत संचालित कार्यों की जानकारी दी।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि जल संकट 21वीं सदी की केवल गंभीर पर्यावरणीय ही नहीं, बल्कि आर्थिक, सामाजिक और विकासात्मक चुनौती भी बन चुका है। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण को स्थायी और प्रभावी बनाने के लिए जनभागीदारी अनिवार्य है। उन्होंने पीएम मोदी के उस संदेश का उल्लेख किया, जिसमें पानी के उपयोग को प्रसाद के समान मानते हुए जल के प्रति संवेदनशील और जिम्मेदार दृष्टिकोण अपनाने पर जोर दिया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन से प्रेरित होकर राज्य सरकार जल संरक्षण को जन आंदोलन का स्वरूप देने के लिए प्रतिबद्ध है।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि अभियान के दूसरे चरण जल संचय-जन भागीदारी 2.0 के अंतर्गत तकनीक आधारित और अधिक परिणाममूलक रणनीति अपनाई जा रही है। राज्य सरकार ने 31 मई 2026 तक 10 लाख जल संरक्षण संरचनाओं के निर्माण का लक्ष्य निर्धारित किया है। मुख्यमंत्री ने इसे जल सुरक्षा की दिशा में प्रदेश का ऐतिहासिक कदम बताया। उन्होंने कहा कि राज्य के रजत जयंती वर्ष के अवसर पर एक विशेष पहल के तहत 10 एकड़ से अधिक भूमि वाले चार लाख से अधिक किसानों को अपने खेतों में डबरी निर्माण के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। इस कार्य में जिला प्रशासन के साथ-साथ औद्योगिक समूहों का सहयोग भी लिया जा रहा है। इन डबरियों से भू-जल स्तर में वृद्धि के साथ किसानों को सिंचाई एवं मछली पालन जैसी अतिरिक्त सुविधाएं मिलेंगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि दूसरे चरण में सभी जल संरचनाओं की जियोटैगिंग, ग्राम पंचायतों के वॉटर बजट तथा जल सुरक्षा योजनाओं के निर्माण ■ शेष पृष्ठ 8 पर

महिला कांस्टेबल से रेप का आरोपी डिप्टी कलेक्टर सस्पेंड



■ प्यार में फंसाकर संबंध बनाए, 3 बार अबॉर्शन कराया

■ आरोपी दिलीप 2020 में हुआ पीएससी पास आउट

बालोद/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के बालोद जिले में महिला आरक्षक से रेप के आरोपी डिप्टी कलेक्टर दिलीप उइके को निलंबित कर दिया गया है। 6 महीने पहले जिले के डौंडी थाना क्षेत्र में एक महिला आरक्षक ने एफआईआर दर्ज कराई थी कि दिलीप उइके शादी का झांसा देकर युवती से संबंध बनाए। वह 3 बार प्रेग्नेंट हुई, तीनों बार जबरन अबॉर्शन करवा दिया था।

उस दौरान उइके बीजापुर में पदस्थ थे। युवती ने शिकायत में बताया कि डिप्टी कलेक्टर ने उसके नाम से कार खरीदी, 3 लाख रुपए अपने अकाउंट में ट्रांसफर करवाए। लेकिन शादी की बात करने पर टालमटोल करता रहा। इसके बाद विवाद बढ़ा तो बातचीत बंद कर दी थी। बता दें कि 6 महीने तक कोई कार्रवाई नहीं होने पर पीड़िता ने आरटीआई लगाया था। जहां सामान्य प्रशासन विभाग ने सस्पेंड होने की जानकारी दी।

युवती ने बताया कि वह और दिलीप उइके एक ही जाति के हैं। मार्च 2017 में वह पहली बार प्रेग्नेंट हुई। जब उसने यह बात दिलीप को बताई तो उन्होंने कहा कि पहले पढ़ाई ■ शेष पृष्ठ 8 पर

दोनों के बीच आठ साल से अफेयर था

आरोपी डिप्टी कलेक्टर दिलीप उइके डौंडी ब्लॉक के अंवारी गांव का रहने वाला है। डौंडी क्षेत्र की रहने वाली सीएएफ महिला आरक्षक ने बताया कि उनका परिचय साल 2017 में हुआ था। दोनों डौंडी स्थित आईटीआई में पढ़ाई कर रहे थे। पढ़ाई के दौरान दोनों की बातचीत शुरू हुई। ये बातचीत धीरे-धीरे दोस्ती और फिर अफेयर में बदल गई। युवती का कहना है कि दिलीप ने उससे शादी का वादा किया। फिर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए।

कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता विवि के नए कुलपति बने प्रोफेसर मनोज दयाल

■ हरियाणा के गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय में कर रहे काम, अनुभव के आधार पर मिला पद

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता-जनसंचार विश्वविद्यालय को नया कुलपति मिल गया है। राज्यपाल और विश्वविद्यालय के कुलाधिपति ने अपने विशेष अधिकारों का उपयोग करते हुए प्रोफेसर मनोज दयाल को विश्वविद्यालय का कुलपति नियुक्त किया है। प्रोफेसर मनोज दयाल वर्तमान में हरियाणा के हिसार स्थित गुरु जम्भेश्वर विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में जनसंचार विभाग में कार्यरत हैं। उन्हें शिक्षा और जनसंचार के क्षेत्र में लंबे अनुभव के आधार पर यह जिम्मेदारी सौंपी गई है।

विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुसार, कुलपति के रूप में प्रोफेसर मनोज दयाल का कार्यकाल, उनकी सेवा शर्तें और उपलब्धियां छत्तीसगढ़ कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता-जनसंचार विश्वविद्यालय अधिनियम 2004 और उसके ■ शेष पृष्ठ 8 पर

रतनपुर के बूढ़ा महादेव तालाब में 8 कछुओं की मौत

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिलासपुर जिले के रतनपुर से एक बार फिर दिल दहला देने वाली खबर सामने आई है। बूढ़ा महादेव मंदिर तालाब में 8 कछुए मृत अवस्था में मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। लगातार छह दिनों के भीतर कछुओं की मौत की यह दूसरी घटना है, जिससे वन विभाग और स्थानीय प्रशासन की चिंता बढ़ गई है। प्रारंभिक जांच में इनकी मौत संदिग्ध बताया जा रहा है। रतनपुर स्थित बूढ़ा महादेव मंदिर के तालाब में शुक्रवार सुबह स्थानीय लोगों ने कई कछुओं को मृत देखा।

नए पैटर्न के तहत 10 दिन पहले शुरू हुए एग्जाम, इस बार एमसीक्यू की बढ़ी संख्या

12वीं बोर्ड की परीक्षा शुरू, उड़नदस्ता टीम रही तैनात

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल ओर से आयोजित हाईस्कूल और हायर सेकेंडरी बोर्ड परीक्षाएं आज 20 फरवरी से शुरू हो गई। हर साल की तरह इस बार भी परीक्षा की शुरुआत 12वीं कक्षा से हो रही है। नए पैटर्न के तहत एग्जाम 10 दिन पहले शुरू हुए हैं। नई शिक्षा नीति लागू होने के बाद 10वीं और 12वीं के लिए नया ब्लू प्रिंट तैयार किया गया है, जिसके आधार पर प्रश्नपत्र बनाए गए हैं। प्रश्नपत्र सीबीएसई पैटर्न पर तैयार बहुविकल्पीय (एमसीक्यू) और अति लघु ■ शेष पृष्ठ 8 पर

सीबीएसई की तर्ज पर परीक्षा

माध्यमिक शिक्षा मंडल ने इस साल सीबीएसई की तर्ज पर परीक्षा तिथि एक सप्ताह पहले निर्धारित की है। नए ब्लू प्रिंट के अनुसार, वस्तुनिष्ठ और अति लघु उत्तरीय प्रश्नों का प्रतिशत बढ़ाया गया है, जिससे छात्रों की अवधारणात्मक समझ का आकलन किया जा सके। 12वीं कक्षा की पहली परीक्षा भूगोल और भौतिक शास्त्र विषय से शुरू हुई है। परीक्षा को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी केन्द्राध्यक्षों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।

12वीं कक्षा के आंकड़े

2,45,859
कुल पंजीकृत विद्यार्थी

4,231
कुल स्कूल

2,396
कुल परीक्षा केंद्र

21,473
परीक्षार्थी रायपुर जिले में

राजनीति : नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत की अध्यक्षता में कांग्रेस भवन में होगी बैठक, 23 फरवरी से शुरू होगा बजट सत्र

साय सरकार को घेरने कांग्रेस विधायक दल की बैठक कल

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में बजट सत्र से पहले कांग्रेस ने अपनी रणनीति तेज कर दी है। 22 फरवरी को कांग्रेस विधायक दल की महत्वपूर्ण बैठक बुलाई गई है। यह बैठक नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत की अध्यक्षता में शाम 4 बजे कांग्रेस भवन, रायपुर में होगी।

बैठक में आगामी विधानसभा सत्र, सरकार को घेरने की रणनीति और जनहित के मुद्दों पर चर्चा होने की संभावना है। छत्तीसगढ़ विधानसभा का बजट सत्र 23 फरवरी से शुरू होगा। पहले दिन राज्यपाल का अभिभाषण होगा। इसके अगले दिन यानी 24 फरवरी को वित्त मंत्री वर्ष 2026-27 का बजट पेश करेंगे। यह सत्र 20 मार्च तक चलेगा और कुल 15 बैठकें प्रस्तावित हैं। सत्र के दौरान प्रश्नकाल, शून्यकाल और विभिन्न विधेयकों पर चर्चा होगी। बैठक में सरकार को घेरने की रणनीति बनेगी।

वित्त मंत्री ओपी चौधरी पेश करेंगे बजट: वित्त मंत्री के अनुसार यह बजट सिर्फ वार्षिक आर्थिक दस्तावेज नहीं होगा, बल्कि प्रदेश के दीर्घकालिक विकास का रोडमैप भी पेश करेगा। बजट 2026-27 में 2047 तक के विकास विजन को ध्यान में रखते हुए रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य और औद्योगिक विस्तार पर फोकस रहेगा। सरकार का दावा है कि बजट में दीर्घकालिक रणनीति और नई पहलों ■ शेष पृष्ठ 8 पर

महिला, युवा और किसान पर फोकस

- सरकार की प्राथमिकताओं में महिलाएं, युवा और किसान प्रमुख रहेंगे।
- महिलाओं के लिए विशेष अनुदान और सामाजिक सुरक्षा योजनाएं
- युवाओं के लिए रोजगार सृजन और कौशल विकास
- किसानों के लिए कृषि प्रोत्साहन और समर्थन योजनाएं
- पिछले बजट के अनुभवों के आधार पर इस बार इन वर्गों के लिए अतिरिक्त प्रावधान किए जाने की संभावना जताई जा रही है।

स्वास्थ्य और आयुष्मान पर विशेष प्रावधान

बजट में आयुष्मान योजना, ग्रामीण स्वास्थ्य सशक्तिकरण, इन्फ्रास्ट्रक्चर निर्माण और कृषि क्षेत्र के लिए मजबूत वित्तीय प्रावधान किए जाने की चर्चा है। विशेषज्ञों का मानना है कि बजट 2026-27 प्रदेश की आर्थिक रफ्तार बनाए रखने और सामाजिक कल्याण योजनाओं को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित हो सकता है। अब नजर 23 फरवरी पर है, जब विधानसभा में बजट सत्र की शुरुआत होगी और प्रदेश की आर्थिक प्राथमिकताओं की तस्वीर साफ होगी।

परीक्षा देने जा रहे दो छात्र बाइक से गिरे, एक की मौत दूसरा गंभीर

बतौली/सरगुजा। छत्तीसगढ़ के बतौली में एक बड़ी सड़क दुर्घटना हो गई। जहां 12वीं बोर्ड परीक्षा लिखने जा रहे तेज रफ्तार बाइक सवार दो छात्र अनियंत्रित होकर ग्राम कुनकुरी में सड़क किनारे रखे गिट्टी से उछलते हुए गिर गए। जिससे मौके पर ही एक छात्र की मौत हो गई, जबकि दूसरे छात्र को प्राथमिक उपचार के लिए जिला अस्पताल रिफर कर दिया गया है ।

जानकारी के अनुसार, बतौली बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परीक्षा सेंटर में 12वीं फिजिक्स का पहला पेपर लिखने आ रहे स्वामी आत्मानंद स्कूल अंग्रेजी माध्यम ■ शेष पृष्ठ 8 पर

गिट्टी से उछलते हुए 20 मीटर दूर गिरे

दोनों छात्र ग्राम कुनकुरी राष्टीय राजमार्ग 43 पहुंचे ही थे कि, उनकी बाइक अनियंत्रित होकर मकान निर्माण के लिए रखे गए गिट्टी से उछलते हुए 20 मीटर दूर यात्री प्रतीक्षालय से टकरा गए। जहां वेलकोटा निवासी छात्र मिशाक एक्का की मौके पर मौत हो गई। जबकि दूसरे छात्र अनिकेश को 112 की सहयोग से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया गया जिसे गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल रिफर कर दिया गया है।

तेंदूपता के संग्रहण में फड़ मुंशियों की अहम भूमिका : नितिन पोटाई

चारामा वन परिक्षेत्र शाखकर्तन पर कार्यशाला

कांकेर/ नवप्रदेश। तेंदू पता के संग्रहण में फड़ मुंशीयों की अहम् भूमिका होती है इसलिए फड़ मुशी शाखकर्तन के कार्य को प्राथमिकता के साथ करे उक्त उदगार जिला वनोपज सहकारी संघ कांकेर के अध्यक्ष नितिन पोटाई के है वे चारामा के शाखकर्तन कार्यशाला में कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। फड़मुंशी जितना मेहनत करेंगे उतना उच्च क्वालिटी का तेन्दूपत्ता संग्राहकों को प्राप्त होगी ।

उन्होंने आगे कहा कि अच्छा उत्पादन एवं अच्छे किस्म के तेंदूपत्तों का प्राप्त करने के लिए बूटे की कटाई अच्छे से हो। जिससे अच्छे पत्ते मिल सके। इस काम में फड़ मुंशियों का काम अहम है। उन्होंने फड़ मुंशियों को तेंदूपत्ता संग्रहण में रीढ़ की हड्डी के समान होना बताया। उन्होंने बताया कि अगर शाख कर्तन सही रुप से होगा तभी तेंदूपत्ता की क्वालिटी उस आधार पर होगी। जिसके बाद ग्रामीणों को

तुड़ाई पर अतिरिक्त आय मिलती है। जिसमें बोनस, छात्रवृत्ति आदि शामिल है। इसी कड़ी में तेंदूपत्ता तोड़ाई एवं वनोपज संग्रहण से मिलने वाले शासन की योजनाओं को भी बताया गया और कहा कि इसकी जानकारी सबको होनी चाहिए।

श्री पोटाई ने कहा कि यहां लोगों को वनों से कई प्रकार से आय प्राप्त होती है। इसमें एक आय वनों से प्राप्त होने वाला तेंदुपत्ता भी है। अच्छे गुणवत्ता तेंदूपत्ता के लिए अच्छे से शाखकर्तन होना भी आवश्यकता है, इसलिए हम सभी को गांवों में जाकर अच्छे से शाखकर्तन के लिए लोगों को प्रेरित करना है, ताकि गुणवत्तायुक्त तेंदूपत्ता मिल सके। आज वनो को बचाने की आवष्यकता है, मनुष्य अपने स्वार्थ के लिये वनो का तेजी से विनाश कर रहा है जिससे पर्यावरण असंतुलन की स्थिति निर्मित हो रही है।

श्री पोटाई ने आगे कहा कि संघ एवं शासन द्वारा तेन्दूपत्ता तोड़ने वाले संग्रहक परिवार को प्रतिमानक बोरा लाभांष प्रदान किया जाता है वही संग्राहक परिवारों के बच्चों को मेधावी छात्रवृति योजना अंतर्गत 8वी. 10वीं एवं 12वीं में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को पुरूस्कार राशि दी जाती है एवं षिक्षा प्रोत्साहन योजना अंतर्गत व्यवसायिक एवं गैर व्यवसायिक षिक्षा कोर्स हेतु छात्रवृति की व्यवस्था की गई है साथ ही संग्राहक परिवार हेतु सामाजिक सुरक्षा बीमा योजना के तहत 2 लाख रूपये दिये जाने का प्रावधान है। इस योजना का लाभ तभी मिलेगा जब संग्राहक परिवार निरंतर 2 वर्षो में 500 तेन्दूपत्ता की गडडी का संग्रहण करें। अत: वनोपज संग्राहक परिवार कम से कम प्रतिवर्ष 500 तेन्दूपत्ता की गड्डी अवश्य संग्रहण करें ताकि संघ की योजनाओं का लाभ मिल सके। उन्होने प्रबंधक एवं फड़मुशियों से अपील किया कि वे बीमा का प्रकरण तय समय सीमा में पूर्ण करे ताकि पीड़ित परिवार को इसका लाभ मिल सके। एस.डी ओ.. फारेस्ट जसबीर मरावी ने शाखकर्तन के संबंध में तकनीकी जानकारी देते हुए विनाशपूर्ण विदोहन की बात कही। उन्होंने फड़ मुशियों एवं प्रबंधकों को अपने कर्तव्य के प्रति सजग रहने को भी कहा ।

कार्यक्रम को जनपद अध्यक्ष जागेश्वरी भास्कर ने भी संबोधित करते हुए वनोपज की महता को बताया तथा वनों को विनाश को रोकने के लिए अपील की। कार्यक्रम के अंत में वनों को आग से बचाने एवं उसके सुरक्षा के लिए उपस्थित सदस्यों से शपथ कराया गया। सभा का संचालक तरूण देवदास ने किया ।

न्यूज गैलरी

मिशन वात्सल्य योजना

केस वर्कर पद पर भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित

दंतेवाड़ा / नवप्रदेश। महिला एवं बाल विकास विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ संचालनालय महिला एवं बाल विकास विभाग, इंद्रावती भवन, रायपुर द्वारा मिशन वात्सल्य योजना के अंतर्गत चाइल्ड हेल्पलाइन संचालन हेतु भर्ती प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। जिला स्तर पर चाइल्ड हेल्पलाइन यूनिट तथा रेलवे स्टेशन स्थित चाइल्ड हेल्पलाइन डेस्क में रिक्त 01 पद केस वर्कर की पूर्ति की जानी है। पात्र अभ्यर्थियों से निर्धारित प्रक्रिया के तहत आवेदन आमंत्रित किए जाएंगे। विभाग ने स्पष्ट किया है कि भर्ती प्रक्रिया शासन के दिशा-निर्देशों के अनुरूप पारदर्शी तरीके से संपन्न की जाएगी। इस संबंध में अधिकारी जानकारी के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग से प्राप्त कर सकते है।

ग्राम पंचायत सचिव भर्ती चयनित एवं प्रतीक्षा सूची जारी

दंतेवाड़ा / नवप्रदेश। कार्यालय जिला पंचायत से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में ग्राम पंचायत सचिव के कुल 06 रिक्त पदों पर भर्ती के लिए जारी विज्ञापन के तहत कम्प्यूटर कौशल परीक्षा का आयोजन 04 एवं 05 फरवरी 2026 को कार्यालय लाइवलीहुड कॉलेज, दंतेवाड़ा में किया गया। परीक्षा सम्पन्न होने के उपरांत मेरिट सूची के आधार पर अभ्यर्थियों के दस्तावेजों का सत्यापन किया गया। सत्यापन प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद ग्राम पंचायत सचिव पद हेतु चयनित सूची तथा प्रतीक्षा सूची जारी कर दी गई है।उक्त सूची का अवलोकन मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत दंतेवाड़ा के सूचना पटल पर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत दंतेवाड़ा, गीदम, कुआकोंडा एवं कटेकल्याण के सूचना पटल पर किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा की आधिकारिक वेबसाइट www.dantewada.nic.in पर भी सूची उपलब्ध है।

मानसिक स्वास्थ्य जिला समन्वयक हेतु ईओआई आमंत्रित

दंतेवाड़ा / नवप्रदेश। कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार नीति आयोग एवं भारत सरकार के स्वीकृति आदेश के तहत आकांक्षी जिला कार्यक्रम अंतर्गत दंतेवाड़ा जिला में जिला समन्वयक (मानसिक स्वास्थ्य) का एक पद रिक्त है। उक्त पद की पूर्ति आउटसोर्सिंग प्रक्रिया के माध्यम से की जानी है, जिसके लिए आउटसोर्सिंग एजेंसी, फर्म, एनजीओ के चयन हेतु निर्धारित प्रारूप में रूचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित की गई है। इच्छुक आवेदक अपना आवेदन सीलबंद लिफाफे में 05 मार्च 2026 को अपराह्न 3 बजे तक कार्यालय जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, दंतेवाड़ा के आवक-जावक शाखा में जमा कर सकते हैं।

प्रोजेक्ट अमृत का चौथा चरण

22 फरवरी से 1500 से अधिक ब्रांच से जल संरक्षण मुहिम की माता सुदीक्षा करेंगी शुरुआत

■ देशभर में 1500 से अधिक स्थानों में एक साथ आयोजित किया जाएगा!

कांकेर/ नवप्रदेश। 20 फरवरी को जब सेवा ही साधना बन जाए और प्रकृति के प्रति संवेदना जीवन का मूल मंत्र हो तब पावन संकल्प जन्म लेते है! मानव सेवा और लोक कल्याण की इसी दिव्य चेतना को साकार रूप प्रदान करने हेतु संत निरंकारी मिशन द्वारा प्रोजेक्ट अमृत के अंतर्गत 'स्वच्छ जल स्वच्छ मन' अभियान के चौथे चरण का भव्य शुभारंभ रविवार 22 फरवरी 2026 प्रात: 8 बजे से 11 बजे तक परम श्रद्धेय सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज के निर्देशानुसार समस्त भारत मे भव्य रूप से आयोजित किया जा रहा है!उपरोक्त जानकारी संत निरंकारी मंडल ब्रांच कांकेर के संयोजक राजा देवनानी ने देते हुए बताया कि यह विशाल अभियान देशभर में 1500 से अधिक स्थानों में एक साथ आयोजित किया जाएगा! इस व्यापक विस्तार के कारण यह प्रयास ऐतिहासिक स्वरूप धारण करेगा, जो जल संरक्षण तथा स्वच्छता के संदेश को

समाज के प्रत्येक वर्ग तक प्रभावशाली रूप से पहुंचाएगा!इस पहल का मूल उद्देश्य समाज को यह अनुभूति करना है कि जल केवल संसाधन नहीं जीवन का आधार और ईश्वर की अमूल्य देन है, जिसकी रक्षा करना प्रत्येक मानव का नैतिक कर्तव्य है! संत निरंकारी मिशन ने बाबा हरदेव सिंह जी की प्रेरणास्पद शिक्षाओं को आत्मसात करते हुए वर्ष 2023 में संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से 'प्रोजेक्ट अमृत' का सूत्रपात किया था! यह पुनीत पहल जन संरक्षण को किसी एक दिवस या अभियान तक सीमित न रखकर उसे जीवनशैली, संस्कार और सेवा-भाव के रूप मे अभिव्यक्त करने की प्रेरणा देती है, जहां स्वच्छ जल से स्वच्छ मन और स्वच्छ समाज का निर्माण संभव हो सके!

नदियों,झीलों,तालाबों, कुओं एवं झरनों जैसे प्राकृतिक जल स्रोतों के संरक्षण और संवर्धन हेतु समर्पित इस जनआंदोलन ने अपने प्रथम तीन चरणों में सेवा समर्पण और सहभागिता की अद्भुत मिसाल प्रस्तुत की है! इन्हीं उपलब्धियों से प्रेरित होकर इस चरण को और अधिक विस्तृत, संगठित एवं दूरदर्शी दृष्टिकोण के साथ क्रियान्वित किया जा रहा है जिससे समाज के हर वर्ग में प्रकृति के प्रति जागरूकता और सहभागिता की सुदृढ़ चेतना का विस्तार कर सके!गीतों की मधुर प्रस्तुतियां सामूहिक गान,जागरूकता संगोष्ठियां एवं सोशल मीडिया अभियानों के माध्यम से जलजनित रोगों तथा स्वच्छता के महत्व पर जन चेतना को प्रोत्साहित किया जा रहा है! यह पहल यह स्मरण कराती है कि जब मन निर्मल होता है, तभी प्रकृति भी स्वच्छ होती है, और जब सेवा में समर्पण जुड़ जाता है, तब समाज का नवनिर्माण होता है!सतगुरु माता जी का संदेश सदैव यही रहा है कि हम इस धरती को आने वाली पीढियां के लिए पहले से अधिक सुंदर, स्वच्छ और संतुलित रूप में संजोग कर रखें!' स्वच्छ जल स्वच्छ मन' अभियान इस पावन संकल्प का संजीव प्रतीक है जो मानव को प्रकृति समाज और आत्मा से जोड़ते हुए करुणा,संतुलन और सौहार्द से परिपूर्ण भविष्य की ओर मार्गदर्शन करता है!

यह अभियान ब्रांच कांकेर में विगत वर्षों मे डांडिया तालाब, नेगी तालाब मे चलाया गया।

इसी प्रकार इस वर्ष श्री शीतला मंदिर प्रांगण तालाब में आयोजित किया जाएगा जिसका 22 फ़रवरी 2026 दिन रविवार समय सुबह 8:00 बजे से 11:00 बजे होगा समस्त मानव सेवा को समर्पित व्यक्तियों से समूहों से हम आग्रह करते हैं कि बढ़-चढ़कर इस अभियान में अपनी भागीदारी प्रदान कर इस सेवा के कार्य मे अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर सफलता प्रदान करें एवं आम जनमानस मे स्वछता की प्रेरणा का मॉडल प्रस्तुत करें।

आप के प्रदेश अध्यक्ष का प्रथम आगमन 23 फरवरी को

अंतागढ़/ नवप्रदेश। आम आदमी पार्टी के प्रदेश कार्यकारिणी के प्रदेश अध्यक्ष देवलाल नरेटी का प्रथम आगमन दिनांक 23 फरवरी 2026, दिन सोमवार को कोयलीबेड़ा की पावन धरा पर हो रहा है। इस अवसर पर वे किसान न्याय जनसभा को संबोधित करेंगे।

कार्यक्रम का आयोजन तहसील कार्यालय भवन के सामने स्थित रंगमंच, कोयलीबेड़ा में किया गया है। जनसभा में क्षेत्र के किसान, युवा, महिला एवं आम नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहेंगे।

प्रदेश अध्यक्ष श्री देवलाल नरेटी जी किसानों की विभिन्न समस्याओं—धान खरीदी, समर्थन मूल्य, टोकन व्यवस्था, भौतिक सत्यापन में हो रही परेशानियों एवं अन्य स्थानीय मुद्दों—पर विस्तार से चर्चा करेंगे तथा किसानों को न्याय दिलाने हेतु पार्टी की आगामी रणनीति से अवगत कराएंगे।

बहुदिव्यांग छात्रा गुंजन को मिली व्हीलचेयर अब नियमित जा सकेगी स्कूल

कांकेर/ नवप्रदेश। भानुप्रतापपुर की प्राथमिक शाला सलिहापारा तुएगुहान में कक्षा दूसरी की बहुदिव्यांग छात्रा कु. गुंजन चुरेन्द्र को व्हीलचेयर एवं एम.आर. किट प्रदान की गई।

समग्र शिक्षा एवं समाज कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में व्हीलचेयर मिलने से छात्रा के दैनिक जीवन में सुगमता आएगी तथा विद्यालय आने-जाने में अब उसे काफी सुविधा होगी तथा आत्मनिर्भरता भी बढ़ेगी। बहुदिव्यांग छात्रा के पिता श्री गौकरण चुरेन्द्र ने बताया कि पहले बच्ची को स्कूल लाने-ले जाने में बहुत कठिनाई होती थी और उन्हें रोज गोद में उठाकर विद्यालय छोड़ना पड़ता था। अब व्हीलचेयर मिलने से उसकी पढ़ाई और दैनिक गतिविधियाँ आसान हो जाएगी।

अंतागढ़ में अपर कलेक्टर की नियुक्ति को लेकर कांग्रेस ने खोला मोर्चा

अंतागढ़ / नवप्रदेश । अंतागढ़ में तत्काल अपर कलेक्टर की नियुक्ति को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मोर्चा खोल दिया है। शुक्रवार को कलेक्टर के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपते हुए अल्टीमेटम दिया कि 15 दिनों में अंतागढ़ में अपर कलेक्टर तैनात नहीं किए गए तो आंदोलन होगा। कांकेर में अपर कलेक्टर को एसडीएम बनाया गया है। अगर अपर कलेक्टर अरुण कुमार वर्मा को एसडीएम का पसंद है तो संयुक्त कलेक्टर और अपर कलेक्टर की पदोन्नति को वे त्याग दें। एएस. पैकरा और जितेंद्र कुमार कुर्रे भी अपर कलेक्टर हैं। कांकेर में तीन अपर कलेक्टर और अंतागढ़ में एक भी अपर कलेक्टर ये मनमानी नहीं चलेगी। उक्त बातें कांग्रेस प्रवक्ता विश्राम सिंह गावड़े ने कही।

उन्होंने कहा, अंतागढ़ में काफी दिनों से अपर कलेक्टर पद खाली है। अपर कलेक्टर के नहीं होने से प्रशासनिक कार्य प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने कहा, प्रशासनिक कार्य प्रभावित होने के कारण 26-

27 पीडीएस दुकानों में उपभोक्ताओं को समय पर राशन नहीं मिल रहा है। समय पर राशन नहीं मिलने के कारण लोगों को परेशानी हो रही है। अपर कलेक्टर के नहीं होने से लोगों को राजस्व संबंधी परेशानी हो रही है। छोटे-छोटे कार्यों के लिए अंतागढ़ क्षेत्र के ग्रामीणों को कांकेर तक जाना पड़ रहा है। ऐसे में समय और आर्थिक दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कांग्रेस सरकार के समय छग. शासन की ओर से अंतागढ़ में अपर कलेक्टर का पद स्वीकृत किया गया था। अभी तक दो-तीन अपर कलेक्टर ही अंतागढ़ में अपनी सेवा दिए हैं। वह भी दो चार माह। किसी न किसी कारण स्थानांतरण हुआ तो वापस नहीं आए। अंतागढ़ में अपर कलेक्टर के रूप में एएस पैकरा को तैनात किया गया था। अभी कांकेर में पैकरा सेवा दे रहे हैं, लेकिन अंतागढ़ नहीं आ रहे हैं। कांकेर एसडीएम अरुण कुमार वर्मा अपर कलेक्टर हैं। काफी दिनों से एसडीएम का पद संभाल रहे हैं। जबकि एसडीएम का पद डिप्टी कलेक्टर का होता है। ऐसे अपर कलेक्टर को अंतागढ़ में सेवा के लिए भेजना चाहिए। एडीएम के रूप में जितेंद्र कुमार कुर्रे कांकेर में तैनात हैं। ऐसे में सवाल खड़ा हो रहा कि आखिर अपर कलेक्टर होते हुए दो पद नीचे का कार्य अधिकारी करने के तैयार हैं तो कहीं न कहीं निजी स्वार्थ है।

उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश की माताजी की पुण्य स्मृति में शांति हवन और शोक सभा

दंतेवाड़ा / नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, बिलासपुर के माननीय मुख्य न्यायाधीश श्री रमेश सिन्हा की पूज्य माताजी स्वर्गीय श्रीमती कुसुम सिन्हा (10 जुलाई 1942, 15 फरवरी 2026) की पुण्य स्मृति में 18 फरवरी 2026 को शाम 5 बजे से 6:30 बजे तक शांति हवन का आयोजन उनके शासकीय आवास, उच्च न्यायालय आवासीय परिसर, बोदरी, बिलासपुर में किया गया। कार्यक्रम वैदिक मंत्रोच्चार के साथ प्रारंभ हुआ और भजन संध्या के साथ शोक सभा का आयोजन किया गया। सभी उपस्थित जनों ने मौन धारण कर दिवंगत आत्मा की शांति हेतु प्रार्थना की। मुख्य न्यायाधीश श्री रमेश सिन्हा ने माताजी के जीवन, उनके सादगीपूर्ण व्यक्तित्व, संस्कारों और पारिवारिक मूल्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनके स्नेह, मार्गदर्शन और आशीर्वाद ने सदैव कर्तव्यनिष्ठा, सत्यनिष्ठा और सेवा भाव की प्रेरणा दी। उन्होंने यह भी कहा कि माताजी की स्मृतियाँ हमेशा शक्ति और प्रेरणा प्रदान करती रहेंगी।

शहर कांग्रेस के बैठकों का दौर निंरतर जारी

■ कांग्रेस नेता बैठकों के साथ-साथ समस्याओं से हो रहे अवगत

कांकेर/ / नवप्रदेश । कांग्रेस संगठन सृजन के तहत कांकेर शहर कांग्रेस कमेटी का अध्यक्ष बनने के पश्चात यासीन कराणी निरंतर सक्रिय नजर आ रहे है इसी तारताम्य में शहर के प्रत्येक वार्डों में निरंतर बैठकों का दौर जारी है ।आज शहर के शिवनगर वार्ड में दोपहर 03 बजे कांग्रेस नेता हेमलता जैन के निवास में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित किया गया ।बैठक में विशेष रूप से वरिष्ठ कांग्रेस नेता नितिन पोटाई उपस्थित थे। बैठक में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कांकेर शहर के पदाधिकारी/कार्यकर्ताओं को नवीन ब्लॉक बॉडी में शामिल कर दायित्व प्रदान करने तथा बूथ एवं वार्ड कमेटी के गठन तथा अन्य संगठनात्मक गतिविधियों के संबंध में चर्चा की गई। शहर अध्यक्ष यासीन कराणी ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए संगठन की मजबूती पर जोर दिया तथा हर माह वार्ड स्तर पर बैठक आयोजित करने का अनुरोध किया । कार्यक्रम में संगठन गतिविधियो के साथ-साथ वार्ड के समस्याओं से भी कांग्रेस नेता अवगत हुए तथा उसे दूर करने हेतु रणनीति बनाने की बात कही गई ।इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता अजजा आयोग के पूर्व सदस्य नितिन पोटाई, ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारी वार्ड स्तर पर नियमित रूप से बैठक का आयोजन रखे तथा वार्ड में रहने वाले प्रत्येक मतदाताओं की जानकारी रखे। उन्होंने आगे कहा कि हमारा प्रयास यह हो कि हम अधिक से अधिक लोगों को कांग्रेस पार्टी और उसकी विचारधारा से जोड़े साथ ही भाजपा के नाकामियों को आम जनता तक पहुंचाये उन्होंने कहा कि आज भाजपा के शासन काल में देश का कोई भी वर्ग खुश नही है।

छात्रों ने विज्ञान एवं गणित विषय में जीते गोल्ड बच्चो को मिला मेडल एवं प्राप्त

पैराडाइज सीबीएसई स्कूल में साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन परीक्षा का आयोजन

कांकेर/ नवप्रदेश। पैराडाइज हायर सेकेण्डरी सी.बी.एस.ई. स्कूल के सभी छात्र-छात्राओं के ज्ञान को राष्ट्रीय स्तर तक ले जाने के लिये स्कूल स्तर पर होने वाली सभी राष्ट्रीय प्रतियोगी परीक्षाओं को पैराडाइज स्कूल में आयोजित की जाती है ताकि छात्र विज्ञान, गणित एवं अन्य विषयों के प्रति तर्कशक्ति, एवं समझ बढ़ाकर राष्ट्रीय एवं अन्तराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकें।पैराडाइज स्कूल में साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन द्वारा नेशनल विज्ञान ओलंपियाड परीक्षा का आयोजन किया गया

जिसमें 65 छात्र-छात्राएं शिवांशी गोस्वामी शिखा जैन पूनम मण्डावी, अवनी देवांगन, मिताली सिन्हा, तेजस सिंह अत्री, मुकुद नाविक, अदिति चांदवानी. एकलव्य सिन्हा, शेख असद, दुर्विश मण्डावी, काव्यांश यादव, माजिदा बानो, पूरव शोरी, वैभावी मिनपाल, आफ्ता शेखानी, लिसिता शाडिल्य, मो. अर्श शेखानी, रितेश पटेल, अंजलि चौरासिया, दिशा सव, मही मौर्य, मानसी पटेल, अरसिया परवीन, हिमांशी देवांगन, मो, राइफ प्रीतम नेताम, रोली मटियारा, विनय मरकाम, यशस्वी पोर्ते, आर्यन साहू, वसनि साहू, वंश जायसवाल, अदित्य मरकाम, डेमन यादव, भब्या बिसवाल, समीर ध्रुव, अजमत हुसैन, अर्चना हिरवानी, योगिता खेलन, आरव यादव, आर्यन मण्डावी, अदिति भास्कर, रिमझिम मूर्ति, शर्मिष्ठा दास, सनाया मेश्राम, नूरअफ्शा खान, झरना यादव, राशि ठाकुर, सुखवीर सिंह चावला, लेताक्षी साहू, पूर्ववंशी नेताम, अनुकल्प झा, गौसिया कुरैशी आदि परीक्षा में शामिल हुये ।इस प्रतियोगी परीक्षा में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले आरोही गोस्वामी, स्पृहा सिंह, सावरव कुमार पाणिग्रही, तमन्न सोनवानी, अंशिका जायसवाल, कुनाल कुंजाम, अलीना बानों, जनार्दन कुंभकार, दृष्टि मरकाम, अदिति मरकाम, गुंजन नेताम, एकता कृषन आदि छात्रों को साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन द्वारा गोल्ड मेडल प्रदान किया गया एवं सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया ।पैराडाइज हायर सेकेण्डरी स्कूल छात्रों के सर्वांगीण विकास के इस विशेष ज्ञान उन्मुखी एवं प्रेरणादायक प्रतियोगी परीक्षा को संपन्न कराने में प्राचार्य रश्मि रजक उप प्राचार्य डॉ.श्रेष्ठिता चंदा, कोऑर्डिनेटर एम भुबनेश्वरी कोऑर्डिनेटर अनिल कुमार ढाके,आदि शिक्षकों का महत्पूर्ण सहयोग रहा।

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की राज्य प्रारंभिक सेवा परीक्षा 22 फरवरी को

प्रशासन ने पूरी की तैयारियां

दंतेवाड़ा / नवप्रदेश। । जिले में छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित राज्य प्रारंभिक सेवा परीक्षा 22 फरवरी 2026 को आयोजित की जाएगी। परीक्षा के सफल एवं शांतिपूर्ण संचालन के लिए जिला प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशानुसार परीक्षा के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं तथा समस्त व्यवस्थाओं की मॉनिटरिंग की जा रही है। परीक्षा व्यवस्था की समीक्षा के लिए नोडल अधिकारी संयुक्त कलेक्टर भरतराम ध्रुव द्वारा केन्द्राध्यक्षों, सहायक नोडल अधिकारियों एवं उड़नदस्ता दल के सदस्यों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में परीक्षा की गोपनीयता, प्रश्न पत्रों के सुरक्षित वितरण, समय पालन, सुरक्षा व्यवस्था एवं परीक्षा केंद्रों में मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता पर विस्तार से चर्चा की गई। नोडल अधिकारी ने सभी केन्द्राध्यक्षों को आयोग के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही उड़नदस्ता दल को परीक्षा अवधि के दौरान निरंतर निगरानी रखने तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर तत्काल कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया गया।

प्रश्न पत्र तैयार करने से लेकर परीक्षा करवाने तक की सारी जिम्मेदारी सरकारी एजेंसी से हो, पेंडिंग प्रतियोगी परीक्षा का आयोजन भी जल्द कराने की मांग

सरकारी विभागों में खाली 2.5 लाख से अधिक पदों को अविलंब भरने की मांग को लेकर प्रदर्शन

रायपुर/नवप्रदेश। आज दिनांक 20.02.2026 को छत्तीसगढ़ राज्य के सरकारी विभागों में रिक्त लगभग 2.5 लाख से अधिक पदों को अविलंब भरने हेतु एवं युवाओं की विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर कलेक्टर ऑफिस के पास, अंबेडकर चौक रायपुर में दोपहर 12 बजे से जोरदार प्रदर्शन कर जिला कलेक्टर रायपुर को मुख्यमंत्री, रोजगार मंत्री माननीय गुरु खुशवंत साहेब एवं माननीय शिक्षा मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। साथ ही मांग किया गया कि 1. राज्य के 2.5 लाख से अधिक खाली पड़े सभी पदों को भरा जाए व नए रोजगार का सृजन किया जाए। 2. जितने भी प्रतियोगी परीक्षा पेंडिंग पड़े हुए हैं उन्हें अविलंब पूरा कर नियुक्तियां दी जाए। 3. प्रश्न पत्र तैयार करने से लेकर परीक्षा सम्पन्न करवाने तक की सारी जिम्मेदारी सरकारी एजेंसी के द्वारा हो। सभी प्रतियोगी परीक्षा पश्चात 3 महीने के अंदर ही नियुक्तियों को पूरा किया जाए। 4. परीक्षा पूरी तरह से पारदर्शिता हो। नॉर्मलाइजेशन प्रक्रिया को समाप्त किया जाए। 5. प्रतियोगी परीक्षाओं में सभी अभ्यर्थियों की उम्र सीमा को 5 वर्ष बढ़ाई जाए। 6. प्रतियोगी परीक्षाओं में आवेदन फीस नहीं ली जाए एवं परीक्षार्थियों को निःशुल्क यात्रा पास दिया जाए। 7. सभी विभागों में ठेकेदारी/संविदा प्रथा समाप्त कर सभी पदों को स्थायी किया जाए। 8. रोजगार न मिलने तक सम्मानजनक जीवन जीने लायक पर्याप्त बेरोजगारी भत्ता दिया जाए। 9. भ्रष्टाचारियों को कड़ी से कड़ी सजा दी जाए। 10. सरकारी उपक्रमों के निजीकरण की नीति को रद्द किया जाए।

ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ में वर्तमान समय में बेरोजगारी एक गंभीर चुनौती बन चुकी है। आंकड़ों के अनुसार राज्य में पंजीकृत बेरोजगार युवाओं की संख्या 19 लाख से अधिक है, जिनमें से अधिकांश उच्च शिक्षित ग्रेजुएट, पोस्ट-ग्रेजुएट डिग्रीधारी युवा हैं। पिछले दो सालों से सरकारी विभागों में नियुक्ति नहीं हुई है। यह स्थिति युवाओं के सपनों को चूर-चूर कर रही है और परिवारों में आर्थिक संकट पैदा कर रही है।

राज्य सरकार के विभिन्न विभागों शिक्षा, स्वास्थ्य, पुलिस, राजस्व, वन, लोक निर्माण, जल संसाधन आदि में कुल लगभग 2.5 लाख पद लंबे समय से रिक्त पड़े हैं। राज्य की भाजपा सरकार ने विधानसभा चुनाव 2023 में 2 सालों में एक लाख भर्ती एवं 67000 शिक्षकों की भर्ती का वादा किया था जिसे अभी तक पूरा नहीं किया गया है।

न्यूज गैलरी

गांजा के साथ अंतर्राज्यीय आरोपी गिरफ्तार

❒ 1.587 किलोग्राम गांजा जब्त, एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर पुलिस कमिश्नरेट के पुलिस उपायुक्त (नॉर्थ जोन) मयंक गुर्जर (भा.पु.से.) के निर्देशन में नशे के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। मादक पदार्थों की तस्करी पर अंकुश लगाने और अवैध खरीदी-बिक्री में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध कार्रवाई के तहत थाना गुढ़ियारी पुलिस ने एक अंतर्राज्यीय आरोपी को गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि गुढ़ियारी थाना क्षेत्र अंतर्गत गोंदवारा ओवरब्रिज के नीचे एक युवक गांजा रखकर बिक्री के लिए ग्राहक तलाश रहा है। सूचना पर अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त आकाश मरकाम एवं सहायक पुलिस आयुक्त सुश्री पूर्णिमा लामा के निर्देशन में थाना प्रभारी गुढ़ियारी के नेतृत्व में टीम ने मौके पर दबिश दी। मुखबिर के बताए हुलिये के आधार पर एक युवक को पकड़ा गया। पूछताछ में उसने अपना नाम कुणाल नाइक (पिता करुण नाइक), उम्र 21 वर्ष, निवासी बालांगीर, ओड़िशा हाल पता गोंदवारा, थाना खमतराई, रायपुर बताया। तलाशी लेने पर उसके पास रखे थैले से 1.587 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ, जिसकी अनुमानित कीमत 79,350 रुपये आंकी गई है। आरोपी के विरुद्ध थाना गुढ़ियारी में अपराध क्रमांक 64/2026 के तहत धारा 20(बी) एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया गया है। प्रकरण में पुलिस द्वारा बैकएंड एवं फॉरवर्ड लिंकेज की जांच भी की जा रही है।

श्रम विभाग की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने श्रमिक बनें जागरूक: मिश्रा

❒ श्रमिकों के आर्थिक और सामाजिक विकास के लिए नवीन लेबर कोड एक ऐतिहासिक निर्णय : योगेश

रायपुर/नवप्रदेश। राज्य शासन द्वारा श्रमिकों के कल्याण के लिए संचालित योजनाओं के विषय में जागरूक करने के उद्देश्य से जिला मुख्यालय बलौदाबाजार स्थित जिला ऑडिटोरियम में गुरुवार को श्रमिक जन संवाद सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यकम में श्रम विभाग की विभिन्न योजनाओं के तहत हितग्राहियों को 1 करोड़ 4 लाख से अधिक की राशि डीबीटी के माध्यम से श्रमिक एवं उनके परिवार के खाते में आतंरित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे श्रम कल्याण मंडल के अध्यक्ष योगेश दत्त मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा कि केंद्र सरकार द्वारा श्रमिकों के हितों के लिए क्रांतिकारी कदम उठाते हुए चार नए लेबर कोड लागू करने का निर्णय लिया गया है जो निश्चित रूप से श्रमिकों और उनके परिवारों को आर्थिक और सामाजिक रूप से सबल करने की दिशा में बड़ा कदम है।उन्होंने कहा देश की आबादी का 45 प्रतिशत असंगठित क्षेत्र के मजदूर हैं जिनके आर्थिक और सामाजिक विकास के बिना देश का विकास संभव नहीं है इसी लिहाज से यह ऐतिहासिक निर्णय लिया गया है।उन्होंने देश में लागू चार नए लेबर कोड (श्रम संहिताओं)मजदूरी संहिता, 2019, सामाजिक सुरक्षा संहिता 2020, व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य और कार्य स्थितियों या ओएसएच संहिता 2020 और औद्योगिक संबंध संहिता 2020 के लाभ के बारे में विस्तार से बताया। नए श्रम कानूनों के मुताबिक देश भर में राष्ट्रीय न्यूनतम वेतन तय किया जाएगा।एक बार घोषित होने के बाद राज्य इससे कम वेतन तय नहीं कर सकते।मजदूरों और उनके परिवारों की सुरक्षा और इलाज की व्यवस्था ,भविष्य निधि ,आदि के बारे में बताया।

31 से अधिक कार्यक्रम और योजनाएं संचालित

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा ने कहा कि राज्य शासन द्वारा श्रमिकों और उनके परिवार को खुशहाल बनाने के लिए 31 से अधिक कार्यक्रम और योजनाएँ संचालित हैं,जिनकी जानकारी सभी श्रमिक भाइयों और बहनों को होना ज़रूरी है तभी वे इन योजनाओं का लाभ ले सकेंगे। श्रमिक जन संवाद सम्मेलन का यही उद्देश्य है। उन्होंने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि ज़्यादा से ज़्यादा श्रमिक भाई बहनों तक योजनाओं का लाभ पहुँचाने ऐसे कार्यक्रम सार्थक भूमिका निभाते हैं।

श्रमिकों के कल्याण के लिए राज्य शासन लगातार प्रयासरत

नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन ने कहा विकास और निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करने वाले श्रमिकों के कल्याण के लिए राज्य शासन लगातार प्रयासरत है । कार्यक्रम में विभिन योजनाओं में हितग्राहियों से बातचीत कर उनका अनुभव भी जाना कंचन वर्मा ने बताया कि उन्हें नोनी सुरक्षा का लाभ मिला है,जिसके कारण वो अपने कॉलेज की पढ़ाई कर पा रही हैं। सियान सहायता योजना के हितग्राही भगवान दत्त ने बताया कि 60 वर्ष की आयु पूरी करने पर उन्हें 20 हज़ार रुपये मिले जिससे उनको काफ़ी मदद मिली।इसी तरह दीप्ति विश्वकर्मा ने बताया उन्हें नौनिहाल छात्रवृत्ति योजना का लाभ मिला है। सभी हितग्राहियों ने छत्तीसगढ़ शासन के प्रति आभार व्यक्त किया।

पेट्रोल पंप में मोटरसाइकिल में आग लगाने वाले गिरफ्तार

❒ पंप कर्मियों की सतर्कता से टला बड़ा हादसा

गिरफ्तार आरोपी

1 धर्मेन्द्र सिंह क्षत्रिय, निवासी रावा मंदिर, तुलसी च्वाइस सेंटर के पास, बीरगांव, थाना उरला, रायपुर।
2 ईमरान कुरैशी, निवासी मकान नंबर 205, एएचपी कॉलोनी, उरला, थाना उरला, रायपुर।

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर पुलिस कमिश्नरेट के थाना उरला क्षेत्रांतर्गत कर्मा चौक स्थित संगीता पेट्रोल पंप में लापरवाहीपूर्वक आग लगाने की घटना में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार 18 फरवरी 2026 की शाम लगभग 7:40 बजे दो युवक मोटरसाइकिल से पेट्रोल भरवाने पेट्रोल पंप पहुंचे थे। पेट्रोल पंप कर्मी वाहन में पेट्रोल भर रहा था, इसी दौरान पीछे बैठा युवक नीचे उतरकर सिगरेट जलाने लगा। कर्मी द्वारा मना करने के बावजूद युवक ने लाइटर जलाकर पेट्रोल डाले जाने के दौरान ही मोटरसाइकिल की टंकी के पास आग लगा दी।

इससे मोटरसाइकिल की टंकी एवं पेट्रोल मशीन के नोजल में आग भड़क उठी। हालांकि, पेट्रोल पंप कर्मियों की सतर्कता से आग पर तुरंत काबू पा लिया गया, जिससे बड़ा हादसा टल गया। घटना की रिपोर्ट पर थाना उरला में अपराध क्रमांक 53/26 के तहत धारा 326(छ), 287 एवं 125 बीएनएस के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया।

वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन एवं थाना प्रभारी उरला के नेतृत्व में पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपियों की पहचान धर्मेन्द्र सिंह क्षत्रिय (21 वर्ष) एवं ईमरान कुरैशी (21 वर्ष) के रूप में की। दोनों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से मोटरसाइकिल एवं लाइटर जब्त किया गया है।

रानी रोड कोरबा से सर्वमंगला मंदिर के बीच हसदेव नदी पर बनेगा रपटा

रायपुर/नवप्रदेश। कोरबा नगर विधायक और छत्तीसगढ़ शासन के कैबिनेट मंत्री लखन लाल देवांगन के विशेष प्रयासों से कोरबा शहर के विकास को नई दिशा मिल रही है। इसी कड़ी में रानी रोड कोरबा से सर्वमंगला मंदिर के बीच हसदेव नदी पर रपटा निर्माण हेतु 13.44 करोड़ की प्रशासकीय स्वीकृति शासन से मिली है। उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन ने बताया कि पुरानी कोरबा शहर की वर्षों पुरानी मांग थी कि रानी रोड से सर्वमंगला मंदिर के बीच एक रपटा का निर्माण हो जाए, ताकि सर्वमंगला मंदिर एवं कुसमुंडा या फिर कनकी बिलासपुर की ओर जाने के लिए उषा कॉम्प्लेक्स रेलवे क्रॉसिंग से सर्वमंगला पुल से घूम कर जाना ना पड़े। पुराने शहर के वरिष्ठ गणमान्य नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, समाजसेवकों एवं जनों द्वारा इसके लिए लंबे अरसे से मांग की जा रही थी। इस जन आकांक्षाओं को प्राथमिकता से लेते हुए माननीय मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के कोरबा आगमन पर उनसे विशेष आग्रह किया गया था, मुख्यमंत्री जी ने इसकी स्वीकृति प्रदान की थी। तत्पश्चात सेतु निगम के माध्यम से रपटा निर्माण हेतु ड्राइंग डिजाइन एवं प्राक्कलन तैयार किया गया। इस महत्वपूर्ण निर्माण हेतु राज्य शासन द्वारा 13.44 करोड़ की स्वीकृति प्रदान की गई है। जल्दी टेंडर की प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात निर्माण कार्य आरंभ हो जाएगा। इसके पूर्ण होने से सर्वमंगला पुल पर एक तरफ जहां यातायात दबाव कम होगा, वहीं क्षेत्र को विकास और समृद्धि की नई राह मिलेगी। इस महत्वपूर्ण स्वीकृति हेतु कैबिनेट मंत्री देवांगन ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, वित्त मंत्री ओपी चौधरी का आभार जताया।

डिजिटल सुविधा केंद्र में 86 वर्षीय भक्तिन राय को मिल रही सुविधाएं

रायपुर/नवप्रदेश। उम्र 86 साल, चेहरे पर झुर्रियां, लेकिन आँखों में आत्मनिर्भरता की चमक। कबीरधाम जिले के ग्राम राजानवागांव की भक्तिन राय के लिए डिजिटल तकनीक अब केवल शब्द नहीं, बल्कि उनके बुढ़ापे की लाठी बन गई है। 30 साल पहले पति को खोने के बाद जिस पेंशन के लिए उन्हें बैंक के चक्कर काटने पड़ते थे, आज वही पैसा उनके गांव के डिजिटल सुविधा केंद्र में एक अंगूठे के निशान पर मिल जाता है। आज एक छोटा सा केंद्र भक्तिन राय जैसे हजारों ग्रामीणों के लिए डिजिटल वरदान साबित हो रहा है। भक्तिन राय के पति का देहांत लगभग 30 साल पहले हो गया था। लंबे समय तक कठिन परिस्थितियों में जीवन बिताने के बाद अब उन्हें निराश्रित विधवा पेंशन और महतारी वंदन योजना की राशि हर महीने नियमित रूप से मिल रही है। पहले उन्हें पैसे निकालने के लिए बैंक जाना पड़ता था, जिससे समय और मेहनत दोनों लगते थे। अब गांव के डिजिटल सुविधा केंद्र से ही उन्हें तुरंत पैसा मिल जाता है और यह भी पता चल जाता है कि उनके खाते में कितनी राशि आई है। उनके बेटा और बहू मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करते हैं।

भ्रामक विज्ञापन पर सीजी रेरा की कड़ी कार्रवाई

बिलासपुर के 'फॉर्च्यून एलिमेंट्स' परियोजना के प्रमोटर पर 10 लाख का दंड

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ भू-संपदा विनियामक प्राधिकरण ने भ्रामक विज्ञापन प्रकाशित करने के मामले में सख्त कदम उठाते हुए बिलासपुर के बोदरी स्थित 'फॉर्च्यून एलिमेंट्स' परियोजना के प्रवर्तक पवन अग्रवाल पर 10 लाख रुपये का आर्थिक दंड अधिरोपित किया है। उक्त परियोजना का पंजीयन एक प्लॉटेड परियोजना के रूप में किया गया है। किंतु प्राधिकरण द्वारा विभिन्न माध्यमों में प्रकाशित विज्ञापनों की जांच के दौरान यह पाया गया कि प्रमोटर द्वारा परियोजना का प्रचार हाउसिंग परियोजना के रूप में किया जा रहा था, जो कि पंजीकृत विवरण के विपरीत एवं भ्रामक है। रेरा अधिनियम की धारा 7 के अनुसार यदि कोई प्रवर्तक अधिनियम के प्रावधानों का उल्लंघन करता है अथवा परियोजना से संबंधित गलत या भ्रामक जानकारी प्रस्तुत करता है, तो प्राधिकरण परियोजना के पंजीयन के विरुद्ध कार्रवाई कर सकता है, जिसमें पंजीयन निरस्तीकरण सहित अन्य दंडात्मक कदम शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, अधिनियम की धारा 14 के तहत प्रवर्तक के लिए यह अनिवार्य है कि वह परियोजना का विकास एवं प्रचार स्वीकृत योजना, ले-आउट, विनिर्देश तथा पंजीयन के समय दी गई जानकारी के अनुरूप ही करे।

निरंतर डायलिसिस सेवाओं से किडनी मरीजों को मिली राहत, नि:शुल्क योजना बनी संबल

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण की दिशा में किए जा रहे प्रयासों के सकारात्मक परिणाम अब ग्रामीण अंचलों में भी दिखाई देने लगे हैं। विशेष रूप से किडनी रोग से जूझ रहे मरीजों के लिए संचालित निःशुल्क डायलिसिस सुविधा उपचार का महत्वपूर्ण आधार बनकर उभर रही है। इससे आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के मरीजों को नियमित उपचार उपलब्ध हो पा रहा है और उन्हें बड़े शहरों पर निर्भर नहीं रहना पड़ रहा है। गरियाबंद जिले के देवभोग क्षेत्र में किडनी रोग लंबे समय से एक गंभीर चुनौती रहा है। ऐसे में स्थानीय स्तर पर स्वास्थ्य सेवाओं की सक्रियता और शासन की पहल से उपचार व्यवस्था अधिक संगठित और सुलभ हुई है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र देवभोग में डायलिसिस सेवाएं नियमित रूप से संचालित हो रही हैं, जिसका सीधा लाभ क्षेत्र के मरीजों को मिल रहा है। स्वास्थ्य विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार, बीते 10 दिनों में यहां कुल 95 डायलिसिस सत्र आयोजित किए गए हैं।

आवास योजना परिसरों में अधिकारियों का दौरा

❒ गर्मी में पेयजल व सफाई व्यवस्था पर विशेष फोकस : महापौर मीनल चौबे

रायपुर/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम रायपुर की महापौर मीनल चौबे ने जनहित में पहल करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे शहर के विभिन्न प्रधानमंत्री आवास योजना परिसरों का प्रत्यक्ष निरीक्षण कर वहां के रहवासियों की मौलिक समस्याओं की जानकारी लें और उनका शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करें।

निगम मुख्यालय महात्मा गांधी सदन स्थित प्रधानमंत्री आवास योजना शाखा के अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे आवासीय परिसरों में भ्रमण कर सफाई, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था सहित अन्य बुनियादी सुविधाओं की स्थिति का आकलन करें। किसी भी प्रकार की कमी पाए जाने पर संबंधित जोन कमिश्नर एवं जोन अधिकारियों को तत्काल अवगत कराते हुए त्वरित समाधान कराया जाए। महापौर ने स्पष्ट किया कि गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए पेयजल आपूर्ति की सुगमता और समुचित सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करना सर्वोच्च प्राथमिकता है।

उन्होंने चेतावनी दी कि इन मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या हीलाहवाला सहन नहीं किया जाएगा। मौलिक सुविधाओं में कमी पाए जाने और समय पर सुधारात्मक कदम नहीं उठाने पर संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय कर नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

राज्यपाल डेका ने किए महाप्रभु जगन्नाथ भगवान के दर्शन

रायपुर/नवप्रदेश। राज्यपाल रमेन डेका ने आज रायपुर के गायत्री नगर स्थित जगन्नाथ मंदिर पहुंचकर भगवान जगन्नाथ के दर्शन एवं पूजन कर देश एवं प्रदेश वासियों की सुख समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर विधायक पुरंदर मिश्रा उपस्थित थे।

अपराध : गुढ़ियारी क्षेत्र की मोटरसाइकिल चोरी का खुलासा, पुलिस को मिली सफलता

चोर और खरीदार समेत दो आरोपी गिरफ्तार, 40 हजार की बाइक बरामद

गिरफ्तार आरोपी

सोनू जोशी (32 वर्ष), निवासी सतनामी पारा, जोड़ा जैतखंभ के पास, नेवरा, थाना तिल्दा नेवरा, रायपुर।
उपकार देवार (43 वर्ष), निवासी दलाल तालाब के पास, तिल्दा नेवरा, थाना तिल्दा नेवरा, रायपुर।

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर पुलिस कमिश्नरेट के निर्देश पर एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट तथा थाना गुढ़ियारी पुलिस की संयुक्त टीम ने मोटरसाइकिल चोरी के मामले का खुलासा करते हुए आरोपी और चोरी की बाइक खरीदने वाले व्यक्ति सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार प्रार्थी पंकज यादव ने थाना गुढ़ियारी में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 28 फरवरी 2024 को वह अपनी होंडा मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 04 एमएल 4723 से रेलवे स्टेशन गया था। प्लेटफॉर्म नंबर 7 के पास वाहन खड़ा कर अंदर गया, लेकिन लौटने पर बाइक गायब मिली। अज्ञात चोर द्वारा मोटरसाइकिल चोरी कर ली गई थी। मामले में अपराध क्रमांक 145/24 धारा 379 भादवि. के तहत प्रकरण दर्ज किया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में संयुक्त टीम द्वारा लगातार पतासाजी की जा रही थी। इसी दौरान एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट को महत्वपूर्ण सूचना मिली, जिसके आधार पर तिल्दा नेवरा निवासी सोनू जोशी को पकड़ा गया। पूछताछ में उसने मोटरसाइकिल चोरी करना स्वीकार करते हुए वाहन को उपकार देवार को बेचने की जानकारी दी। इसके बाद पुलिस ने उपकार देवार को भी गिरफ्तार कर लिया। दोनों आरोपियों के कब्जे से चोरी की होंडा मोटरसाइकिल (कीमत लगभग 40,000 रुपये) बरामद की गई। प्रकरण में धारा 411 एवं 34 भादवि. जोड़ी गई है।

रौचन जलाशय निर्माण कार्य के लिए 7.12 करोड़ स्वीकृत

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग द्वारा दो सिंचाई योजना के कार्यों के लिए 7 करोड़ 12 लाख 63 हजार रूपए स्वीकृत किए गए है। स्वीकृत कार्यों में कबीरधाम जिले के विकासखण्ड-बोड़ला की रौचन जलाशय योजना के शीर्ष कार्य, नहरों के जीर्णोद्धार और लाईनिंग कार्य के लिए 3 करोड़ 72 लाख 82 हजार रूपए स्वीकृत किए गए है। प्रस्तावित कार्यों के पूर्ण होने पर रूपांकित सिंचाई क्षमता 346.55 हेक्टेयर के विरूद्ध 160 हेक्टेयर की हो रही कमी की पूर्ति तथा बचत जल से 32 हेक्टेयर क्षेत्र में अतिरिक्त सिंचाई सहित कुल 378.55 हेक्टेयर क्षेत्र में किसानों को सिंचाई सुविधा मिलेगी।

सुविचार

शांति से जीने के दो ही तरीके हैं। पहला माफकर दो उन्हें जिन्हें तुम भूला नहीं सकते,दूसरा भूला दो उन्हें जिन्हें तुम माफनहीं कर सकते

फ्री बीज पर सुप्रीम कोर्ट की कड़ी टिप्पणी

फ्री बीज कल्चर को लेकर एक बार फिर सुप्रीम कोर्ट ने एक याचिका पर सुनवाई के दौरान सख्त टिप्पणी की है। तमिलनाडु में चुनाव के पूर्व मुफ्तखोरी को बढ़ावा देने वाली याचिका दाखिल की गई थी जिसपर सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई करते हुए कहा है कि आखिर यह सब कब तक चलेगा। सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि यह मामला सिर्फ तमिलनाडु का ही नहीं है। देश के अन्य सभी राज्य में जहां भी चुनाव होते हैं तो वहां सभी राजनीतिक पार्टियां मुफ्त रेवड़ी कल्चर को अपनाती हैं जो कतई उचित नहीं है। मुफ्तखोरी को बढ़ावा देने वाली ऐसी घोषणाओं के कारण विकास बाधित होता है। कई राज्य सरकारें तो कर्ज में डुबी हुई हैं इसके बावजूद वे ऐसी लोकलुभावन घोषणाएं करती हैं जो न सिर्फ प्रदेश बल्कि पूरे देश के आर्थिक विकास में बाधा खड़ी करता है। गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट ने इसके पहले भी कई बार फ्री रेवड़ी कल्चर को लेकर अपनी नाराजगी जाहिर की थी किन्तु राजनीतिक पार्टियां इससे कोई सबक लेने के लिए तैयार नहीं है। उन्हें लगता है कि मुफ्तखोरी को बढ़ावा देने वाली ऐसी घोषणाओं से वे मतदाताओं का दिल जितने में सफल हो जाएंगे और सत्ता में आ जाएंगे। ऐसा होता भी रहा है। पहले पहल नई दिल्ली में नई नवेली आम आदमी पार्टी ने मुफ्त बिजली और मुफ्त पानी का मतदाताओ को प्रलोभन परोसा था और ऐतिहासिक बहुमत के साथ उसने नई दिल्ली में अपनी सरकार बना ली थी। दूसरे चुनाव में तो उसने मुफ्तखोरी को बढ़ावा देने वाली घोषणाओं की भरमार ही कर दी। नतीजतन फिर उसे भारी बहुमत मिल गया। आम आदमी पार्टी ने पंजाब में भी यही फार्मूला अपनाया और वहां भी आम आदमी पार्टी को दो तिहाई बहुमत मिल गया। इसके बाद से तो राजनीतिक दलों के बीच फ्री रेवड़ी कल्चर की होड़ लग गई। कांग्रेस ने तेलंगाना, कर्नाटक और हिमाचल प्रदेश में चुनाव के मुफ्तखोरी को बढ़ाने देने वाली घोषणाओं की भरमार कर दी। परिणामस्वरूप इन तीनों ही राज्यों में कांग्रेस अपनी सरकार बनाने में सफल हो गई। यह बात अलग है कि इन सभी राज्यों में वह अपनी कई घोषणाओं को अमलीजामा पहनाने में विफल रही है क्योंकि इसके लिए उसके पाास पैसे ही नहीं है। वहां की राज्य सरकारें भारी घाटे में चल रही है स्थिति यह है कि अपने कर्मचारियों को वेतन देने के भी लाले पड़ गये हैं। जब सरकारों के बजट का सबसे बड़ा हिस्सा ऐसी मुफ्तखोरी को बढ़ावा देने वाली घोषणाओं के क्रियान्वयन पर तथा सरकारी अमले के वेतन भत्तों पर ही खर्च हो जाएगा तो विकास कार्यों के लिए जो राशि बचेगी वह तो ऊंट के मुंह में जीरा के समान ही होगी। नतीजतन स्वास्थ और शिक्षा सहित अन्य क्षेत्रों में विकास कार्यों को अंजाम देने के लिए सरकार के सामने संसाधनों का टोटा होना स्वभाविक है। यह ठीक है कि वंचित वर्ग को राहत देने के लिए वेल्फेयर स्कीम चलानी चाहिए क्योंकि समाज के अंतिम व्यक्ति तक मदद पहुंचाना किसी भी सरकार का दायित्व बनता है लेकिन इसका यह मतलब भी नहीं है कि ऐसे वेल्फेयर स्कीम के लिए लाभार्थियों का वर्गीकरण ही न किया जाये और सभी के लिए सरकारी खजाना खोल दिया जाये। उदाहारण के लिए नई दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार ने सभी महिलाओं के लिए बसों में फ्री यात्रा की घोषणा की थी और उसे क्रियान्वित भी कर दिया था। नतीजतन ऐसी कामकाजी महिलाएं जिन्हें लाखों की सैलरी मिलती है वे भी इन बसों में फ्री यात्रा का लाभ उठाने लगी हैं। जबकि कायदें से सिर्फ उन्हीं कामकाजी महिलाओं को फ्री यात्रा की पात्रता दी जानी चाहिए थी जो बस यात्रा का व्यय नहीं उठा पाती। इसी तरह की और भी कई योजनाएं है जिसमें पात्र कुपात्र का ध्यान नहीं रखा जाता। जैसे बंगाल में विधानसभा चुनाव से पूर्व ममता बनर्जी ने सभी युवाओं को 1500 मासिक बेरोजगारी भत्ता देने की घोषणा कर दी है। नतीजतन वहां प्राप्त करने के लिए आवेदन करने युवाओं का सैलाब उमड़ पड़ा है और इन युवाओं में ऐसे लोग भी शामिल है जो हर लिहाज से साधन संपन्न है। बहरहाल सुप्रीम कोर्ट की इस तल्ख टिप्पणी के बाद भी राजनीतिक पार्टियां फ्री रेवड़ी कल्चर को अपनाने से बाज आएंगी ऐसा नहीं लगता क्योंकि उनके लिए चुनाव जितने का यही सबसे आसान उपाय है की जनता को प्रलोभन परोसा जाये और एन केन प्रकारेन उनका वोट कबाड़कर सत्ता हासिल कर ली जाए। इससे भले ही प्रदेश व देश पर आर्थिक बोझ बढ़े और विकास कार्यों के मार्ग में बाधा खड़ी हो उनकी बला से।

सद्गुरू बोधामृतम्

सदगुरू ऋतेश्वर

◆ हर कार्य करने से पहले किसी प्रबोधवान गुरु के पास बैठकर, किसी समबुद्ध महापुरुष के पास बैठ करके जीवन की इस चर्या और चक्र को समझो लो, जीवन के इस क्लू (संकेत) को समझ लो। उसके बाद जीवन के जिस क्षेत्र में जाना चाहते हो, जितनी दूर चलना चाहते

आज का इतिहास

नई दिल्ली वार्ता। 1946 मिस्र में ब्रिटेन के खिलाफविरोध प्रदर्शन। 1948 स्वतंत्र भारत के संविधान का प्रारूप संविधान सभा के अध्यक्ष के समक्ष रखा गया। 1952 ढाका में पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर तब गोलियां चलाई जब वे बांग्ला को आधिकारिक भाषा का दर्जा देने की मांग कर रहे थे। बाद में आधिकारिक दर्जा दिया गया और बांग्लादेश में इसके बाद से यह दिन भाषा आंदोलन के स्मारक के रूप में मनाया जाने लगा। यूनेस्को ने इसे बाद में अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस घोषित किया। 1959 - प्रेस क्लब ऑफ इंडिया की नई दिल्ली में स्थापना। 1990 - कंबोडिया के प्रधानमंत्री हुन सेन ने राजकुमार सिंहानुक से बैंकाक में शांतिवार्ता की। 1991 - अल्बानिया में राष्ट्रपति ने पुलिस विद्रोह के बाद नई सरकार के गठन की घोषणा की। 1992 - चीन से शंघाई शेयर बाज़ार में विदेशियों को कामकाज की अनुमति दी। 1996 - हब्बल अंतरिक्ष द्वारा भेजे गये चित्रों की सहायता से 'ब्लेक होल' के अस्तित्व का पता चला।

मातृशक्ति के प्रति संवेदनशील मुख्यमंत्री साय

छत्तीसगढ़ के यशस्वी मुख्यमंत्री विष्णु देव साय अपना 62वां जन्मदिन मना रहे हैं। वह एक ऐसे राजनेता हैं जिनके नेतृत्व में छत्तीसगढ़ विकास के नये प्रतिमान गढ़ रहा है। विधानसभा चुनाव 2023 में जनता के प्रचंड आशीर्वाद से भारतीय जनता पार्टी की सरकार छत्तीसगढ़ में बनी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने सभी राजनीतिक पंडितों को चौकाते हुए सरल, सहज और सर्वसुलभ राजनेता विष्णु देव साय को मुख्यमंत्री के रूप में प्रदेश की सेवा की जिम्मेदारी सौंपी। भारतीय जनता पार्टी में कार्यकर्ताओं के बीच आत्मीयता पूर्वक आदरणीय विष्णु जी भाई साहब कहकर संबोधित किए जाने वाले मुख्यमंत्री साय जी ने पिछले दो साल से अधिक के अपने कार्यकाल में परिश्रम, प्रमाणिकता और प्रतिबद्धता से देश की राजनीति में एक विशिष्ट पहचान स्थापित की है। महिला सशक्तिकरण उनके नेतृत्व की एक बड़ी उपलब्धि है।

जया लक्ष्मी तिवारी

मातृशक्ति के उत्थान के प्रति उनकी संवेदनशीलता सरकार के अनेक निर्णयों में प्रत्यक्ष रूप से परिलक्षितहोती है। प्रति माह महिला हितग्राहियों को एक हजार रुपये प्रदान करने वाली महतारी वंदन योजना से महिलाएं जहां आत्मनिर्भरता हुई हैं वहीं पारिवारिक निर्णयों में उनकी भागीदारी बढ़ी है। इससे आर्थिक रूप से कमजोर महिलाओं की दैनिक जरुरतों के साथ शिक्षा, स्वास्थ्य एवं आजीविका से जुड़ी जरुरतें पूरी हुई हैं।महतारी वंदन योजना के लागू होने से अब तक लगभग 70 लाख महिला हितग्राहियों को 14,307 करोड़ रुपये की राशि डीबीटी की गई है। इस योजना की खासियत यह है कि इसमे लीकेज लगभग शून्य है। यानी वास्तविक हितग्राहियों को भी स्कीम का लाभ मिल रहा है।मुख्यमंत्री के विजन पर ही छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा ग्राम पंचायतों में महतारी सदन का निर्माण किया जा रहा है। महतारी सदन महिलाओं के लिए बैठक, प्रशिक्षण, स्व-सहायता समूह की गतिविधियों एवं आजीविका संवर्धन के प्रकल्प बनकर उभर रहे हैं।368 महतारी सदनों में से 137 का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के व्यक्तित्व में एक समाज सुधारक की छवि नजर आती है। महतारी वंदन योजना के शुभारंभ के अवसर उन्होंने बाल विवाह को लेकर सामाजिक चेतना पर बल दिया था।प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 27 अगस्त 2024 को शुरू किए गए बाल विवाह मुक्त भारत राष्ट्रीय अभियान के अंतर्गत छत्तीसगढ़ ने एक ऐतिहासिक उपलब्धि दर्ज की है। राज्य का बालोद जिला पूरे देश का पहला जिला बन गया है, जिसे आधिकारिक रूप से बाल विवाह मुक्त घोषित किया जा सकता है। सीएम साय के विजन पर ही चरणबद्ध तरीके से वर्ष 2028-29 तक पूरे राज्य को बाल विवाह मुक्त करने के लक्ष्य पर कार्य किया जा रहा है। सनातन संस्कृति में कन्यादान को महादान कहा जाता है। समाज में कई परिवार ऐसे होते हैं जिनके लिए विवाह का खर्च उठा पाना संभव नहीं होता। छत्तीसगढ़ में हालही में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के

जन्मदिवस पर विशेष

अंतर्गत प्रदेश की 6 हजार से अधिक जोड़ों का वैवाहिक जीवन में प्रवेश हुआ। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री जिस तरह जोड़ों को आशीर्वाद देने पहुंचे उससे उन्होंने एक अभिभावक के रूप में हजारों परिवारों के ह्दय में जगह बना ली। वैसे तो यह एक शासकीय कार्यक्रम था, लेकिन आदरणीय साय जी की पहल से यह पारिवारिक कार्यक्रम की तरह पूरे रीति-रिवाज के साथ सफ्लतापूर्वक संपन्न कराया गया। इस योजना के अंतर्गत प्रति जोड़े को 50 हजार रुपये आर्थिक सहायता भी प्रदान की जाती है।साल 2026 को महतारी गौरव वर्ष घोषित कर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सरकार की सभी नीतिगत पहल के केंद्र में महिला कल्याण को रखा है।सुखद सहारा योजना के अंतर्गत 2 लाख 18 हजार से अधिक विधवा एवं परित्यक्ता महिलाओं को प्रतिमाह आर्थिक सहायता प्रदान करने से लेकर किशोरियों के स्वास्थ्य और शिक्षा को बेहतर करने से जुड़ी शुचिता योजना, साइकिल वितरण योजनाने बेटियों के आत्मविश्वास को पंख लगाया है।

राज्य के 33 जिलों में 34 सखी वन स्टॉप सेंटर सफ्लता पूर्वक संचालित किए जा रहे हैं, इनमें 14,376 प्रकरणों का निराकरण होना, महिला सुरक्षा के प्रति साय सरकार की प्रतिबद्धता को पुष्ट करता है। महिलाओं के उत्थान से जुड़ी योजनाओं की समीक्षा में उन्होंने हमेशा इस बात के निर्देश दिए हैं कि महिलाओं की सुरक्षा से खिलवाड़ की शिकायतों पर जरा भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यही वजह है कि महिला हेल्पलाइन 181 में 8959 शिकायतों का समाधान हुआ है।जनजातीय बाहुल्य राज्य छत्तीसगढ़ ने बिहान योजना के जरिए विशेष पिछड़ी जनतातीय समाज की महिलाओं को स्व सहायता समूहों के जरिए स्वरोजागर से जोड़कर लखपति दीदी बनाने में जो सफ्लता प्राप्त की है, उसकी देशभर में चर्चा है। यह महिलाएं पापड़, अचार, शहद, महुआ से बने उत्पाद जैसे जश्प्योर तैयार करने से लेकर ई-रिक्शा, आटा चक्की, किराना दुकान जैसे व्यवसाय संचालित कर रही हैं।

इसी क्रम में नवा रायपुर में यूनिटी मॉल का निर्माण महिला स्व-सहायता समूहों के उत्पादों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजार से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। सीएम की पहल पर प्रदेश की लखपति दीदियों को राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू से संवाद का अवसर भी मिला। जनजातीय समाज में महिलाएं कृषि एवं सामाजिक उत्सवों से लेकर परिवार एवं समाज के निर्णय प्रक्रिया में सदैव अग्रणी रही हैं, ऐसी अनेक सांस्कृतिक परंपराओं के साक्षी रहे छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जिस प्रकार मातृशक्ति के उत्थान से राज्य के समग्र विकास को गति दे रहे हैं, वह निश्चित ही उन्हें प्रेरणादायी है।

भाषाई विविधता का भविष्य : युवाओं की भूमिका निर्णायक

योगेश कुमार गोयल

दरअसल प्राथमिक स्तर पर मातृभाषा में शिक्षा दिए जाने से यह छात्रों को उनकी पसंद के विषय तथा भाषा को सशक्त बनाने में मददगार साबित होगा और यह भारत में बहुभाषी समाज के निर्माण, नई भाषाओं को सीखने की क्षमता इत्यादि में भी मदद करेगा। प्राथमिक स्तर पर मातृभाषा में शिक्षा की सुविधा के लिए संविधान के अनुच्छेद 350ए में स्पष्ट है कि देश के प्रत्येक राज्य और स्थानीय प्राधिकारी का प्रयास होगा कि वह भाषायी अल्पसंख्यक समूहों के बच्चों को शिक्षा के प्राथमिक चरण में मातृभाषा में शिक्षा प्राप्त करने के लिए पर्याप्त सुविधाएं प्रदान करें। बहरहाल, हालांकि आज भारत सहित कई बड़े देशों में भाषा को सरल एवं सुगम बनाने के लिए कई प्रकार की योजनाएं तैयार की जा रही हैं और छात्रों को विभिन्न भाषाओं की जानकारी मिल सके, इस उद्देश्य से कई विश्वविद्यालयों में भाषा को लेकर नए कोर्स भी तैयार किए जा रहे हैं लेकिन भाषाओं के संरक्षण के लिए गंभीर वैश्विक प्रयासों की सख्त दरकार है।

मातृभाषा की मदद से न केवल क्षेत्रीय भाषाओं के बारे में जानने-समझने में सहायता मिलती है बल्कि एक-दूसरे से बातचीत करना भी आसान हो जाता है। यही वजह है कि भाषा की विविधता को विस्तार से जानने के लिए कई देशों ने इस विषय पर मिलकर काम करने का निर्णय लिया है, जिसके तहत एक क्षेत्र का व्यक्ति किसी दूसरे क्षेत्र के व्यक्ति की मातृभाषा को न केवल जान पाएगा बल्कि उसे सीख भी सकेगा। मानव जीवन में भाषा महत्व को देखते हुए विभिन्न क्षेत्रों की संस्कृति व बौद्धिक विरासत की रक्षा करने, भाषायी तथा सांस्कृतिक विविधता एवं बहुभाषावाद का प्रचार करने और दुनियाभर की विभिन्न मातृभाषाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा उनके संरक्षण के लिए यूनेस्को द्वारा हर साल 21 फरवरी को वैश्विक स्तर पर 'अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस' मनाता जाता है। यह दिवस भाषाओं का जश्न मनाने का समय है, साथ ही यह भाषाओं की विविधता और बहुभाषिता के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने का भी समय है। अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस मनाने का एक महत्वपूर्ण कारण बहुभाषिता को बढ़ावा देना भी है। बहुभाषिता एक से अधिक भाषा बोलने की क्षमता है, जो कई मायनों में फायदेमंद हो सकती है। यह लोगों को विभिन्न संस्कृतियों को समझने में मदद कर सकती है और उन्हें बेहतर संचारक भी बना सकती है। अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस प्रतिवर्ष एक महत्वपूर्ण थीम के साथ मनाया जाता है। वर्ष 2026 का विषय है 'बहुभाषी शिक्षा पर युवाओं की राय', जो भाषाई विविधता को बढ़ावा देने के लिए प्रौद्योगिकी की रक्षा, पुनर्जीवन और उपयोग में युवाओं की आवश्यक भूमिका को उजागर करता है, यह सुनिश्चित करते हुए कि शिक्षा प्रणाली समावेश को बढ़ावा देने के लिए शिक्षार्थियों की मातृभाषाओं को पहचानती और उनका समर्थन करती है। 2025 में यह दिवस 'भाषाएं

मायने रखती हैं: अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस का रजत जयंती समारोह' विषय के साथ मनाया गया था। अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस 2024 और 2023 की थीम क्रमशः 'बहुभाषी शिक्षा अंतर पीढ़ीगत शिक्षा का एक स्तंभ है' तथा 'बहुभाषी शिक्षा: शिक्षा को बदलने की आवश्यकता' थी। इससे पहले 2022 की थीम 'बहुभाषी शिक्षण के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग: चुनौतियाँ और अवसर' थी जबकि 2021 के मातृभाषा दिवस की थीम थी 'शिक्षा और समाज में समावेशन के लिए बहुभाषावाद को प्रोत्साहन'। संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा वर्ष 2019 को स्वदेशी भाषाओं के अंतर्राष्ट्रीय वर्ष के रूप में घोषित किया गया था। यूनेस्को द्वारा मातृभाषा दिवस मनाने की घोषणा 17 नवम्बर 1999 को की गई थी और पहली बार वर्ष 2000 में इस दिन को अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के रूप में मनाया गया था।

सही मायनों में इस दिवस को मनाए जाने की शुरूआत अपनी मातृभाषा के लिए बांग्ला भाषा बोलने वालों के प्यार के कारण ही हुई थी। 21 फरवरी को ही यह दिवस मनाए जाने का सुझाव कनाडा में रहने वाले बांग्लादेशी रफीकुल इस्लाम द्वारा दिया गया था, जिन्होंने बांग्ला भाषा आन्दोलन के दौरान ढ़ाका में 1952 में हुई नृशंस हत्याओं को स्मरण करने के लिए यह दिन प्रस्तावित किया था। भाषा के इस बड़े आन्दोलन में शहीद हुए युवाओं की स्मृति में ही यूनेस्को द्वारा वर्ष 1999 में निर्णय लिया गया कि प्रतिवर्ष 21 फरवरी को दुनियाभर में मातृभाषा दिवस के रूप में मनाया जाएगा। विश्वभर में अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के अवसर पर भाषा तथा संस्कृति से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं और शिक्षा तथा साहित्य से जुड़े लोग विभिन्न भाषाओं को लेकर चर्चा करने के साथ-साथ किसी भी भाषा को सरल व सुगम बनाने के लिए परामर्श भी देते हैं। संयुक्त राष्ट्र के आंकड़ों के मुताबिक दुनियाभर में बोली जाने वाली करीब सात हजार भाषाओं में से नब्बे फीसद भाषाएं बोलने वाले लोग एक लाख से भी कम हैं। चिंता की बात यह है कि दुनियाभर में बोली जाने वाली सभी भाषाओं में से अब 40 फीसद से अधिक भाषाएं लुप्तप्राय हैं।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

वह सातवें आसमान में रहता है किसी ऊंचे मकान में रहता है महज..सुर्खियों में रहने के लिए कभी कभार श्मशान में रहता है देश समाज की चिंता में डूबकर हर दिन नए परिधान में रहता है मंहगाई बेरोजगारी आपके लिए वह पूरे राजसी शान में रहता है सेवाभाव परोपकार को त्याज रिश्वत के अनुसंधान में रहता है दूध में पानी सा घुलना आता है बूढ़े बच्चों की जुबान में रहता है मानवता का....पक्का हितैषी है बस हिन्दू मुसलमान में रहता है राष्ट्र की...धरोहर मानकर "वंदन" शोहदों से घिरा गुमान में रहता है।
- मनीष सिंह "वंदन"

मानव मन अब तो हुआ, लोभ द्वेष का गेह। धीरे- धीरे घट रहा, लोगो मे अब स्नेह । लोगो में अब स्नेह, प्रांत भाषा पर लड़ते । रंग जात अरु पात, इन्ही पर आज झगड़ते । प्रेम भाव को त्याग, हुआ है पापी दानव। नही धर्म का मर्म, कहीं गायब है मानव।। **- सुनिल शर्मा नील**

रोशनी ओ रोशनी तू भरदे जीवन, रंग नया नव आशायें,नव खुशियाँ हों चहुं ओर सुशोभित कलियाँ हों कुछ उम्मीदों के, कण चुनकर डाल ह्रदय, इस गागर में लगे ऊर्जित सी हर, भोर नई जीवन के प्रतिपल, क्षण-क्षण में।
- लक्ष्मी गौर थपलियाल

खुले आम जब होने लगता, दुनिया में दुष्कर्म। समझ -सभी संभ्रांत जनों नें, बेच दिया है शर्म। देखो नीचे आग लगी है, भुन जाए तशरीफ़- आह छोड़कर वाह कर रहें, समझ न आया मर्म।। **- अंजली यादव**

कुछ सफर लिखे नहीं बस जिए जाते हैं.. (जो सफर जिए जाते हैं वो फिर लिखे नहीं जाते क्योंकि अक्सर हम वहीं लिखते हैं जो अधूरा छूट जाता है या फिर जिसकी ख्वाहिश की जाती है सपने देखे जाते हैं,जो जी नहीं पाते या जीना चाहते हैं के बीच जो बचा होता है बस वहीं लिखा जाता है,जिस सफर को मन भरकर जिया जाए उसको कभी कभी ठीक शब्दों में लिखा नहीं जा सकता।।)
- मीना सोनी

ठीक है AI समिट शायद कुछ थोड़ा बहुत kiyosk रहा हो... तब सबको टेक्नोलॉजी चीन याद रहा हैं लेकिन पूर्ण स्वदेशी चंद्रयान मंगलयान सफल था तब भी तो विरोध मे थे बहरहाल ये ज्ञान दिया जा रहा हैं हिन्दू मुस्लिम ना करते तो हम आगे रहते तो हमने देखा हैं चन्द्रयान के पहली लैंडिंग कि असफलता मे कौन लोग खुश हुए थे। **- अंबर दानी**

जिंदगी के रस्क बॉक्स से कुछ तस्वीरें फिर से जेनरेटर करनी है वक्त गुजर गया जो कांटे देकर वहीं से कुछ गुलाब फिर से उठानी है यादों के समंदर सेकंकड़ बहुत उठाए हमने अब वहीं से मोती निकालनी है ज़िन्दगी के रस्क बॉक्स से कुछ तस्वीरें फिर से.... एक पुरानी तस्वीर।
- प्रीति श्रीवास्तव

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेष : आज का दिन आपकी सोच के एकदम विपरीत रहेगा सोचेंगे कुछ होगा उसका उल्टा ही। मानसिक रूप से भी अंदर ही अंदर से जले भुने रहेंगे।

वृष: आज के दिन आप जिस भी कार्य को करने का मन बनायेगे उसी में भ्रम की स्थित रहेगी कार्य आरंभ होने के बाद भी कोई ना कोई टांग अढायेगा लेकिन जिस भी कार्य को करें एकाग्र होकर लगे रहे विजय अवश्य मिलेगी।

मिथुन: आज का दिन आपके लिये सफलता दयाक तो रहेगा लेकिन आज आप अपनी ही किसी गलती से परेशानी को न्योता देंगे। दिन के आरंभ में जिस भी कार्य की रूप रेखा बनाएंगे मध्यान बाद तक ले देकर उसे पूरा कर ही लेंगे।

कर्क: आज आप पूर्व में कई गई अपनी ही किसी गलती को लेकर शर्मिंदा होंगे। व्यवहारिकता की कमी और अहम की भावना आपसी संबंधों में खटास लाएगी।

सिंह: आज के दिन आरम्भ से ही सेहत में उतार चढ़ाव लगा रहेगा इस वजह से दिनचर्या भी अस्त व्यस्त रहेगी। आप आज जहां भी जाएंगे या उठ बैठ करेंगे वही आलस्य प्रमाद फैलाएंगे।

कन्या: आज के दिन आपको अपने अधिकांश कार्यो में विजय मिलेगी। सोच विचार कर ही किसी कार्य को करेंगे।

तुला: आज का दिन आशानुकूल रहेगा धन का खर्च विशेष रहेगा फिर भी सुख सुविधाओं में कुछ ना कुछ वृद्धि ही होगी। काम धन्धा आज ज्यादा बेहतर तो नही चलेगा फिर भी दैनिक खर्च आसानी से निकल जाएंगे।

वृश्चिक: आज का दिन आर्थिक दृष्टिकोण से निराश करने वाला रहेगा धन की आमद बुद्धि बल का प्रयोग करने पर ही होगी लेकिन क्रोध पर नियंत्रण ना रहने के कारण स्वयं ही अपना नुकसान कर लेंगे।

धनु: आज का दिन आपको मौन रहकर बिताने की सलाह है। किसी को भी बिना मांगे सलाह भूल कर भी ना दें अन्यथा लेने के देने पड़ सकते है। रक्त पित्त संबंधित शिकायत हो सकती है।

मकर: आज के दिन अनिर्णय की स्थित किसी भी कार्य को समय पर होने से रोकेगी। मेहनत करने के पक्ष में आज बिल्कुल नही रहेंगे इसके विपरीत महात्त्वकांक्षाये सामर्थ्य से अधिक रहेंगी।

कुंभ: आज के दिन आपका मन इधर उधर की बातों में अधिक रहेगा। एक काम करते हुए भी दिमाग अन्य जगह रहने पर कुछ त्रुटि होने की संभावना है। कार्य व्यवसाय से जितनी आशा लगाकर रहेगें उतना लाभ नही मिल पायेगा।

मीन: आज आपका व्यक्तित्व निखरा हुआ रहेगा लेकिन स्वभाव में जिद और अकड़ रहने के कारण कोई भी आपसे अपने मन की बात बोलने से कतरायेगा।

QUIZ TIME

1) टी हॉर्स रोड ने चीन को किन दो प्रमुख क्षेत्रों से जोड़ा था?

2) फेस्टिवल ऑफलेटर्स 2025 कहां आयोजित किया गया था?

3) एशिया का सबसे बड़ा ओपन-एयर वार्षिक व्यापार मेला बाली जात्रा हाल ही में कहां शुरू हुआ है?

4) दुनिया का सबसे बुद्धिमान जानवर किसे माना जाता है?

5) एक नई मांसाहारी कैटरपिलर, जिसे बोन कलेक्टर कहा जाता है, हाल ही में किस स्थान पर खोजी गई है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) तिब्बत और भारत (2) नई दिल्ली (3) कटक (4) चिम्पांजी (5) हवाई द्वीप

पहेली

शब्द सामर्थ्य -322

शब्द सामर्थ्य क्रमांक321 का हल

मंत्री अग्रवाल ने लखनपुर क्षेत्र में 259.68 लाख रू. के विकास कार्यों का किया भूमिपूजन

अंबिकापुर/नवप्रदेश। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल ने आज सरगुजा जिले के लखनपुर विखं अंतर्गत ग्राम केवरा, जमगला, पुहपुटरा, निम्हा, लहपटरा, खैरबार, केशवपुर, रामपुर एवं सुखरी के धान उपार्जन केन्द्रों में विभिन्न विकास कार्यों का विधिवत भूमिपूजन किया।

इस अवसर पर उन्होंने क्षेत्रवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि राज्य सरकार किसानों की सुविधा और समृद्धि के लिए निरंतर ठोस कदम उठा रही है। इन धान उपार्जन केन्द्रों में बाउण्ड्री वाल निर्माण, कवर्ड प्लेटफार्म निर्माण तथा अन्य आवश्यक आधारभूत संरचनाओं के विकास कार्य प्रस्तावित हैं। इन सभी कार्यों पर कुल 259.68 लाख रू. की लागत से निर्माण कराया जाएगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री श्री अग्रवाल ने कहा कि राज्य सरकार का संकल्प है कि किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य समय पर मिले और उपार्जन प्रक्रिया पूरी तरह सुव्यवस्थित एवं पारदर्शी हो। धान उपार्जन केन्द्रों में आधारभूत सुविधाओं के सुदृढ़ होने से किसानों को सुरक्षित भंडारण, सुगम परिवहन और व्यवस्थित व्यवस्था का लाभ मिलेगा। इससे उपार्जन प्रक्रिया में पारदर्शिता और सुगमता आएगी, जिससे किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य पर बिक्री का पूरा लाभ मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में किसान हित सर्वोपरि है। धान उपार्जन व्यवस्था को मजबूत करने के साथ-साथ ग्रामीण अधोसंरचना के विकास पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, ताकि गांवों में ही बेहतर सुविधाएँ उपलब्ध हो सकें। मंत्री अग्रवाल ने आगे कहा कि इन कार्यों के पूर्ण होने से धान खरीदी व्यवस्था और अधिक सुचारू होगी, जिससे किसानों को अनावश्यक असुविधा का सामना नहीं करना पड़ेगा।

धान उपार्जन केन्द्रों के विकास कार्यों का भूमिपूजन

राजेश अग्रवाल, पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री, ने सरगुजा जिले के लखनपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम केवरा, जमगला, पुहपुटरा, निम्हा, लहपटरा, खैरबार, केशवपुर, रामपुर एवं सुखरी के धान उपार्जन केन्द्रों में विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। लगभग 259.68 लाख रुपये की लागत से बाउंड्री वाल, कवर्ड प्लेटफॉर्म तथा अन्य आधारभूत संरचनाओं का निर्माण किया जाएगा। मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाने और उपार्जन प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

न्यूज गैलरी

क्षेत्र के लोगों से रूबरू हुए लुण्ड्रा विधायक निर्माण कार्यों का किया भूमिपूजन

लखनपुर/नवप्रदेश। विधानसभा क्षेत्र लुन्ड्रा के ग्रामीणो से रूबरू होते हुए क्षेत्रीय विधायक प्रबोध मिंज ने शासकीय योजनाओं के तहत होने वाले विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमिपूजन लोक रीति के अनुसार किया। ग्राम पंचायत मुकुंदपुर में चल रहे रामचरित मानस गायन वादन प्रतियोगिता समापन कार्यक्रम में भी शामिल हुये। ग्राम पंचायत सलका के आश्रित ग्राम करमीटिकरा में 34 लाख रुपये लागत से होने वाले निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया वहीं ग्राम पंचायत पलगड़ी में सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। ग्राम पंचायत इरगवा में जनसंपर्क करते हुए पंचायत वासियों से मिले उनकी मांग शिकायतो को सुना तथा मांगों को पूरा करने तथा शिकायतों का समाधान करने आश्वासन दिया। पंचायत बेलदगी के खेल मैदान में आयोजित पंचायत स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता के फ़ाइनल मैच में लुण्ड्रा विधायक प्रबोध मिंज अतिथि के रूप में शामिल हुए। ग्राम पंचायत चांदो में 8.50 लाख रुपये लागत से बनने वाले शेड निर्माण एवं सी. सी. सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन कर बुनियाद रखे। कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष शशिकला विक्रम सिंह,मंडल अध्यक्ष रवि महन्त, भाजपा जिला उपाध्यक्ष चंद्रिका प्रसाद यादव, विधायक प्रतिनिधि राकेश साहू, महामंत्री विक्रम सिंह, कन्हैया सोनी, प्रवीण यादव, तिलेश्वर सिंह, रोहित राजवाड़े, शिवकुमार, राजेंद्र प्रसाद, भज्जू सिंह, संजय गुप्ता, गोपाल सिंह, धनीराम, कपिल राजवाड़े, विफल लकड़ा, प्रहलाद सिंह,दिलभरोस मरावी, विकास सिंह, सरपंच धीरेन्द्र सिंह बुलबुल सिंह, क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ता ग्रामीण काफी संख्या में उपस्थित रहे।

पिकअप की ठोकर से ग्रामीण घायल

लखनपुर/नवप्रदेश। स्थानीय जिला सहकारी केंद्रीय बैंक शाखा लखनपुर में पैसा निकालने आये ग्रामीण को पिकअप चालाक ने ठोकर मारकर घायल कर दिया। जिसे पास के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया ईलाज जारी है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक देवलाल राजवाड़े निवासी ग्राम गणेशपुर 16 फरवरी को सहकारी बैंक शाखा लखनपुर में अपने खाते का पैसा निकालने आया था इसी दौरान पीकप क्रमांक सीजी 10 बी टी 3252 के चालक ने तेज व लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए ग्रामीण को ठोकर मार दिया तत्काल घायल को प्राथमिक उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां ईलाज जारी है। घायल देवलाल राजवाड़े के पुत्र कृष्णा राजवाड़े ने थाना उपस्थित आकर दुर्घटना की रिपोर्ट दर्ज कराया है लखनपुर पुलिस मामले में धारा सदर 281,125 (बी) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद् कर विवेचना कार्यवाही में लिया है।

दस्तावेज परीक्षण के बाद लॉटरी आबंटन

मुंगेली/नवप्रदेश। निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा का अधिकार (आरटीई) अंतर्गत निजी विद्यालयों में बच्चों के प्रवेश हेतु आवेदन 31 मार्च तक किया जा सकता है। आवेदन वेबसाइट पर किया जा सकता है।

न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी, रतनपुर जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

।। ईश्तहार ।।

रतनपुर, दिनांक 17/02/2026
रा.प्र.क्र. ....
(ब-121/2025-26)
मौजा ग्राम-खरगहनी

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **जितेन्द्र भारती पिता नारद भारती** जाति गोसाई निवासी ग्राम **खरगहनी** तहसील **रतनपुर** जिला **बिलासपुर** द्वारा अपने **माता बिसाहीन बाई** पति **नारद भारती** का **मृत्यु दिनांक 22-12-2024** को ग्राम **खरगहनी** में हो जाने के उपरांत कानूनी अज्ञानतावश ग्राम पंचायत खरगहनी में पंजीयन नहीं करा पाने के कारण वर्तमान में जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1969 के धारा 13 (3) एवं छत्तीसगढ जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रीकरण नियम 2001 के कंडिका 9(3) अन्तर्गत **मृत्यु** प्रमाण पत्र बनाये जाने हेतु रजिस्ट्रार (जन्म-मृत्यु) एवं **सचिव ग्राम पंचायत खरगहनी** को अनुज्ञा पत्र जारी किये जाने बाबत आवेदन इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

तद्संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को दावा / आपत्ति हो तो स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से लिखित में नियत तिथि 06/03/2026 को दावा / आपत्ति न्यायालयीन समयावधि में इस न्यायालय में पेश कर सकते हैं। नियत समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 17/02/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर
कार्यपालिक दण्डाधिकारी
रतनपुर, जिला- बिलासपुर (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार कांकेर
जिला उत्तर बस्तर कांकेर
ईश्तहार

रा.प्र.क्र. / 202602140100007/अ- 20(3)/ 2025-26
मोहल्ला आमापारा कांकेर

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक विभाग उपपंजीयक कांकेर जिला बस्तर कांकेर द्वारा मोहल्ला आमापारा कांकेर स्थित शासकीय भूमि शीट नम्बर 12ए प्लाट नम्बर 57/1 क्षेत्रफल 3089 वर्गमीटर में से 10000 वर्गफिट को कार्यालय जिला पंजीयक एवं उप पंजीयक कांकेर के लिए संयुक्त पंजीयन कार्यालय भवन निर्माण हेतु आबंटित किये जाने न्यायालय कलेक्टर उत्तर बस्तर कांकेर में प्रस्तुत आवेदन जांच प्रतिवेदनार्थ प्राप्त हुआ है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति पेश करना हो तो वह स्वयं या आम मुख्तियार नामें से दिनांक 6.3.2026 को पेश कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 17.02.2026 को मेरे हस्ताक्षर मुहर से जारी किया जाता है।

मुहर
तहसीलदार
कांकेर

यातायात नियमों के प्रति आमजनों को करें जागरूक : मंत्री नेताम

बलरामपुर/नवप्रदेश। जनपद पंचायत राजपुर के सभाकक्ष में जिला खनिज संस्थान न्यास की शासी परिषद, सांसद सड़क सुरक्षा समिति एवं जिला पशु रोगी कल्याण समिति की बैठक आयोजित हुई।

बैठक में प्रदेश के आदिम जाति विकास, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री रामविचार नेताम वर्चुअल रूप से जुड़े। इस दौरान सरगुजा सांसद चिंतामणि महाराज, सामरी विधायक उद्देश्वरी पैंकरा, प्रतापपुर विधायक शकुंतला पोर्ते, जिला पंचायत अध्यक्ष हीरामुनी निकुंज, कलेक्टर राजेंद्र कटारा, पुलिस अधीक्षक वैभव बैंकर, वनमंडलाधिकारी आलोक वाजपेयी, जिला पंचायत सीईओ नयनतारा सिंह तोमर, अपर कलेक्टर आर.एन. पाण्डेय, जनपद एवं नगरीय निकायों के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। सांसद सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में मंत्री नेताम ने शराब पीकर और तेज गति से वाहन चलाने वालों पर चालानी कार्रवाई करने के सख्त निर्देश दिए, जिससे सड़क दुर्घटनाओं पर नियंत्रण किया जा सके। उन्होंने कहा कि यातायात नियमों के संबंध में विस्तार से जानकारी देने के साथ-साथ लोगों को जागरूक करने की आवश्यकता है। उन्होंने हाट-बाजारों में भी प्रचार-प्रसार कर लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के निर्देश दिए। उन्होंने सड़क दुर्घटना से बचने के लिए अनिवार्य रूप से हेलमेट एवं चार पहिया वाहनों में सीट बेल्ट की उपयोगिता सुनिष्चित करने को कहा। सांसद महाराज ने जिले में सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए एक प्रभावी कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने सड़क सुरक्षा के संबंध में जनजागरूकता लाने और राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण कार्यों में तेजी लाने को कहा। उन्होंने नाली निर्माण और पानी निकासी की उचित व्यवस्था के लिए भी आवश्यक निर्देश दिए।

इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारी को यह सुनिश्चित करने के निर्देष देते हुए कहा कि सभी वाहन चालक आवष्यक दस्तावेजों के साथ यातायात नियमों का पालन करते हुए वाहन चलाए। उन्होंने लोगों को यह जागरूक करने को कहा कि वे नषे में वाहन का उपयोग न करें। ताकि आकस्मिक परिस्थितियों में दुर्घटना होने पर बीमा का लाभ मिल सके।

जिला खनिज संस्थान न्यास के कार्यों की समीक्षा

जिला खनिज संस्थान न्यास के अंतर्गत निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए मंत्री रामविचार नेताम ने आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने पिछले वर्ष स्वीकृत कार्यों में से पूर्ण हो चुके कार्यों की भी जानकारी ली। बैठक में जिला पंचायत सीईओ नयनतारा सिंह तोमर ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के महत्वपूर्ण कार्यों एवं आगामी वित्तीय वर्ष 2025-26 की कार्ययोजना के अनुमोदन तथा गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी।

शासन की योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने पर जोर

मुंगेली/नवप्रदेश। जनपद पंचायत के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्यों का 01 वर्ष का कार्य सफ्लतापूर्वक संपन्न होने पर आज जनपद कार्यालय मुंगेली के सभाकक्ष में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें जनपद पंचायत के अध्यक्ष ठाकुर रामकमल सिंह, उपाध्यक्ष प्रतिनिधि पद्मिनी मोहले, उपाध्यक्ष प्रतिनिधि देवचरण भास्कर, जनपद पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष सभापति पवन पांडेय सहित सभी जनपद सदस्य, कार्यालय के अधिकारी, कर्मचारी, अन्य जनप्रतिनिधि इस कार्यक्रम में उपस्थित रहकर अपने विचार व्यक्त किये। अध्यक्ष रामकमल सिंह परिहार द्वारा सभी सदस्यों को शासन की योजनाओं को अपने-अपने क्षेत्र में पहुंचकर सभी ग्रामीण भाइयों को लाभ दिलाने हेतु अनुरोध किया गया। पवन पांडेय सभापति द्वारा सभी उपस्थित जनपद सदस्य एवं सरपंच तथा सचिवों को संबोधित करते हुए ग्राम पंचायत में विकास के लिए शान द्वारा जारी निर्देश अनुसार कर लगाने तथा टैक्स की राशि वसूली नियम के अनुसार करने हेतु अनुरोध किया तथा सभी लोगों से टैक्स की राशि जमा करने में सचिव साथियों का सहयोग करते हेतु अनुरोध किया गया। पीएम मुफ्त सूर्य घर योजना के विषय में जानकारी देते हुए जिला पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि देवचरण भास्कर के द्वारा सभी लोगों से पीएम सौर ऊर्जा अपने-अपने घरों में लगवाने हेत अनुरोध किया गया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी विक्रम सिंह ठाकुर द्वारा भी शासन की इन उपरोक्त दोनों योजनाओं में सभी से सहयोग प्रदान करने का अनुरोध किया गया। जनपद पंचायत की ओर से जिला अंकेक्षण अधिकारी कमलेश मिश्रा द्वारा सभी का आभार व्यक्त करते हुए आगामी आने वाले शेष वर्षों के लिए सभी से मिलकर कार्य करने हेतु अनुरोध किया गया।

परीक्षाओं को देखते हुए बिजली कटौती बंद करने की मांग

चिरमिरी/एमसीबी/नवप्रदेश। बोर्ड परीक्षाओं में छात्रों की पढ़ाई में बाधा न आए, इसके लिए नगर पालिक निगम चिरमिरी के महापौर राम नरेश राय ने एक महत्वपूर्ण पहल की है। उन्होंने एसईसीएल चिरमिरी के मुख्य महाप्रबंधक को पत्र लिखकर क्षेत्र में की जा रही बिजली कटौती को 14 मार्च 2026 तक स्थगित करने की मांग की है। महापौर राम नरेश राय ने पत्र में उल्लेख किया है कि वर्तमान में दसवीं और बारहवीं बोर्ड की परीक्षाएं शुरू होने वाली हैं और कुछ परीक्षाएं चल रही हैं, जो 14 मार्च तक संचालित होंगी। वर्तमान में एसईसीएल द्वारा अपने अधिपत्य वाले क्षेत्रों में की जा रही बिजली कटौती से छात्र-छात्राओं को परीक्षा की तैयारी करने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

मनेन्द्रगढ़ में महिलाओं को मिली धुएं से मुक्ति

मनेन्द्रगढ़/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री उज्ज्वला 3.0 योजना के अंतर्गत गैस एजेंसी परिसर में आयोजित कार्यक्रम में पात्र महिलाओं को निःशुल्क गैस कनेक्शन और चूल्हा प्रदान किया गया। वार्ड 22 के पार्षद स्वप्निल सिन्हा के विशेष सहयोग से आमाखेरवा, बदन सिंह मोहल्ला, टीवी टॉवर रोड और केंवट मोहल्ला की 11 महिलाओं को योजना का लाभ दिलाया गया। गैस कनेक्शन मिलने से महिलाओं को लकड़ी और कोयले के चूल्हे से होने वाली आंखों की जलन और स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से राहत मिलेगी। हितग्राहियों ने जताया आभार लाभान्वित महिला किरण यादव और गीता चौहान ने खुशी जाहिर करते हुए बताया कि पहले बारिश के दिनों में लकड़ी इकट्ठा करना और चूल्हा जलाना बहुत कठिन होता था। अब गैस मिलने से समय की बचत होगी और स्वच्छ वातावरण में भोजन तैयार हो सकेगा। ये रहे उपस्थित वितरण कार्यक्रम के दौरान स्वप्निल सिन्हा के साथ शीतला बाई साहू, अनुराधा सिंह, पुनीता साहू, पार्वती जायसवाल, शिवांगी देवी, किरण यादव, गीता चौहान, ममता चौबे, संजू सिंह, कलश, किरण नाई व अन्य मौजूद रहे।

भुवनेश्वर में वरिष्ठ नागरिकों का 23वां राष्ट्रीय अधिवेशन

मुंगेली/नवप्रदेश। भुवनेश्वर में 22-23 फरवरी को वरिष्ठ नागरिकों का 23वां राष्ट्रीय अधिवेशन छत्तीसगढ़ से 41 प्रतिनिधि होंगे शामिल। मुंगेली से 13 सदस्यीय दल रवाना। धनेश सोलंकी को श्रेष्ठ कार्य हेतु सम्मान। चेतना महिला संघ द्वारा राष्ट्रीय मंच पर छत्तीसगढ़ी लोक नृत्य एवं गीत की प्रस्तुति देकर प्रदेश की सांस्कृतिक पहचान को प्रदर्शित करेगा

कार्यालय, कार्यपालन अभियंता,
वि./यां. भारी संयंत्र संभाग, जल संसाधन विभाग,
रायपुर (छ.ग.)

ज्ञाप क्रमांक 322/व.ले.लि./25-26 **रायपुर, दिनांक 19/02/2026**

निविदा निरस्तीकरण सूचना

इस कार्यालय के निविदा सूचना क्र. 10/ व.ले.लि./2025-26, दिनांक 13.01.2026 निविदा सिस्टम क्रमांक-183661 (प्रथम आमंत्रण) में केवल एक ही निविदाकार द्वारा भाग लिए जाने से प्रतिस्पर्धा का आभाव एवं एकल निविदा की स्थिति निर्मित हो रही है इस कारण **उक्त निविदा को निरस्त किया जाता है।** जिसका जी नम्बर **25260606** है।

कार्यपालन अभियंता,
वि./ यां. भारी संयंत्र संभाग,
जी-252606795/5 **जल संसाधन विभाग, रायपुर (छ.ग.)**

कार्यालय नगर पंचायत पाण्डातराई, जिला- कबीरधाम (छ.ग.)

क्र./201/न.प./लो.नि.वि./2025-26 **पाण्डातराई, दिनांक 20/02/2026**

ई-प्रोक्योरमेन्ट निविदा आमंत्रण सूचना

नगर पंचायत पाण्डातराई हेतु एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों / फर्मो से अधोसंरचना मद अंतर्गत विभिन्न निर्माण कार्यों हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। जिसका विवरण निम्नानुसार है-

क्र.	सिस्टम नम्बर	विवरण	अनुमानित राशि (लाख में)	निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि
1	186009	वार्ड क्र. 01 नगर पंचायत कार्यालय में अहाता निर्माण कार्य	19.73	12/03/2026
2	186014	वार्ड क्र. 03 मुक्तिधाम से शासकीय स्कूल तक नाली निर्माण	13.54	
3	186010	वार्ड क्र. 04 एसएलआरएम सेंटर में अहाता निर्माण	14.00	
4	186011	वार्ड क्र. 05 पैठु तालाब से बहादुर के घर होते हुए शिव मंदिर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य।	10.02	

शर्ते:- उपरोक्त कार्यों हेतु नियम एवं शर्ते, अमानत राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन समय में कार्यालय के संबंधित विभाग से प्राप्त की जा सकती हैं साथ ही उक्त जानकारी विभागीय वेबसाइट **http//cgeproc.cgstate.gov.in** व **www.uad.cg.gov.in** से अवलोकन किया जा सकता हैं।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत पाण्डातराई

छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग
कार्यालय कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग, कुनकुरी (छ.ग.)

शुद्धि पत्र क्र. 1

निविदा सूचना क्र. 08/व.ले.लि./2025-26, दिनांक 11.02.2026, निविदा सिस्टम नं. **185414** (प्रथम आमंत्रण), **जी नम्बर- 252606650** में निम्नानुसार संशोधन किया जाता है -

S.No.	Amendments
1.	Bid Start date & time 20.02.2026 at 17.31 Hours.
2.	Online Tenders are invited up to 06.03.2026, 17.30 Hour
3.	Bid Open Date and Time 09.03.2026 at 11.30 Hours.

निविदा की अन्य शर्ते यथावत रहेगी।

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग
जी- 252606800/6 **कुनकुरी (छ.ग.)**

CHHATTISGARH STATE POWER GENERATION COMPANY LIMITED
(A Govt. of C.G. Undertaking)

No. 03-03/ TN-482/25-26/6584 **Raipur, Dtd 18/02/2026**

E-TENDER NOTICE NO. TN-482/25-26

Online bids are invited for Supply/ work as mentioned below:-

S. No.	Tender no. /RFx no.	Description	Submission Date & time
1.	EP-603/25-26 8100049532 (With RLA)	Supply, Lifting, Installation & Commissioning of 2 Nos. 4 Ton Capacity Electrical Hoists at 70-Mtr. Height Bunker Floor of CHP Internal, 1x500 MW, HTPS, CSPGCL	16.03.2026 Upto 15:00 Hrs
2.	EW-604/25-26 8100049608 (WithRLA)	AOH of Duct (2026-27) of 1x500 MW, BHEL make Boiler of Unit No. V, HTPS, Korba West.	17.03.2026 Upto 15:00 Hrs
3.	EW-605/25-26 8100049609 (With RLA)	Annual overhauling of Secondary Air Preheater (SAPH) of 1x500 MW BHEL make Boiler of Unit No. V, HTPS, Korba West.	17.03.2026 Upto 15:00 Hrs
4.	DW-606/25-26 8100049610 (Without RLA)	Award of contract for Renovation of old LTSH coil set (Upper and Lower bank) of 2x250 MW, DSPM TPS, CSPGCL, Korba East.	16.03.2026 Upto 15:00 Hrs
5.	DW-607/25-26 8100049611 (Without RLA)	Award of contract for Replacement and Extension of Ash Pipe Line" of 2x250 MW, DSPM TPS, Korba East.	16.03.2026 Upto 15:00 Hrs

For details please visit our website https://cspc.co.in/cspgcl_tendernotices/ or our e-bidding portal:- https://ebidding.cspcl.co.in:50724/irj/portal

EXECUTIVE DIRECTOR (S&P:GEN)
SAVE ELECTRICITY S- 46963/3 **CSPGCL::RAIPUR**

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान पटना
Indian Institute of Technology Patna

भर्ती सूचना

IIT पटना, IIT पटना की स्पोर्ट्स यूनिट में कॉन्ट्रैक्ट/पार्ट-टाइम स्पोर्ट्स कोच के टेम्परी पदों के लिए भारतीय नागरिकों से तय फ़ॉर्मेट में एप्लीकेशन मंगा रहा है। एप्लीकेशन सभी सर्टिफिकेट/टेस्टीमोनियल वगैरह की कॉपी के साथ 5 मार्च 2026 को शाम 5.00 बजे तक " द स्पोर्ट्स ऑफिसर, जिमखाना बिल्डिंग, IIT पटना, बिहटा, पटना -801106" के पते पर पहुँच जानी चाहिए।
एप्लीकेशन फ़ॉर्म और डिटेल्ड एडवर्टाइज़मेंट के लिए कृपया वेबसाइट www.iitp.ac.in पर नोटिस बोर्ड सेक्शन में जाएँ।

एडवाइज़र : - IITP/SPORTS/2025-26/31
cbc 21366/12/0002/2526 रजिस्ट्रार

कार्यालय कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग, सारंगढ़ (छ.ग.)

द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना

क्र. 386/एन.आई.टी.-12/2025-26/व.ले.लि. **सारंगढ़, दिनांक 18/02/2026**

निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि - 26.02.2026 अपरान्ह 5.30 बजे तक।
ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथि - 05.03.2026 अपरान्ह 5.30 बजे तक।
निविदा खोलने की तिथि - 06.03.2026 पूर्वान्ह 11.30 बजे तक।
निविदाकारों की श्रेणी - ई-पंजीयन के अंतर्गत श्रेणी "द" से "अ" तक

एन.आई.टी.क्र. निविदा क्र.	कार्य का नाम / No of Calls	कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) अमानत राशि (रू.में) बैंक साल्वेंसी (रू.में)
1	2	3
12 T0030	सारंगढ़ संभाग अंतर्गत विभिन्न मार्गों का सर्वे तथा अनुसंधान (Survey & Investigation) का कार्य वर्ष 2025-26 (द्वितीय आमंत्रण)	8.12 6090.00 121800.00

निविदा शर्ते - T0030
01. पंजीयन की छायाप्रति ।
02. पेन कार्ड की छायाप्रति ।
03. जी.एस.टी. प्रमाण पत्र की छायाप्रति ।
04. श्रमिक पंजीयन प्रमाण पत्र की सत्यापित छायाप्रति ।
05. निविदाकारों की श्रेणी "द" से "अ"।
06. 50 किमी मिनीमम सर्वे आर्डर एवं कम्पलीशन सर्टिफिकेट (लो.नि.वि. भ/स के द्वारा)
07. 100 एम.एम. डाया बोरिंग (लो.नि.वि. भ/स के द्वारा)
08. डिप्लोमा होल्डर 1
09. बी.ई. होल्डर 1
10. निविदा प्रपत्र की कीमत राशि रू. 750.00 एवं कार्य की अवधि दो माह होगी।

निविदा संबंधी शर्ते विभागीय वेबसाईट **www.pwd.cg.nic.in Live** में **Tender** के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। इनका अवलोकन संबंधित संभाग कार्यालय में किया जा सकता है।

कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग संभाग सारंगढ़
जी- 252606788/2 **सारंगढ़-बिलाईगढ़**

ग्राम बांकी, जैतपुरी, पेंडाराकापा, नुनियाकछार और राष्ट्रीय राजमार्ग क्षेत्र का सघन निरीक्षण

मुंगेली/नवप्रदेश। कुन्दन कुमार ने मुंगेली विकासखंड के ग्राम बांकी, जैतपुरी, पेंडाराकापा, नुनियाकछार, जमड़ा तथा राष्ट्रीय राजमार्ग क्षेत्र का सघन निरीक्षण कर विकास कार्यों की जमीनी हकीकत परखी। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सड़क निर्माण, शिक्षा, आंगनबाड़ी, स्वच्छता एवं अन्य अधोसंरचना कार्यों की प्रगति का अवलोकन किया और गुणवत्ता में लापरवाही पर कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में गुणवत्ता और पारदर्शिता से किसी भी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूरी गुणवत्ता के साथ पूर्ण किए जाएं।

कलेक्टर ने नुनियाकछार एनीकट के निरीक्षण के दौरान सूचना बोर्ड नहीं पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों को फटकार लगाते हुए तत्काल सूचना बोर्ड लगाने के निर्देश दिए। एप्रोच रोड में उचित ढलान नहीं होने पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त की और आवश्यक सुधार कार्य तथा शेष कार्य समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। ग्राम बांकी में नव-निर्मित सड़क की गुणवत्ता संतोषजनक नहीं पाए जाने पर तत्काल सड़क का सैंपल लेकर जांच कराने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि यदि निर्माण गुणवत्ता मानकों के अनुरूप नहीं पाया गया तो सड़क को उखाड़कर पुनः निर्धारित मानकों के अनुसार निर्माण कराया जाए। इसी क्रम में कलेक्टर ने ग्राम पेंडाराकापा में लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्मित नई सड़क का निरीक्षण कर गुणवत्ता की जांच की। उन्होंने शेष कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने तथा कार्य में पारदर्शिता एवं गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने एनएच-130ए मुंगेली बायपास (बाघामुड़ा से गीधा) तक निर्माण कार्य का निरीक्षण किया और एनएच के ईई से कार्य प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने अधिग्रहित भूमि के मुआवजा वितरण की स्थिति की समीक्षा की तथा शेष किसानों से शीघ्र शपथपत्र (एफिडेविट) प्राप्त करने के निर्देश दिए। चातरखार क्षेत्र में सड़क की स्थिति पर असंतोष जताते हुए अधिक धूल उड़ने की स्थिति में नियमित रूप से पानी का छिड़काव सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

सड़क निर्माण और एप्रोच रोड में सुधार के निर्देश

नुनियाकछार एनीकट में सूचना बोर्ड न होने पर तत्काल बोर्ड लगाने के निर्देश दिए गए। एप्रोच रोड में उचित ढलान न होने पर सुधार कार्य एवं शेष कार्य समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। ग्राम बांकी और पेंडाराकापा में नई सड़कों की गुणवत्ता संतोषजनक न पाई गई, जिसके कारण सड़कों का सैंपल लेकर जांच कराने और यदि मानकों के अनुरूप न होने पर पुनर्निर्माण कराने के निर्देश दिए गए।

न्यूज गैलरी

बोर्ड परीक्षा के दृष्टिगत ध्वनि नियंत्रण आदेश

मुंगेली/नवप्रदेश। शिक्षा सत्र 2026 में आयोजित होने वाली कक्षा 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं के दृष्टिगत कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी कुन्दन कुमार ने कोलाहल नियंत्रण अधिनियम के तहत आदेश जारी कर ध्वनि विस्तारक यंत्र का प्रयोग प्रतिबंधित किया है। जारी आदेश के अनुसार परीक्षार्थियों के अध्ययन में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो, इसके लिए कोलाहल नियंत्रण अधिनियम 1985 की धारा 5(2) एवं धारा 10(2) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिले की संपूर्ण सीमा में 20 फरवरी से 18 मार्च तक रात्रि 10 से प्रातः 06 बजे तक ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग पर प्रतिबंध लगाया गया है। इस अवधि में किसी भी प्रकार के लाउडस्पीकर, डीजे, ध्वनि विस्तारक यंत्र अथवा अन्य शोर उत्पन्न करने वाले उपकरणों के उपयोग की अनुमति नहीं होगी। परीक्षा अवधि को ध्यान में रखते हुए यह कदम विद्यार्थियों के हित में उठाया गया है, ताकि वे एकाग्रचित्त होकर अपनी तैयारी कर सकें। उल्लेखनीय है कि यह आदेश कोलाहल नियंत्रण अधिनियम की धारा 13(1) के अंतर्गत पारित किया गया है। आदेश का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध अधिनियम की धारा 15 एवं अन्य प्रासंगिक धाराओं के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी। आवश्यकतानुसार सीमित अवधि के लिए सक्षम प्राधिकारी से अनुमति प्राप्त की जा सकेगी। जिला प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे विद्यार्थियों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए आदेश का पालन करें एवं परीक्षा अवधि के दौरान शांतिपूर्ण वातावरण बनाए रखने में सहयोग प्रदान करें।66 परीक्षा केंद्रों में होगी बोर्ड परीक्षा, 18 हजार 844 परीक्षार्थी होंगे शामिल-जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा आयोजित हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी बोर्ड परीक्षा के लिए 209 शासकीय एवं अशासकीय हाई और हायर सेकेंडरी विद्यालयों के विद्यार्थियों के लिए 66 परीक्षा केंद्र निर्धारित किए गए हैं। कक्षा 10वीं में 10 हजार 991 नियमित तथा 203 स्वाध्यायी सहित कुल 11 हजार 194 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित होंगे। वहीं कक्षा 12वीं में 07 हजार 488 नियमित एवं 162 स्वाध्यायी सहित कुल 07 हजार 650 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। इस प्रकार जिले में कुल 18 हजार 844 विद्यार्थी बोर्ड परीक्षा में शामिल होंगे। कलेक्टर कुन्दन कुमार ने केंद्रों में निर्बाध विद्युत व्यवस्था, स्वच्छ पेयजल, आवश्यक चिकित्सा सुविधा एवं अन्य मूलभूत व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने परीक्षा के सफल संचालन हेतु डिप्टी कलेक्टर मायानंद चंद्रा को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। परीक्षा के सुव्यवस्थित संचालन के लिए जिला स्तर पर 05 निरीक्षण दल गठित किए गए हैं। विकासखंड शिक्षा अधिकारी मुंगेली, लोरमी एवं पथरिया को अपने-अपने क्षेत्र में निगरानी दल गठित कर परीक्षा केंद्रों का सतत निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए हैं।

मिशन वात्सल्य योजना के तहत भर्ती प्रक्रिया

मुंगेली/नवप्रदेश। जिले में महिला एवं बाल विकास विभाग के द्वारा मिशन वात्सल्य योजना के अंतर्गत चाइल्ड हेल्पलाइन सुपरवाइजर के पद पर भर्ती हेतु प्राप्त आवेदनों की जांच व साक्षात्कार उपरांत चयन एवं प्रतीक्षा सूची जारी की गई है। सूची का अवलोकन जिले के वेबसाइट एवं कार्यालय की सूचना पटल पर मेरिट सूची का अवलोकन कर सकते हैं।

नगर के पुष्प वाटिका में जल्द दौड़ेगी टॉय ट्रेन पटरी बिछाने का काम पूर्ण

मुंगेली/नवप्रदेश। शहर के बच्चों और सैर-सपाटे के शौकीनों के लिए एक बड़ी खुशखबरी है। नगर के स्टेडियम स्थित पुष्प वाटिका में मनोरंजन के नए साधन के रूप में टॉय ट्रेन चलाने की तैयारी अंतिम चरण में पहुंच गई है। लंबे समय से प्रतीक्षित इस प्रोजेक्ट के तहत रेल पटरी (ट्रैक) बिछाने का कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिया गया है। तैयारियां जोरों पर, अब बस छुक-छुक का इंतजार-नगर पालिका प्रशासन द्वारा पुष्प वाटिका के सौंदर्यीकरण और पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए यह पहल की गई है। अधिकारियों के मुताबिक, ट्रैक बिछने के बाद अब केवल इंजन और डिब्बों के आगमन तथा ट्रायल रन की प्रतीक्षा है। पार्क के चारों ओर हरियाली के बीच से गुजरती हुई पटरियां बिछाई गई हैं। ट्रेन के संचालन के दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं ताकि बच्चे सुरक्षित सफर का आनंद ले सकें। बच्चों और अभिभावकों में खुशी की लहर-जैसे ही ट्रैक बिछाने का काम पूरा हुआ, स्थानीय बच्चों में जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है। शाम को पार्क घूमने आने वाले बच्चों के लिए अब यह मुख्य आकर्षण का केंद्र बन गया है। काफी समय से यहां काम चल रहा है। पटरी बिछ जाने से अब पक्का यकीन हो गया है कि जल्द ही हम ट्रेन में बैठ पाएंगे। अब हमें टॉय ट्रेन के लिए बड़े शहरों में जाने की जरूरत नहीं होगी। प्रशासन का लक्ष्य है कि आने वाले कुछ ही हफ्तों में इसका विधिवत् उद्घाटन कर इसे आम जनता के लिए खोल दिया जाए।

पीएमएफएमई योजना अंतर्गत उद्यमिता जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन

अंबिकापुर/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना के तहत जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र अम्बिकापुर द्वारा जपं लुण्ड्रा, जनपद पंचायत सीतापुर एवं जपं नर्मदापुर मैनपाट में एक दिवसीय उद्यमिता जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभाग द्वारा संचालित पीएम सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना , पी.एम.ई.जी.पी. औद्योगिक विकास नीति 2024-30 की विस्तृत जानकारी उद्यमियों को प्रदान की गई। इस अवसर पर प्रबंधक अश्विनी शुक्ला, सहायक प्रबंधक संदीप पन्ना, संबंधित जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, बीपीएम द्वारा विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। जागरूकता शिविर में खाद्य प्रसंस्करण उत्पाद से सम्बन्धित स्वयं सहायता समूहों, व्यक्तिगत इकाई के नवीन प्रकरण तैयार कर लाभान्वित कराए जाने हेतु उपस्थित उद्यमियों को प्रोत्साहित कर योजना के बारे में बताया गया।

कलेक्ट्रेट घेराव, जनसमस्याओं को लेकर कांग्रेस का प्रदर्शन

मुंगेली/नवप्रदेश। मनरेगा के नाम एवं नियमों में बदलाव, सहित ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली व पेयजल समस्या तथा गुणवत्ता विहीन सड़कें, आवास, पेंशन, रजिस्ट्री, मे हो रही परेशानियों को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष घनश्याम वर्मा के नेतृत्व मे कांग्रेसी पदाधिकारियों सहित कार्यकर्ताओ ने कलेक्ट्रेट का घेराव कर ज्ञापन सौंपा है। जिसमें कलेक्टर सहित आम नागरिकों को असुविधा हुई और रास्ता बदलना पड़ा।

गौरतलब हो कि बीते 12 जनवरी से मनरेगा पुरे प्रदेश भर मे मनरेगा को ले कर विरोध जताया जा रहा है, जो आगामी 25 फरवरी तक चलेगा। इस कड़ी मे प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देशानुसार दिनांक 19 फरवरी को जिले के कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा कलेक्ट्रेट घेराव कर जनहित से जुड़े विभिन्न गंभीर मुद्दों पर जिसमे

ग्रामीण क्षेत्रो मे हो रही आवास संबंधी गड़बड़िया, विधवा पेंशन, वृद्धा पेंशन मे होने वाली दिक्कते, सड़क, पानी, बिजली, को लेकर ज्ञापन सौंपा है। इस दौरान जिलाध्यक्ष घनश्याम वर्मा ने कहा सबसे पहले मनरेगा (महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम) के नाम एवं नियमों में बदलाव किए जा रहे बदलाव को लेकर गहरी चिंता व्यक्त की जाती है। मनरेगा ग्रामीण गरीबों, मजदूरों एवं जरूरतमंद परिवारों के लिए जीवनरेखा का कार्य करती है। यदि इसके मूल स्वरूप, नाम या प्रावधानों में बदलाव किया जाता है, तो इससे योजना की भावना और उद्देश्य प्रभावित होंगे। जिले में पहले से ही मजदूरों को समय पर रोजगार उपलब्ध नहीं हो पा रहा है तथा मजदूरी भुगतान में देरी हो रही है। कई पंचायतों में मांग के अनुरूप कार्य स्वीकृत नहीं किए जा रहे हैं। अतः मनरेगा के मूल स्वरूप को बरकरार रखते हुए सभी पात्र हितग्राहियों को 100 दिनों का रोजगार सुनिश्चित किया जाए तथा लंबित भुगतान शीघ्र किया जाए। पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष हेमेंद्र गोस्वामी ने कहा कि जिस तरह से सरकार ने रजिस्ट्री शुल्क बढ़ाने का मन बनाया है उसके चलते अब जमीन खरीदना आम आदमी के लिए एक सपना हो जायेगा, साथ ही जिले मे रजिस्ट्री को लेकर जो नजरी नक्शा का फरमान जारी हुआ है वह पुरे प्रदेश मे कही भी लागू नहीं है। संजीत बनर्जी ने कहा कि शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली व्यवस्था अत्यंत खराब स्थिति में है। लगातार अघोषित बिजली कटौती, लो-वोल्टेज की समस्या एवं जर्जर ट्रांसफॉर्मरों के कारण आमजन और किसान दोनों प्रभावित हो रहे हैं। सिंचाई कार्य बाधित हो रहे हैं, जिससे किसानों की फसलें प्रभावित हो रही हैं। कई गांवों में महीनों से ट्रांसफॉर्मर खराब पड़े हैं, जिनकी मरम्मत या बदलाव नहीं किया गया है। अतः विद्युत आपूर्ति को नियमित एवं सुचारु करने हेतु ठोस कार्रवाई की जाए। ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल संकट भी विकराल रूप ले चुका है। अनेक हैंडपंप खराब पड़े हैं, नल-जल योजनाएं बंद हैं तथा टैंकर व्यवस्था भी पर्याप्त नहीं है।

कलेक्टर ने शासकीय विद्यालयों का किया औचक निरीक्षण

मुंगेली/नवप्रदेश। कुन्दन कुमार ने विकासखंड मुंगेली के ग्राम बांकी स्थित आंगनबाड़ी केंद्र एवं शासकीय विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बच्चों से आत्मीय संवाद किया, पोषण आहार एवं 'रेडी टू ईट' मेन्यू की जानकारी ली तथा स्वयं भोजन चखकर गुणवत्ता की जांच की। कलेक्टर ने भोजन स्वच्छता के साथ पकाने, ताजी सब्जियों का उपयोग सुनिश्चित करने और पोषण मानकों का पालन करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। बच्चों के उत्साहवर्धन हेतु उन्हें चॉकलेट भी वितरित की गई।

कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान जैतपुरी-बांकी सामुदायिक शौचालय में ताला बंद पाए जाने पर ब्लॉक समन्वयक को कड़ी फटकार लगाई। साथ ही गांव में साफ-सफाई की स्थिति संतोषजनक नहीं मिलने पर जनपद सीईओ एवं संबंधित अधिकारियों पर नाराजगी जताते हुए स्वच्छ भारत मिशन से जुड़े स्टाफ को नोटिस जारी करने एवं वेतन रोकने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि विकास कार्यों में गुणवत्ता, पारदर्शिता और समयबद्धता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा तथा लापरवाही बरतने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसके पश्चात कलेक्टर ने शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला एवं उच्च माध्यमिक शाला बांकी का निरीक्षण किया। विद्यालय परिसर में स्वच्छता की कमी पाए जाने पर तत्काल सुधार के निर्देश दिए गए। आगामी बोर्ड परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए परीक्षा केंद्रों की तैयारियों की समीक्षा की गई तथा नकल रोकने और नियमित निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश प्रदान किए गए।

श्याम निशान रथ यात्रा में महिलाओं की रही भागीदारी

घरघोड़ा/नवप्रदेश। घरघोड़ा नगर में इस बार भारतीय अखिल मारवाड़ी महिला समिति के सदस्यों के द्वारा श्याम निशान यात्रा में बढ़-चढ़कर रथ यात्रा में भाग लिए इस यात्रा में मारवाड़ी महिला समिति के अलावा भी अन्य महिलाओं ने बढ़ चढ़कर अपनी रुचि दिखाई तथा सभी महिलाओं को सम्मानित किया गया।

नगर में गायत्री मंदिर से होकर नया बस स्टैंड तक रैली निकले जिसमें विभिन्न संगठनों के द्वारा रास्ते में जलपान की व्यवस्था भी किया गया था इस रैली में मुख्य

रूप से अखिल भारतीय मारवाड़ी समिति की अध्यक्ष पिंकी मित्तल सचिव मंजू अग्रवाल कोषाध्यक्ष रश्मि मित्तल तथा समिति के समस्त सदस्यों के द्वारा कार्यक्रम को सफल बनाया गया कार्यक्रम के पश्चात रात्रि को भोजन की भी व्यवस्था किया गया था।

किसानों की शिकायतें और कार्रवाई की मांग

मुंगेली/नवप्रदेश। मनियारी बैराज अंतर्गत मुआवजा भुगतान से जुड़े अमीन पटवारी तनय देवांगन को पृथक किये जाने की मांग किसानों ने की है।

भाजपा नेत्री सरिता भारद्वाज के नेतृत्व में किसानों ने एसडीएम को ज्ञापन देते हुए बताया कि मुआवजा भुगतान प्रकरण देख रहे अमीन पटवारी से संपर्क करने पर किसानों से भूमि अधिग्रहण का मुआवजा भुगतान हेतु 8 प्रतिशत राशि प्रति किसान से मांग किया जा रहा है। मनियारी बैराज में किसानों की जमीन का पिछले 12 वर्ष से भू अधिग्रहण का मुआवजा विलम्ब

हो चुका है। किसान अमीन पटवारी से संपर्क करने पर बोलते है कि अभी 2 साल और लगेगा। मेरे पास एक ही काम नहीं है। 8 प्रतिशत राशि देने पर तुम लोग अपना मुआवजा भूल जाओ कहता है। उच्चाधिकारियों को भी राशि देना पड़ता है। उक्त अमीन पटवारी ग्राम रोना कापा, पड़रिया छाप, कुकुसदा के किसानो से सोदे बाजी कर रहा है। किसान कन्हैया लाल, परेमेश्वर, देवचंद, निलेश, नरबद आदि किसानों उक्त अमीन पटवारी पर कार्य वाही करते हुए अन्य की ड्यूटी लगाये जाने कि मांग की है।

धान उठाव को लेकर राइस मिलर्स की बैठक

मुंगेली/नवप्रदेश। जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 अंतर्गत जिले के 105 उपार्जन केन्द्रों में खरीदे गए धान के उठाव के संबंध में कलेक्टर कुन्दन कुमार ने जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में राइस मिलर्स की विस्तृत बैठक ली और उठाव में तेजी लाने के कड़े निर्देश दिए। बैठक में उठाव की धीमी प्रगति पर असंतोष व्यक्त करते हुए उन्होंने स्पष्ट कहा कि सभी मिलर्स खरीदी केन्द्रों से शीघ्र ही पूरे धान का उठाव पूर्ण करें, अन्यथा नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने बैठक में अनुपस्थित 04 मिलर्स पर नाराजगी जाहिर करते हुए कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने परिवहन व्यवस्था की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि धान उठाव एवं परिवहन कार्य केवल जीपीएस युक्त वाहनों से ही किया जाए तथा बिना जीपीएस वाहनों के संचालन पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाए।

छग राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा का आयोजन

मुंगेली/नवप्रदेश। छग लोक सेवा आयोग द्वारा राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा का आयोजन 22 फरवरी को किया जाएगा। कलेक्टर ने परीक्षा के सुचारु, पारदर्शी एवं निष्पक्ष संचालन के लिए व्यापक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। यह परीक्षा जिले के 05 परीक्षा केंद्रों डॉ.ज्वाला प्रसाद मिश्र शासकीय विज्ञान महाविद्यालय, शासकीय एसएनजी महाविद्यालय, बी.आर.साव शासकीय उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय, शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला नगर पालिका और शासकीय उच्चतर माध्यमिक कन्या शाला में आयोजित होगी, जिसमें कुल 1603 अभ्यर्थी शामिल होंगे। सभी केंद्रों पर सुरक्षा, पेयजल, विद्युत, बैठने की व्यवस्था एवं निगरानी के विशेष प्रबंध सुनिश्चित किए जा रहे हैं। आयोग द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार परीक्षा केन्द्र में प्रवेश के पूर्व सभी परीक्षार्थियों की हैंड हेल्ड मेटल डिटेक्टर से जांच के साथ ही हाथों से तलाशी ली जाएगी, जिसके लिए परीक्षार्थियों को अपने निर्धारित परीक्षा केंद्र में कम से कम 02 घंटे पूर्व पहुंचना अनिवार्य होगा।

राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा रविवार 22 फरवरी को

अंबिकापुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग रायपुर द्वारा राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा का आयोजन रविवार 22 फरवरी को किया है। यह परीक्षा दो पालियों में होगी। प्रथम पाली का समय सुबह 10 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक तथा द्वितीय पाली का समय अपरान्ह 03:00 बजे से 5 बजे तक निर्धारित किया है। अम्बिकापुर में 12 परीक्षा केन्द्र बनाये गये हैं, परीक्षा में 5601 परीक्षार्थी शामिल होंगे। उक्त परीक्षा के संचालन का देख-रेख, प्रश्न पत्र के सीलबंद गोपनीय पैकेट्स को परीक्षा केन्द्र तक समुचित सुरक्षा व्यवस्था में पहुंचाना, परीक्षा में अनैतिक कार्यों/नकल आदि को रोकना, परीक्षा समाप्ति पश्चात् अभ्यर्थियों की उपस्थिति की जानकारी एकत्रित करना एवं परीक्षा समाप्ति पश्चात परीक्षा केन्द्रों से केन्द्राध्यक्ष से सीलबंद पार्सल एकत्रित कर नोडल अधिकारी (परीक्षा) को सुपुर्द किए जाने हेतु उड़नदस्ता दल का गठन किया गया है।

पेज 3 का शेष

सरकार जल संरक्षण को...

पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा। साथ ही गांवों के युवाओं को जल मित्र के रूप में प्रशिक्षित किया जाएगा, ताकि अभियान को गति मिल सके। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि क्रिटिकल और सेमी-क्रिटिकल ब्लॉकों पर विशेष फोकस रखते हुए सेमी-क्रिटिकल ब्लॉकों में 40 प्रतिशत तथा क्रिटिकल ब्लॉकों में 65 प्रतिशत जल संरक्षण कार्यों का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने प्रदेशवासियों से जल संरक्षण को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने, जल संरचनाओं की रक्षा करने और जल के प्रति जिम्मेदार सोच अपनाने का आह्वान भी किया। केंद्रीय मंत्री पाटिल ने प्रदेश के समस्त कलेक्टरों से मनरेगा के तहत जल संचय कार्यों के लिए प्राप्त राशि का पूर्ण और प्रभावी उपयोग सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने राजनांदगांव प्रवास के दौरान एक महिला सरपंच द्वारा स्वयं के प्रयासों से जल संचयन के लिए किए गए उल्लेखनीय कार्यों की प्रशंसा की। इसके साथ ही उन्होंने जल संचय में व्यापक जनभागीदारी बढ़ाने पर जोर दिया। बैठक में मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह, जल संसाधन विभाग के सचिव राजेश सुकुमार टोप्पो तथा जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार के सचिव कांताराव और छत्तीसगढ़ के समस्त कलेक्टर वर्चुअली उपस्थित थे।

महिला कांस्टेबल से रेप ...

पूरी होने दो, फिर शादी और बच्चे के बारे में सोचेंगे। इसके बाद, दिलीप ने उसे बहला-फुसलाकर जबरन दवा देकर अबॉर्शन करवा दिया।

कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता...

संशोधित अधिनियम 2025 के प्रावधानों के अनुसार होंगी। नई नियुक्ति से विश्वविद्यालय में शैक्षणिक गतिविधियों को नई दिशा मिलने और पत्रकारिता और जनसंचार के क्षेत्र में गुणवत्ता को और बेहतर करने की उम्मीद जताई जा रही है।

12वीं बोर्ड की परीक्षा शुरू...

उत्तरीय प्रश्नों की संख्या बढ़ी है। नकलचियों पर कड़ी नजरः मंडल ने नकल रोकने के लिए विशेष रणनीति बनाई है। सभी जिलों के कलेक्टर और जिला शिक्षा अधिकारियों को सख्त निर्देश हैं। जिला और विकासखंड स्तर पर उड़नदस्तों का गठन किया है। जिससे कि परीक्षा केंद्रों पर निगरानी व्यवस्था मजबूत की जा सके।

साय सरकार को घेरने कांग्रेस...

का खाका रखा जाएगा, जिससे प्रदेश की आर्थिक दिशा तय होगी। **इन्फ्रास्ट्रक्चर और खेल सुविधाओं पर जोरः** सूत्रों के मुताबिक बजट में नगरीय निकायों और ग्रामीण क्षेत्रों में रिंग रोड निर्माण के लिए लगभग 100 करोड़ रुपए का प्रावधान किया जा सकता है। इसके अलावा नए खेल परिसर, इंडोर स्टेडियम और मौजूदा खेल संरचनाओं के नवीनीकरण को योजना भी शामिल हो सकती है। इससे युवाओं के लिए खेल और कौशल विकास के अवसर बढ़ाने का प्रयास किया जाएगा।

परीक्षा देने जा रहे दो छात्र...

के दो छात्र अनिकेश तिवारी पिता कुलदीप तिवारी निवासी झेराडीह, मिशाक एक्का पिता चंदेश्वर एक्का निवासी बेलकोटा बिना नंबर के केटीएम बाइक पर रफ्तार से आ रहे थे। छात्र की मौत से स्कूल सहित परिजनों में पसरा मातमः आपको बता दें कि, परीक्षा सेंटर में समय से पहुंचने के लिए बाइक को रफ्तार से चलाया जा रहा था। जहां छात्र बाइक को नियंत्रित नहीं कर पाए, जो सड़क से सटे गिट्टी से उछलते हुए प्रतीक्षालय से टकरा गए। वहीं शुक्रवार से 12वीं बोर्ड फिजिक्स का पहला पेपर था, जो 9 बजे से 12 बजे तक का समय निर्धारित था। दोनों छात्र परीक्षा सेंटर पहुंचने के जल्दबाजी में दुर्घटना का शिकार हो गए। इस दुखद घटना से परिजन पर दु:खों का पहाड़ टूट गया है।

राजस्थान में सिस्टम सक्रिय, पश्चिमी विक्षोभ के असर से एक-दो दिनों में बारिश की संभावना

बिलासपुर/नवप्रदेश। गर्मी का असर बढ़ने से पहले ही मौसम ने करवट ले ली है। शहर में पहली बार आसमान पर घने बादल नजर आए, जिससे बीते 24 घंटे में दिन और रात के तापमान में उल्लेखनीय बदलाव दर्ज किया गया। अधिकतम तापमान जहां 1.5 डिग्री सेल्सियस गिरकर 32.5 से 31 डिग्री पर आ गया, वहीं न्यूनतम तापमान 3.7 डिग्री बढ़कर 18.7 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ, जो सामान्य से दो डिग्री अधिक है। एक-दो दिनों में बारिश की संभावना जताई जा रही है।

फरवरी में पहली बार छाए रहे बादल

गर्मी का सीजन शुरू होने से पहले पहली बार आसमान पर बादल नजर आए। बादलों के असर से 24 घंटे में दिन व रात के तापमान में बदलाव हुआ। अधिकतम तापमान जहां डेढ़ डिग्री घट गया, वहीं रात का तापमान 3.7 डिग्री चढ़ा। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक पश्चिमी विक्षोभ के असर से 23-24 फरवरी को बारिश हो सकती है। धीरे-धीरे मौसम में बदलाव हो रहा था। गर्मी बढ़ रही थी लेकिन पश्चिमी विक्षोभके असर से दिन के तापमान में कमी आई है।

शुष्क हवाओं का प्रभाव

मौसम वैज्ञानिक के अनुसार प्रदेश में आने वाली ठंडी और शुष्क हवाओं का प्रभाव कमजोर पड़ने से न्यूनतम तापमान में वृद्धि हुई है। उन्होंने बताया कि 23 और 24 फरवरी को हल्की बारिश होने की संभावना है। हालांकि इसके बाद मौसम के शुष्क रहने के आसार हैं, जबकि अधिकतम तापमान में भी हल्की बढ़ोतरी हो सकती है।

फरवरी में पहले भी हो चुकी है बारिश

बिलासपुर में फरवरी माह में पूर्व में भी अच्छी बारिश दर्ज की गई है। वर्ष 2020 में सबसे अधिक 78.2 मिमी वर्षा हुई थी। वहीं 24 फरवरी 2020 को 24 घंटे के भीतर 31.2 मिमी (करीब तीन सेंटीमीटर) बारिश रिकॉर्ड की गई थी। इस बार भी मौसम वैज्ञानिकों ने 24 फरवरी को बारिश की संभावना जताई है। अन्य वर्षों की बात करें तो 2016 में 1.4 मिमी, 2017 में 0.5 मिमी, 2018 में 26.8 मिमी, 2019 में 8 मिमी, 2021 में 23.8 मिमी, 2022 में 5.3 मिमी तथा 2024 में 41.2 मिमी वर्षा दर्ज की गई थी। जबकि 2023 और 2025 में फरवरी माह में बारिश नहीं हुई थी।

दोपहर बाद तापमान में गिरावट

सुबह से ही आसमान पर बादलों का असर रहा और धूप की तीव्रता कम रही। दोपहर बाद तापमान में गिरावट दर्ज की गई, जिससे शाम के समय हल्की ठंड का अहसास हुआ। इससे पहले एक दिन पूर्व न्यूनतम तापमान 15 डिग्री था, जो सामान्य से 1.7 डिग्री कम था। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार यह बदलाव पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव के कारण हुआ है। एचपी चंद्रा के मुताबिक एक पश्चिमी विक्षोभ ऊपरी हवा के चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण के रूप में उत्तर राजस्थान और उससे लगे पंजाब व हरियाणा के ऊपर 3.1 से 7.6 किमी की ऊंचाई तक सक्रिय है।

न्यूज गैलरी

राज्यपाल रमेन डेका आज आएंगे

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के राज्यपाल महामहिम श्री रमेन डेका 21 फरवरी को बिलासपुर प्रवास पर रहेंगे। निर्धारित दौरा कार्यक्रम के अनुसार राज्यपाल श्री डेका रायगढ़ से सड़क मार्ग से रवाना होकर दोपहर 2 बजे बिलासपुर पहुंचेंगे। राज्यपाल का आगमन अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय के अतिथि गृह में होगा। इसके पश्चात वे यूनिवर्सिटी में दोपहर 3 बजे 'ट्रांसफॉर्मिंग यूनिवर्सिटीज फॉर होलिस्टिक डेवलपमेंट' विषय पर आयोजित कुलपतियों के सम्मेलन के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कार्यक्रम उपरांत राज्यपाल शाम 4 बजे बिलासपुर से चंदखुरी, जिला मुंगेली के लिए सड़क मार्ग से प्रस्थान करेंगे। इसके बाद शाम 5.15 बजे सड़क मार्ग से लोकभवन रायपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

परीक्षा केंद्रों का किया गया निरीक्षण

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिले में 20 फरवरी से छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल के बारहवीं बोर्ड की परीक्षा प्रारंभ हो गई है। परीक्षा केंद्रों में शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित वातावरण में परीक्षा संचालित की जा रही है। परीक्षा संचालन की व्यवस्था का जायजा लेने के लिए संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग के प्रभारी संयुक्त संचालक अनिल तिवारी एवं सहायक संचालक सतीश कुमार पाटिल द्वारा विभिन्न केंद्रों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान हायर सेकेण्डरी परीक्षा केंद्र सेजेस रतनपुर, शासकीय उमावि लखराम, शहीद नूतन सोनी शासकीय उमावि रतनपुर, शासकीय उमावि भरारी, सेजेस सेन्दरी एवं शासकीय उमावि सेमरताल का अवलोकन किया गया। सभी केंद्रों में परीक्षा का संचालन सुचारू रूप से होता पाया गया। संयुक्त संचालक श्री तिवारी ने पर्यवेक्षण पंजी संधारण, प्रश्न पत्र लेखा तथा उत्तर पुस्तिका लेखा का संधारण व्यवस्थित ढंग से करने के निर्देश दिए। उन्होंने पर्यवेक्षकों की ड्यूटी निर्धारण में सतर्कता से कार्य करने कहा।

उपमुख्यमंत्री साव ने जनदर्शन में सुनीं समस्याएं

बिलासपुर/नवप्रदेश। उप मुख्यमंत्री और जिले के प्रभारी मंत्री अरुण साव ने आज नेहरू चौक बिलासपुर स्थित अपने शासकीय कार्यालय में आयोजित जनदर्शन कार्यक्रम में सैकड़ों नागरिकों से मुलाकात कर उनकी सामुदायिक एवं व्यक्तिगत समस्याएं गंभीरता से सुनीं। जनदर्शन में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे लोगों ने अपनी मांगों और शिकायतों को सीधे उप मुख्यमंत्री के समक्ष रखा। श्री साव ने प्रत्येक आवेदन को इत्मीनान के साथ सुनते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। जनदर्शन में प्रगतिशील युवा स्वर्णकार समाज, बिलासपुर के प्रतिनिधियों ने सामाजिक भवन में हो रहे कथित अवैध निर्माण को रोकने तथा दोषियों पर कार्रवाई की मांग करते हुए आवेदन सौंपा। वहीं ग्राम पंचायत डेका के सरपंच ने लाल खदान से दर्रीघाट तक डिवाइडर में स्ट्रीट लाइट लगाने की मांग रखी, ताकि क्षेत्र में आवागमन सुरक्षित हो सके। देसहा कुर्मी क्षेत्रीय महासभा सेमरसेल मुंगेली के अध्यक्ष कलेश्वर कश्यप ने सेमरसल में कुर्मी समाज के सामुदायिक भवन की स्वीकृति हेतु ज्ञापन दिया। प्रेस कर्मचारी संघ के महासचिव तेरस यादव ने अपने पुत्र की उच्च शिक्षा के लिए आर्थिक सहायता प्रदान करने का निवेदन किया।

कुलपति के कार्यकाल में एयू में हुए अनियमितताओं व पूर्व विवादास्पद रिकॉड की भी हो उच्च स्तरीय जांच

कुलपति की कार्यकाल समाप्ति पर कमिश्नर को ही प्रभार देने छात्रों ने मंत्री वर्मा से की मांग

बिलासपुर/नवप्रदेश। प्रदेश के प्रतिष्ठित अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर में कुलपति प्रो एडीएन वाजपेई का कार्यकाल इसी माह समाप्त हो रहा है उनके विवादास्पद रिकॉर्ड को देखते हुए नए कुलपति चयन तक कुलपति का प्रभार नियमानुसार संभागायुक्त को देने तथा लंबे समय से जारी भर्ती, वित्तीय, प्रशासनिक एवं निर्माण कार्यों में गंभीर अनियमितताओं, भ्रष्टाचार एवं तानाशाहीपूर्ण कार्यशैली पर कारवाई को करने को लेकर छात्र-छात्राओं के प्रतिनिधिमंडल ने उच्च शिक्षा मंत्री टंक राम वर्मा को रायपुर निवास में मिल विस्तृत ज्ञापन सौंपा है। प्रतिनिधिमंडल ने मंत्री महोदय को बताया कि विश्वविद्यालय में कुलपति के वर्तमान कार्यकाल के दौरान शैक्षणिक एवं गैर-शैक्षणिक पदों पर भर्ती में भारी अनियमितताएं की गई हैं। आरोप है कि भर्ती प्रक्रिया में पारदर्शिता का अभाव रखते हुए नियमों की अनदेखी कर चहेते व्यक्तियों को लाभ पहुंचाया गया, आरक्षण रोस्टर में हेरफेर किया गया तथा स्क्रूटनी एवं चयन प्रक्रिया में मनमानी की गई, जो शासन एवं यूजीसी के नियमों का

उच्च शिक्षा मंत्री से छात्रों ने की मांग

अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय में भर्ती, वित्तीय एवं प्रशासनिक कार्यों की उच्च स्तरीय स्वतंत्र जांच कराई जाए। निर्माण एवं निविदा कार्यों में हुए भ्रष्टाचार की विस्तृत जांच पर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए। पूर्व के जांच उपरांत प्रेषित प्रतिवेदनों पर त्वरित कार्यवाही की जाएं। विश्वविद्यालय की पारदर्शिता एवं शैक्षणिक वातावरण को पुनः स्थापित किया जाए। कुलपति के पूरे कार्यकाल एवं पूर्व विवादास्पद रिकॉर्ड की समग्र जांच कर उचित निर्णय लिया जाए। उच्च शिक्षा मंत्री ने छात्रों के प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि ज्ञापन में उठाए गए बिंदुओं का गंभीरता से परीक्षण कर निर्णय लिया जाएगा।

व्यक्तिगत प्रचार के लिए राशि उपयोग का आरोप

ज्ञापन में विश्वविद्यालय में हुए वित्तीय दुरुपयोग को भी प्रमुखता से उठाया गया। आरोप है कि विश्वविद्यालय के धन का उपयोग शैक्षणिक विकास के बजाय व्यक्तिगत प्रचार के लिए किया गया, जिसमें होर्डिंग, कैलेंडर एवं अन्य प्रचार सामग्री पर लाखों रुपए खर्च किए गए। इसके अतिरिक्त कुलपति कार्यालय एवं कुलपति निवास के मेंटेनेंस, यात्रा व्यय एवं अन्य मदों में संदिग्ध भुगतान किए गए, जिसकी निष्पक्ष जांच आवश्यक है।

निर्माण व निविदा में अनियमितता की शिकायत

छात्रों ने बताया कई निर्माण एवं निविदा कार्यों में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार का भी आरोप लगाया। बताया गया कि डॉ शैलेंद्र दुबे के कार्यकाल में कार्यों को टुकड़ों में विभाजित कर कोटेशन के माध्यम से चहेते फर्मों को लाभ पहुंचाया गया। विश्वविद्यालय में एल्युमिनियम पार्टिशन, लैंग्वेज लैब निर्माण,पार्किंग, शोध कक्ष को तोड़कर पुनर्निर्माण, कैंटीन निर्माण सहित कई कार्यों में लाखों से करोड़ों रुपए खर्च किए गए, लेकिन इन कार्यों में पारदर्शिता नहीं रखी गई और नियमों की अनदेखी की गई।

यूजीसी के नियमों का उल्लंघन

छात्रों ने यह भी बताया कि विश्वविद्यालय प्रशासन छात्रों की शिकायतों पर कार्रवाई करने के बजाय आवाज उठाने वाले छात्रों पर दमनात्मक कार्रवाई करता है। अपने कर्मचारियों को मनमाने ढंग से हटाना जैसे कदम विश्वविद्यालय के लोकतांत्रिक वातावरण को समाप्त कर रहे हैं। इनके द्वारा दो संस्थानों से एक साथ पेंशन तथा सैलरी ली गई है जिसका नियमानुसार समायोजन नहीं कराया गया जो यूजीसी के नियमों का स्पष्ट उल्लंघन है।

मनरेगा के नाम पर भ्रम फैला रही कांग्रेस: सिंह

बिलासपुर/नवप्रदेश। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के नाम परिवर्तन को लेकर कांग्रेस द्वारा नेहरू चौक से कलेक्ट्रेट तक निकाली गई रैली पर भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता बी पी सिंह ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। बी पी सिंह ने कहा कि कांग्रेस विकास, पारदर्शिता और प्रावधानों पर चर्चा करने के बजाय केवल नाम की राजनीति कर रही है। उन्होंने कहा कि यदि कांग्रेस को सच में ग्रामीण मजदूरों की चिंता है तो उसे यह स्पष्ट करना चाहिए कि मनरेगा के मूल प्रावधान क्या हैं, भुगतान व्यवस्था कितनी प्रभावी रही है।

राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम आयोजित

बिल्हा/नवप्रदेश। सामूहिक दवा सेवन 2026 फाइलेरिया मुक्ति अभियान जो की 10 फरवरी से विकासखंड बिल्हा में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिल्हा के अधीन समस्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, उप स्वास्थ्य केंद्रों सेक्शन वाइस अभियान चलाया जा रहा है जिसकी सतत निरीक्षण के लिए भारत सरकार नई दिल्ली की टीम जिसमें प्रमुख रूप से डॉ. सुदर्शन मंडल सर का बिल्हा विकासखंड में आगमन हुआ जो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिल्हा, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चकरभाठा,उप स्वास्थ्य केंद्र नयापारा तथा ग्राम रहेंगी का निरीक्षण कर डोर टू डोर जाकर इसका प्रचार एवं लाभ के बारे में जागरूक किया गया तथा इसके फायदे बताए गए कार्यक्रम की सफलता के लिए खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ एस के गुप्ता एवं डॉ बी के वैष्णव तथा विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक अनिल कुमार गढ़ेवाल को बधाई दिए।

बिलासपुर में अनुसंधान गतिविधियों की समीक्षा

रिसर्च मॉनिटरिंग कमेटी ने रबी 2025-26 कार्यों का किया मूल्यांकन

बिलासपुर/नवप्रदेश। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर के संचालक अनुसंधान सेवाएं द्वारा गठित रिसर्च मॉनिटरिंग कमेटी ने रबी 2025-26 के अंतर्गत संचालित अनुसंधान कार्यों की प्रगति की समीक्षा हेतु क्षेत्रीय कृषि अनुसंधान केंद्र, बिलासपुर का भ्रमण किया। समिति की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के एसोसिएट डायरेक्टर रिसर्च डॉ. एच.सी. नंदा ने की। समिति के अन्य सदस्यों में डॉ. दीपक कुमार चंद्राकर, प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष (एग्रोनॉमी) तथा डॉ. देवशंकर, प्रधान वैज्ञानिक एवं प्रभारी, सेंटर ऑफ एक्सीलेंस ऑन प्रोटेक्टेड कल्टीवेशन एंड प्रिसिजन फार्मिंग शामिल रहे। भ्रमण के दौरान टीम का स्वागत डॉ. एस.एल. स्वामी, अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र, लोरमी-मुंगेली, डॉ. संजय कुमार वर्मा, मुख्य वैज्ञानिक, क्षेत्रीय कृषि अनुसंधान केंद्र, बिलासपुर तथा डॉ. गीत शर्मा, वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख कृषि विज्ञान केंद्र, बिलासपुर द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर किया गया।

जैव नियंत्रण प्रयोगशाला चोरभट्ठी का निरीक्षण

निरीक्षण के दौरान समिति ने विभिन्न अनुसंधान इकाइयों एवं परियोजना स्थलों का विस्तृत अवलोकन किया। प्रमुख रूप से टिश्यू कल्चर प्रयोगशाला, अखिल भारतीय समन्वित गेहूं परियोजना एवं सिंचाई जल प्रबंधन इकाई, आईजीकेवी-आईआरपी प्रोजेक्ट्स, विद्यार्थियों के प्रायोगिक खेत, पादप रोग विज्ञान एवं कीट विज्ञान परीक्षण क्षेत्र, एमआईडीएच प्रायोगिक प्लॉट, हाई-टेक नर्सरी, पीपीपी परीक्षण, ऑयल पाम रोपण स्थल तथा राज्य जैव नियंत्रण प्रयोगशाला, चोरभट्ठी का निरीक्षण किया गया।

जेके कॉलेज के एनएसएस विद्यार्थियों ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

बिलासपुर/नवप्रदेश। जे.के. एजुकेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस, आर्ट्स एंड कॉमर्स के राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के 7 दिवसीय विशेष शिविर के पाँचवें दिवस का शुभारंभ योग सत्र से हुआ। योगाचार्य विनोद डहरिया ने स्वयंसेवकों को विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया तथा स्वस्थ जीवन के महत्व पर प्रकाश डाला। इसके पश्चात स्वयंसेवकों ने परियोजना कार्य के अंतर्गत घर-घर जाकर महिला सशक्तिकरण, जल संरक्षण तथा विकसित भारत के निर्माण में युवाओं के योगदान के विषय में ग्रामीणों को जागरूक किया। बौद्धिक परिचर्चा सत्र में भारत स्काउट एवं गाइड, बिलासपुर की जिला संगठन आयुक्त (गाइड) डॉ. पूनम सिंह, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लिमतरी के व्याख्याता डॉ. प्रदीप निर्णेजक, जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) महेंद्र बाबू टंडन तथा जे.के. साइंस, आर्ट्स एवं कॉमर्स पोस्ट ग्रेजुएट महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. सलीम खोखर विशेष रूप से उपस्थित रहे। परिचर्चा का मुख्य विषय महिला सशक्तिकरण, विकसित भारत में युवाओं की भूमिका, जल संरक्षण एवं नशा-मुक्त समाज रहा।

नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ेगा प्रेस क्लब: अरुण साव

■ उप मुख्यमंत्री साव ने पदाधिकारियों को दिलाई शपथ

बिलासपुर/नवप्रदेश। प्रेस क्लब बिलासपुर के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि अरुण साव ने नई टीम को शपथ दिलाई। कार्यक्रम की अध्यक्षता बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक ने की। विशेष अतिथियों के रूप में कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव, बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला, महापौर पूजा विधानी, नगर निगम सभापति विनोद सोनी तथा नेता प्रतिपक्ष भरत कश्यप उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि हाल ही में संपन्न चुनाव में अजीत मिश्रा प्रेस क्लब बिलासपुर के अध्यक्ष निर्वाचित हुए हैं। उपाध्यक्ष पद पर विजय क्रांति तिवारी, सचिव संदीप करिहार, कोषाध्यक्ष किशोर कुमार सिंह, सह सचिव हरिशंकर गंगवानी तथा कार्यकारी सदस्य के रूप में कैलाश यादव चुने गए हैं। मुख्य अतिथि एवं उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने नई टीम को बधाई देते हुए कहा कि कड़ी मेहनत और एकजुटता के साथ यह टीम बिलासपुर का नाम और ऊंचा करेगी। उन्होंने कहा कि बिलासपुर प्रेस क्लब से अनेक वरिष्ठ पत्रकार निकले हैं, जिन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर बिलासपुर को पहचान बनाई है। नई टीम इस गौरव को और आगे बढ़ाएगी। उन्होंने पत्रकारिता को चुनौतीपूर्ण क्षेत्र बताते हुए कहा कि इसमें निरंतर मेहनत, प्रतिबद्धता और निष्पक्षता की आवश्यकता होती है। बड़ी संख्या में जुड़े नए पत्रकारों के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने की आवश्यकता पर जोर देते हुए उन्होंने इसमें राष्ट्रीय स्तर के पत्रकारों को भी आमंत्रित करने का सुझाव दिया। उप मुख्यमंत्री ने जानकारी दी कि बिरकोना स्थित पत्रकार कॉलोनी में सड़क निर्माण के लिए 8 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी गई है। साथ ही प्रेस क्लब भवन के कायाकल्प का कार्य भी प्रगति पर है। उन्होंने न्यायधानी की गरिमा के अनुरूप प्रेस क्लब को मजबूत बनाने में हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। अध्यक्षीय उद्बोधन में विधायक धरमलाल कौशिक ने कहा कि लोकतंत्र का चौथा स्तंभ प्रेस को माना गया है। मीडिया न केवल राजनीतिक गतिविधियों पर नजर रखती है, बल्कि बिलासपुर के हितों के लिए संघर्ष में भी अग्रणी भूमिका निभाती है। उन्होंने बताया कि प्रेस द्वारा उठाए गए मुद्दों पर राजधानी रायपुर में उच्च स्तरीय बैठकों में चर्चा कर निर्णय लिया जाना इसकी प्रभावशीलता का प्रमाण है विधायक अटल श्रीवास्तव ने कहा कि प्रेस क्लब केवल समाचार प्रकाशन तक सीमित नहीं है, बल्कि क्षेत्रीय हितों की रक्षा में भी सक्रिय भूमिका निभाती है।

सुविधा: गोंदिया से नैनपुर के मध्य दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के यात्री होंगे लाभान्वित, गोंदिया, बालाघाट, नैनपुर में इन गाड़ियों का ठहराव की सुविधा

दानापुर-चर्लपल्ली के मध्य और 12 फेरे के लिए होली स्पेशल ट्रेन की सुविधा

बिलासपुर/नवप्रदेश। *आगामी होली त्यौहार के दौरान यात्रियों को सुगम, सुरक्षित एवं आरामदायक यात्रा सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से भारतीय रेल द्वारा इस वर्ष 1,410 से अधिक होली स्पेशल ट्रेनों का परिचालन करने की योजना बनाई गई है, जिसमे दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से भी 15 होली स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जाएगा।*

इसी कड़ी में रेलवे द्वारा होली के अवसर पर मार्ग चर्लपल्ली-दानापुर मार्ग की गाड़ियों में होने वाली भीड़ को ध्यान में रखते हुए होली स्पेशल ट्रेन का परिचालन चर्लपल्ली एवं दानापुर के मध्य 12 फेरे के लिये चलाई जा रही है। इन गाड़ियो को दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के नागपुर रेल मंडल से होकर चलाई जा रही है।

07091/07092 चर्लपल्ली-दानापुर होली स्पेशल ट्रेन, 07093/0794 चर्लपल्ली-दानापुर होली स्पेशल ट्रेन, 07095/07096 चर्लपल्ली-दानापुर होली स्पेशल ट्रेन इस रूट पर तीन होली स्पेशल गाड़ियो का परिचालन किया जा रहा है।

चर्लपल्ली-दानापुर होली स्पेशल ट्रेन

यह गाड़ी चर्लपल्ली से गाड़ी संख्या 07091 नंम्बर के साथ 23, 28 फरवरी, 03 एवं 07 मार्च, को तथा दानापुर से यह गाड़ी संख्या 07092 नम्बर के साथ 25 फरवरी, 01, 05 एवं 09 मार्च, 2026 को चलेगी। इस स्पेशल ट्रेन में कुल 24 कोच रहेगी। 07093/07094 चर्लपल्ली-दानापुर होली स्पेशल ट्रेन ;- यह गाड़ी चर्लपल्ली से गाड़ी संख्या 07093 नंम्बर के साथ 28 फरवरी को तथा दानापुर से यह गाड़ी संख्या 07094 नम्बर के साथ 02 मार्च को चलेगी। इस स्पेशल ट्रेन में कुल 24 कोच रहेगी। 07095/07096 चर्लपल्ली-दानापुर होली स्पेशल ट्रेन ;- यह गाड़ी चर्लपल्ली से गाड़ी संख्या 07095 नंम्बर के साथ 1 मार्च को तथा दानापुर से गाड़ी संख्या 07096 नम्बर के साथ 3 मार्च को चलेगी। इस स्पेशल ट्रेन में कुल 24 कोच रहेगी। **गाड़ियों की समय सारणी** गाड़ी संख्या 07091/07093/07095 नंम्बर चर्लपल्ली से 13.00 बजे रवाना होकर गोंदिया 23.45/23.47 बजे दूसरे दिन बालाघाट 00.40/00.42 बजे, नैनपुर 02.20/02.22 बजे, जबलपुर 06.00/06.10 बजे, सतना 11.00/11.02 बजे, मणिकपुरी 14.00/14.02 बजे, प्रयागराज छिवकी 16.30/16.35 बजे, दानापुर 23.55 बजे पहुचेगी।

बिलासपुर/नवप्रदेश। धर्म जागरण समन्वय के द्वारा छत्रपति शिवाजी जयंती के शोभायात्रा का गोल बाजार चौक पर भव्य स्वागत किया गया। मराठा समाज के समस्त जनों को माला पहनकर स्वागत किया गया। इस कार्यक्रम में धर्म जागरण समन्वय प्रांत के राजेश मिश्रा पूर्व पार्षद जितेंद्र राय, राकेश मिश्रा, राजू ठाकुर, उमाशंकर अवस्थी, साधु हिरानी, सुधाकर सालुंके, प्रकाश मुले, प्रकाश आडवाणी, बछराज अग्रहरि आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

विश्वास निर्माण गौरव
विष्णु का सुशासन
समावेशी विकास और जनकल्याण का आधार
श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री
महिला सशक्तीकरण
महतारी वंदन योजना
68.39 लाख महिलाओं को 24 किस्तों में कुल ₹15,588.36 करोड़ अंतरित
प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना
37 लाख से अधिक महिलाएं लाभांवित
महतारी सदन
368 महतारी सदनों के निर्माण हेतु ₹108.78 करोड़ स्वीकृत
युवा सशक्तीकरण
आयु सीमा
सरकारी नौकरियों में अधिकतम आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट
पदों पर भर्ती
लगभग 32,000 रिक्त शासकीय पदों पर भर्ती प्रक्रिया जारी
उद्यम क्रांति योजना
स्वरोज़गार के लिए 50% सब्सिडी पर ब्याज मुक्त ऋण
किसान कल्याण
प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि
26 लाख किसान लाभांवित
धान
₹3100/क्विंटल और 21 क्विंटल/एकड़ की दर से धान खरीदी
बैंक राशि
दो वर्षों में किसानों के खातों में ₹1.50 लाख करोड़ से अधिक की राशि अंतरित
औद्योगिक विकास
नई औद्योगिक नीति लागू
₹7.83 लाख करोड़ से अधिक का मिला निवेश प्रस्ताव
औद्योगिक हब
नया रायपुर बन रहा औद्योगिक हब
चिप यूनिट
₹1100 करोड़ की लागत से चिप यूनिट स्थापित
26 लाख से अधिक आवास स्वीकृत
400 से अधिक प्रशासनिक सुधार से निवेश की राह आसान
पारदर्शिता लाने सुशासन एवं अभिसरण विभाग का गठन
₹51,080 करोड़ से रेल परियोजनाओं का हो रहा क्रियान्वयन
₹40 हज़ार करोड़ से अधिक लागत से राष्ट्रीय राजमार्गों का हो रहा विकास
S - 46967
सरल, सहज और उदार व्यक्तित्व वाले माननीय मुख्यमंत्री
श्री विष्णु देव साय जी को हार्दिक शुभकामनाएं
छत्तीसगढ़ जनसंपर्क
Visit us : /ChhattisgarhCMO /DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in

एआई-सप्लाई चेन सुरक्षा से जुड़ा पैक्स सिलिका समझौते पर भारत ने किए हस्ताक्षर

नई दिल्ली। भारत ने आज औपचारिक रूप से अमेरिका की अगुवाई वाली पहल 'पैक्स सिलिका' में शामिल होने के लिए हस्ताक्षर किए हैं। यह पहल आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और सप्लाई चेन (आपूर्ति श्रृंखला) सुरक्षा को मजबूत करने के लिए बनाई गई है। वहीं इस हस्ताक्षर के बाद ट्रंप सरकार में मंत्री जैकब हेलबर्ग ने कहा, पैक्स सिलिका इस बात की घोषणा है कि भविष्य उन्हीं का है जो निर्माण करते हैं और जब स्वतंत्र लोग एकजुट होते हैं। इस घोषणा में कहा गया है कि एआई भविष्य की

सबसे बड़ी ताकत है और सुरक्षित सप्लाई चेन किसी भी देश की आर्थिक और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए जरूरी है।

क्या है पैक्स सिलिका?

'आपकी पीढ़ी इस विकास दर का लाभ उठाएगी'

वहीं भारत और अमेरिका के बीच पैक्स सिलिका घोषणापत्र पर हस्ताक्षर समारोह में, केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा, 'अगर यह भावना 1947 से बनी रहती, तो हम सभी कल्पना कर सकते हैं कि भारत की विकास दर में कितनी तेजी आई होती। कोई बात नहीं, भले ही यह 2014 से हो। अब, आपकी पीढ़ी इस विकास दर का लाभ उठाएगी।'

यह अमेरिकी विदेश विभाग की प्रमुख पहल है। इसका मकसद एआई तकनीक को सुरक्षित तरीके से विकसित करना, महत्वपूर्ण सामान और संसाधनों की सप्लाई चेन को भरोसेमंद बनाना और सहयोगी देशों के बीच आर्थिक सुरक्षा बढ़ाना है। इस पहल की घोषणा में कहा गया है कि मजबूत सप्लाई चेन आर्थिक सुरक्षा के लिए बहुत जरूरी है।

अमेरिकी अधिकारियों ने भारत के शामिल होने को बहुत अहम बताया। सर्जियो गोर ने कहा यह साझेदारी 'आजादी, ताकत और जीत' का चुनाव है। उन्होंने कहा कि यह तय करेगा कि भविष्य की तकनीक बंगलूरू और सिलिकॉन वैली में बनेगी या निगरानी वाले देशों में। ट्रंप प्रशासन में मंत्री जैकब हेलबर्ग ने कहा, आज कई देश आर्थिक दबाव और ब्लैकमेल का सामना कर रहे हैं। उन्होंने कहा, 'आर्थिक सुरक्षा ही राष्ट्रीय सुरक्षा है।' यह पहल तकनीक और सप्लाई चेन को सुरक्षित बनाकर देशों की समृद्धि बढ़ाएगी।

घोषणा पर किन देशों ने किया हस्ताक्षर

इस घोषणा पर हस्ताक्षर करने वाले देशों में ऑस्ट्रेलिया, जापान, दक्षिण कोरिया, ब्रिटेन, यूएई, सिंगापुर, इस्राइल, कतर और ग्रीस शामिल हैं। जबकि कनाडा, यूरोपीय संघ, नीदरलैंड्स और ताइवान जैसे देश इसमें भागीदार के रूप में जुड़े हैं। इस समझौते पर हस्ताक्षर के समय भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर, अमेरिका के मंत्री जैकब हेलबर्ग और भारत के आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव मौजूद थे।

न्यूज गैलरी

रामचेत की मौत पर राहुल गांधी ने व्यक्त की शोक संवेदना

सुल्तानपुर। यूपी के सुल्तानपुर में कोर्ट में बयान दर्ज कराकर लौटते समय राहुल गांधी अयोध्या-प्रयागराज हाईवे के गुप्तारगंज स्थित रामचेत मोची की दुकान पर रुके। उन्होंने रामचेत के परिवार से बात की। उनके बेटे से परिवार का हाल जाना। इसके बाद लखनऊ के लिए निकल गए। राहुल गांधी ने विधायक नगर चौराहा स्थित रामचेत मोची के बेटे राघव दुकान पर थे। राहुल गांधी करीब सात मिनट उनकी दुकान पर रुके। रामचेत की मौत पर श्रंद्धाजलि अर्पित की। बेटे राघव से कहा कि वह रामचेत की मृत्यु पर नहीं आ पाए। राघव की बिटिया श्रद्धा को अपनी गोदी में उठाया। उसे चाकलेट दी और दुलार किया। राघव को आश्वासन दिया कि जब भी जरूरत पड़ेगी वह उनकी मदद के लिए खड़े हैं। बतातें चलें कि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह पर आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को सुल्तानपुर में एमपी-एमएलए कोर्ट में अपना बयान दर्ज कराया। उन्होंने अपने ऊपर लगे आरोपों को निराधार बताते हुए खुद को बेगुनाह बताया। कोर्ट ने मामले में सफाई साक्ष्य पेश करने के लिए अगली तारीख 9 मार्च निर्धारित की है। करीब आधे घंटे तक कोर्ट कक्ष का दरवाजा बंद करके मानहानि मामले में धारा 313 के तहत बयान दर्ज करने की प्रक्रिया चली। इस दौरान अदालत परिसर में समर्थकों की भारी भीड़ जुटी रही। कोर्ट कक्ष से लेकर बाहर तक कड़ी सुरक्षा व्यवस्था लागू रही। भीड़ को नियंत्रित करने में सुरक्षाकर्मियों को काफी मशक्कत करनी पड़ी। व्यवस्था बनाए रखने के लिए अतिरिक्त सतर्कता बरती गई। अब मामले की अगली सुनवाई 9 मार्च को होगी। जब बचाव पक्ष की ओर से सफाई साक्ष्य प्रस्तुत किए जाएंगे।

गुरुग्राम में तीन साल की मासूम से दरिंदगी के बाद हत्या

गुरुग्राम। साइबर सिटी में तीन साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म के बाद हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया है। सेक्टर-37 इंडस्ट्रियल एरिया के पास खाली प्लॉट में बच्ची का शव गड्ढे से बरामद हुआ। पुलिस ने 24 वर्षीय आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित और बच्ची का परिवार दोनों एक ही इमारत में रहते हैं। बच्ची आरोपित के साथ अक्सर खेलती भी थी। जांच अधिकारी के मुताबिक, लड़की के माता-पिता ने बीती रात करीब साढ़े 12 बजे गुमशुदगी दर्ज कराई थी। माता-पिता बच्ची को रात भर खोजते रहे लेकिन पता नहीं चला। सुबह उसका शव मिला। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपित की पहचान हुई। पूछताछ में उसने वारदात कबूल कर ली। जिसके बाद शव बमराद किया गया। मामले में फोरेंसिक जांच जारी है।

चीन को ऑप्टिकल संचार और 6जी तकनीक में बड़ी कामयाबी

बीजिंग(वार्ता)। चीन ने ऑप्टिकल फाइबर और वायरलेस नेटवर्क को जोड़ने वाली एकीकृत संचार प्रणाली विकसित की है, जिसने डेटा ट्रांसमिशन की गति में नया विश्व कीर्तिमान स्थापित किया है। वैज्ञानिक जर्नल नेचर में गुरुवार को प्रकाशित अध्ययन के अनुसार, एआई डाटा केंद्रों में कंप्यूटिंग शक्ति की बढ़ती मांग और अगली पीढ़ी के 6जी वायरलेस नेटवर्क के विकास के लिए विभिन्न परिस्थितियों में उच्च गति और कम विलंबता वाले सिग्नल ट्रांसमिशन की आवश्यकता होती है।

300 करोड़ रुपये की फर्जी बिलिंग का रैकेट बेनकाब

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में फर्जी बिलिंग के जरिए सरकार को बड़ा नुकसान पहुंचाने वाले नेटवर्क के खिलाफ कार्रवाई करते हुए जीएसटी इंटेलिजेंस महानिदेशालय (डीजीजीआई) ने 300 करोड़ रुपये से अधिक की फर्जी बिलिंग का भंडाफोड़ किया है। इस मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों ने कॉपर स्क्रैप के नाम पर 50 करोड़ रुपये से अधिक की फर्जी इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) भी क्लेम की थी। डीजीजीआई को इस रैकेट की गोपनीय सूचना मिली थी। जांच में पुष्टि होने के बाद 19 टीमों ने लखनऊ, दिल्ली और सोनौली सहित विभिन्न शहरों में एक साथ छापेमारी की। कार्रवाई में 100 से अधिक अधिकारी शामिल रहे।

एआई समिट के दौरान युवा कांग्रेस का उग्र प्रदर्शन, हिरासत में प्रदर्शनकारी

■ 'हम प्रोटेस्ट में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करेंगे'

नई दिल्ली। एआई इम्पैक्ट समिट के दौरान यूथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आज उग्र प्रदर्शन किया। दिल्ली पुलिस ने कई प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ नारेबाजी करने वाले कार्यकर्ताओं को प्रदर्शन के दौरान अपनी शर्ट उतारे भी देखा गया। भारत और अमेरिका के बीच अंतरिम व्यापार समझौते को लेकर उग्र विरोध कर रहे कांग्रेस कार्यकर्ताओं को भारत मंडपम के अलग-अलग पवेलियन में जाकर प्रदर्शन करते देखा गया। मौके पर मुस्तैद दिल्ली पुलिस के जवानों ने प्रदर्शन और नारेबाजी कर रहे कार्यकर्ताओं को एहतियातन हिरासत में लेकर शिखर सम्मलेन के आयोजन से दूर किया।

एक सीनियर पुलिस सूत्र ने कहा, 'हम प्रोटेस्ट में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करेंगे।' इंडियन यूथ कांग्रेस ने शर्टलेस प्रोटेस्ट के बारे में कोई ऑफिशियल बयान जारी नहीं किया है, लेकिन कहा जा रहा है कि इसमें शामिल लोग केंद्र सरकार की नीतियों की आलोचना करते हुए नारे लगा रहे थे।

वहीं इस मामले में दिल्ली पुलिस का कहना है कि वह भारतीय युवा कांग्रेस के विरोध प्रदर्शन के संबंध में कानूनी कार्रवाई कर रही है।

देश की अस्मिता से कोई समझौता नहीं- भारतीय युवा कांग्रेस

वहीं, सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में भारतीय युवा कांग्रेस ने लिखा- जब विदेश नीति में झुकाव, कॉरपोरेट दबाव और चुप्पी हावी होज तो साफहै, पीएम मोदी कॉम्प्रोमाइज्ड हैं!! इसी सच्चाई को बेनकाब करने भारतीय युवा कांग्रेस के जाबांज कार्यकर्ता एआई समिट पहुंचे और 'कॉम्प्रोमाइज्ड पीएम' के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया! देश की अस्मिता से कोई समझौता नहीं! इंकलाब जिंदाबाद

भाजपा ने बताया देश विरोधी कृत्य

भारतीय युवा कांग्रेस की प्रदर्शन पर भाजपा ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। भाजपा प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने कहा- यह एक देश विरोधी कृत्य है और देश की जनता इनको जवाब देगी। इस प्रदर्शन पर भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा, 'कांग्रेस ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि उनके लिए एआई 'महत्वाकांक्षी भारत', 'कृत्रिम बुद्धिमत्ता' या 'आकांक्षी भारत' नहीं है। उनके लिए एआई भारत-विरोधी है। यह कांग्रेस कांग्रेस नहीं, बल्कि एएनसी है, यानी राष्ट्र-विरोधी कांग्रेस। एआई शिखर सम्मेलन की दुनिया भर में प्रशंसा हो रही है। राष्ट्रपति मैक्रों से लेकर संयुक्त राष्ट्र महासचिव, शीर्ष तकनीकी कंपनियों के मालिक, सैम ऑल्टमैन से लेकर सुंदर पिचाई तक, सभी इसकी सराहना कर रहे हैं।

वैश्विक मंच पर पाक की खुली पोल

बगावत पर उतरे पाक रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ

वॉशिंगटन। एक बार फिर वैश्विक मंत्र पर पाकिस्तान की बेइज्जती हुई है। दरअसल, वॉशिंगटन में बोर्ड ऑफ पीस की पहली बैठक में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पीएम मोदी की तारीफ में कसीदे पढ़े। लेकिन इस दौरान जो घटनाक्रम हुआ, उससे पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ एक बार फिर जलील हुए। पीएम मोदी की तारीफ करते हुए राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा- वे मेरे बेहतरीन दोस्त हैं। बता दें कि, इस बैठक में भारत ने पर्यवेक्षक देश के रूप में हिस्सा लिया। ट्रंप ने गाजा में युद्धविराम की निगरानी और हमास-इस्राइल के बीच युद्ध से तबाह हुए गाजा पट्टी के पुनर्निर्माण के लिए इस संस्था का गठन किया है। वहीं, एक साक्षात्कार के दौरान पाकिस्तानी रक्षा मंत्री आसिफ ख्वाजा ने पाकिस्तान सरकार में सेना के दखल को लेकर बातचीत की है। उन्होंने बताया कि पाकिस्तान में सेना और सरकार एक हाइब्रिड व्यवस्था के तहत काम करती है।

200% टैरिफ की धमकी के बाद रुका संघर्ष : ट्रंप

अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, पाकिस्तानी प्रधानमंत्री ने हमारे चीफ ऑफ स्टाफ के सामने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप ने भारत और हमारे बीच युद्ध रोककर 2 करोड़ लोगों की जान बचाई। युद्ध भयंकर था। विमानों मार गिराए जा रहे थे। बकौल ट्रंप, 'मैंने दोनों से फोन पर बात की। मैं प्रधानमंत्री मोदी को बहुत अच्छी तरह जानता था... मैंने उन्हें फोन किया और कहा, अगर दोनों देश इस मामले को नहीं सुलझाते तो अमेरिका कोई व्यापारिक समझौता नहीं करेगा... मैंने कहा, अगर दोनों देश लड़ते रहे तो मैं दोनों देशों पर 200 प्रतिशत टैरिफ लगा दूंगा। दोनों ही लड़ना चाहते थे, लेकिन जब पैसे और भारी नुकसान की बात आई, तो उन्होंने कहा कि हम लड़ना नहीं चाहते... पैसा ही सब कुछ होता है। टकराव के दौरान 11 लड़ाकू जेट मार गिराए गए। ये बहुत महंगे जेट विमान हैं।

मुंबई के डॉक्टरों का चमत्कार, 10 साल से दृष्टिहीन गायनेकोलॉजिस्ट की आंखों की लौटाई रोशनी

नई दिल्ली। मुंबई की एक 44 वर्षीय स्त्री रोग विशेषज्ञ पिछले 10 वर्षों से गंभीर ग्लूकोमा और आंखों की जटिल बीमारियों के कारण पूरी तरह अंधी हो चुकी थीं, उनकी आंखों की रोशनी एक बेहद जटिल और दुनिया में अपनी तरह की पहली सर्जरी के जरिए वापस आ गई है। चिकित्सा विज्ञान के क्षेत्र में मुंबई के डॉक्टरों ने एक ऐसा कारनामा कर दिखाया है, जिसने पूरी दुनिया के सामने सर्जरी का एक नया कीर्तिमान भी स्थापित किया है।

'5F-ISHF' तकनीक का इस्तेमाल

डॉ. अग्रवाल्स आई हॉस्पिटल की सर्जिकल टीम ने इस चुनौती को स्वीकार किया। डॉ. सुसान जैकब के नेतृत्व में डॉक्टरों ने एक ही बार में कई जटिल प्रक्रियाओं को अंजाम दिया। गलत जगह लगे लेंस को हटाकर नई तकनीक से नया लेंस लगाया गया। यह दुनिया में अपनी तरह का पहला मामला है जहां इन सभी उन्नत तकनीकों का एक साथ उपयोग किया गया। सर्जरी के तुरंत बाद मरीज की बाईं आंख की रोशनी 6/24 तक वापस आ गई है।

सीएम रेखा ने अपने कार्यकाल की उपलब्धि गिनाई

नई दिल्ली। दिल्ली की भाजपा सरकार ने आज अपने एक वर्ष का कार्यकाल पूरा कर लिया है, इस मौके पर सीएम रेखा गुप्ता ने सरकार का एक साल का रिपोर्ट कार्ड पेश किया। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने अपने मंत्रिमंडल के सहयोगियों के साथ मिलकर सरकार की उपलब्धियों और भविष्य की योजनाओं का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। इस अवसर पर आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में, मुख्यमंत्री ने पिछले एक वर्ष में किए गए कार्यों और प्रदेश के विकास के लिए उठाए गए कदमों पर प्रकाश डाला।

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा, 'आज सरकार को एक साल पूरा हुआ है। शायद इसी समय हम इस सचिवालय में पहुंचे थे। आज की यह रिपोर्ट कार्ड हमारे एक वर्ष के तथ्य है। यह सरकार वादों की नहीं बल्कि काम की सरकार है। हमने एक वर्ष में दिल्ली को ठहराव की ओर ले जाने की कोशिश की है। हमने कागज कम और काम ज्यादा के पैटर्न को फॉलो किया। हमने अपनी पहली कैबिनेट में आयुष्मान योजना पर काम किया था। हमने 10 लाख का हेल्थ कवर दिया। हमने अटल कैंटीन को इस विजन के साथ शुरू किया ताकि कोई भूखा न सोए। दिल्ली में 70 अटल कैंटीन शुरू की गई है।' सीएम ने बताया, 'पिछली कैबिनेट बैठक में हमने आयुष्मान योजना को लागू किया। इस एक वर्ष में हेल्थ कवर के लिए 7 लाख लोग पंजीकृत हुए और 30,000 से अधिक लोगों ने आयुष्मान और वय वंदना योजना के माध्यम से लाभ प्राप्त किया।

देश से जो गद्दारी करेगा उसको बख्शा नहीं जाएगा, आतंकियों की पीढ़ी भी याद रखेगी

जम्मू। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने चेतावनी दी है कि देश के खिलाफ गद्दारी करने वालों और आतंकवादियों को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि सुरक्षा एजेंसियां आतंकवाद से जुड़े सभी मामलों की गंभीरता से जांच करेंगी और दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। वीरवार को कश्मीरी पंडितों की सम्मान के साथ घर वापसी को लेकर केंद्र की प्रतिबद्धता दोहराई। कहा कि कश्मीरी पंडितों की पूरी इज्जत और सुरक्षा के साथ वापसी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का वादा है।



उन्होंने कहा, अपनी धरती पर अजनबी बन जाना दुनिया के सबसे बड़े दुखों में से एक है। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने वीरवार को कश्मीरी पंडितों की सम्मान के साथ घर वापसी को लेकर केंद्र की प्रतिबद्धता दोहराई। कहा कि कश्मीर पंडितों की पूरी इज्जत और सुरक्षा के साथ वापसी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का वादा है। एलजी प्रो. अशोक कौल की किताब कश्मीर-नेटिविटी रीगेंड के विमोचन समारोह में बोल रहे थे। जम्मू विश्वविद्यालय के राजेंद्र सिंह सभागार में हुए कार्यक्रम में सिन्हा ने कहा कि अपनी धरती पर अजनबी बन जाना दुनिया के सबसे बड़े दुखों में से एक है। अपनी जड़ों से उजड़ जाने का दर्द आज भी बेघर हुए परिवारों की रगों में कांटों की तरह चुभता है। समय का मरहम भी कश्मीरी पंडितों के नरसंहार का गहरा दर्द नहीं भर सका। उपराज्यपाल ने कहा कि अगस्त 2019 में अनुच्छेद 370 हटने के बाद यह भरोसा पैदा हुआ कि कश्मीरी पंडित समुदाय की युवा पीढ़ी बिना किसी डर के अपनी जड़ों की ओर फिर से लौट सकती है। समारोह में डीन रिसर्च स्टडीज जम्मू यूनिवर्सिटी डॉ. नीरज शर्मा, मंडलायुक्त रमेश कुमार, आईजीपी जम्मू भीमसेन टूटी सहित कश्मीरी पंडित समुदाय के सदस्य मौजूद थे।

एलजी ने कहा कि युवा पीढ़ी को यह कभी नहीं भूलना चाहिए कि पाकिस्तान समर्थित आतंकियों ने हजारों निर्दोष कश्मीरी मुसलमानों का भी खून बहाया है। कई मामले इतने हृदयविदारक होते हैं कि उन्हें दोहराते समय शब्द लड़खड़ा जाते हैं। पिछले साल से उन परिवारों को न्याय मिलना शुरू हो गया है और अन्य आवश्यक चीजों के साथ-साथ उनकी रोजगार की जरूरतों को पूरा करने के प्रयास चल रहे हैं।

क्यूरेटेड सेलेक्शन ने अमेजन पर वेलेंटाइन डे शॉपिंग को यादगार बनाया

बेंगलोर। अमेजन इंडिया ने बताया है कि इस वेलेंटाइन डे से पहले ग्राहकों ने क्यूरेटेड सेलेक्शन, एआई-पावर्ड डिस्कवरी टूल्स और अल्ट्रा-फास्ट डिलिवरी का उपयोग करके प्रीमियम और पर्सनलाइज्ड गिफ्ट्स खरीदे। ग्राहकों ने चॉकलेट्स, ताजे फूल, फ्रेग्रेंस, ज्वेलरी, ब्यूटी, फैशन, इलेक्ट्रॉनिक्स और गिफ्ट कार्ड्स जैसी विभिन्न श्रेणियों में खरीदारी की, जो कि व्यापक सिलेक्शन और तेज़ डिलिवरी विकल्पों से संभव हुआ। अमेजन इंडिया के उपाध्यक्ष, सौरभ श्रीवास्तव ने कहा ''इस वेलेंटाइन डे पर, हमने चॉकलेट्स, ताजे फूल, फ्रेग्रेंस, ज्वेलरी, ब्यूटी, फैशन, इलेक्ट्रॉनिक्स और गिफ्ट कार्ड्स

जैसी श्रेणियों में प्रीमियम और क्यूरेटेड गिफ्टिंग विकल्पों में शानदार वृद्धि देखी। इसके अलावा, ट्रेंड्स से पता चलता है कि जेन जेड और मिलेनियल्स ग्राहक विशेष अवसरों को मनाने को लेकर खासे उत्साहित हैं। चॉकलेट्स और ताजे फूल टॉप गिफ्टिंग चॉइस के रूप में उभरे, ताजे फूलों की मांग में 1.4 गुना सालाना वृद्धि देखी गई। फ्लॉवरऑरा और आईजीपी जैसे ब्रांड्स के 50, 24 और 12 लाल गुलाबों के पैक्स सबसे ज्यादा पसंद किए गए। ग्राहकों ने रुफस जैसे एआई-पावर्ड टूल्स का उपयोग करके गिफ्टिंग विकल्पों के बारे में पूछा, प्रोडक्ट्स की तुलना की और आसानी से शॉपिंग की। हमारे क्यूरेटेड स?टोरफ्रंट्स, गिफ्टिंग गाइड्स और पर्सनलाइज्ड रिकमेंडेशन्स, साथ ही सम-डे, नेक्स्ट-डे डिलिवरी और मिनटों में अल्ट्रा-फास्ट डिलिवरी की ग्राहकों की खूब तारीफ बटोरी।'' गिफ्टिंग एक सबसे लोकप्रिय श्रेणी के रूप में उभरी है, जिसमें 1.2 गुना सालाना वृद्धि देखी गई, जिसमें लक्जरी चॉकलेट्स और क्यूरेटेड हैम्पर्स जैसे प्रीमियम सेगमेंट्स में 1.3 गुना से अधिक सालाना वृद्धि देखी गई।

हरे निशान पर बंद हुआ शेयर बाजार

नई दिल्ली। हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन यानी शुक्रवार को घरेलू बाजार बढ़त के साथ बंद हुआ। व्यापार समझौते की प्रगति और पैक्स सिलिका में भारत की भागीदारी को लेकर आशावाद के बीच बैंकिंग और धातु शेयरों में भारी खरीदारी के चलते शेयर बाजारों में तेजी आई। रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 31 पैसे गिरकर 90.99 पर बंद हुआ। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 316.57 अंक या 0.38 प्रतिशत चढ़कर 82,814.71 पर बंद हुआ। दिन के दौरान, बेंचमार्क 633.94 अंक या 0.76 प्रतिशत बढ़कर 83,132.08 के अंतर्देशीय उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 116.90 अंक या 0.46 प्रतिशत बढ़कर 25,571.25 पर बंद हुआ।

भारत-पाकिस्तान मैच ने बनाया रिकॉर्ड 2024 फाइनल का कीर्तिमान हुआ ध्वस्त

नई दिल्ली। भारत और पाकिस्तान के बीच 15 फरवरी 2026 को खेले गए मुकाबले ने व्यूअरशिप का रिकॉर्ड बना दिया है। टी20 वर्ल्ड कप 2026 के आधिकारिक डिजिटल और प्रसारण पार्टनर जिओस?टार ने जानकारी दी कि इस मुकाबले को रिकॉर्ड 163 मिलियन की अविश?वसनीय डिजिटल पहुंच मिली। इस तरह भारत बनाम पाकिस्तान आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप का सबसे ज्?यादा देखा जाने वाला मैच बन गया। इसने 2024 फाइनल को पीछे छोड़ा, जो भारत और साउथ अफ्रीका के बीच खेला गया था। भारत के शानदार प्रदर्शन ने डिजिटल प्लेटफॉर्म पर भारत बनाम पाकिस्तान के आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2024 मैच

की तुलना में दर्शकों की संख्या में 56त्न की वृद्धि सुनिश्चित की। इस मैच को सभी स्क्रीनों पर मिलाकर चौंका देने वाला 20 अरब मिनट का वॉच टाइम मिला, जो प्रशंसकों की जबरदस्त भागीदारी को दर्शाता है। इससे पिछले संस्करण के मुकाबले दर्शकों की संख्या में 42त्न की वृद्धि हुई, जिसका मुख्य कारण भारतीय राष्ट्रीय क्रिकेट टीम का शानदार प्रदर्शन था, जिसने आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप में पाकिस्तान के खिलाफ अपना रिकॉर्ड 8-1 तक बढ़ा दिया।

अभिनेत्री काजोल को लेकर दिल्ली हाईकोर्ट ने दिया अंतरिम आदेश

मुंबई। दिल्ली हाई कोर्ट ने शुक्रवार को एक्ट्रेस काजोल देवगन के पर्सनैलिटी राइट्स को लेकर एक अंतरिम आदेश दिया। जस्टिस ज्योति सिंह ने कई डिफेंडेंट को उनकी इजाजत के बिना उनके नाम, तस्वीर, आवाज या उनकी पहचान का इस्तेमाल कमर्शियल मकसदों के लिए करने से रोक दिया है। कोर्ट ने यह भी कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और डीपफेक टेक्नोलॉजी के जरिए उनके पर्सनैलिटी राइट्स का गलत इस्तेमाल होने से बचाया जाना चाहिए। आगे के आदेश यह पक्का करेंगे कि कोई भी उनकी पहचान का इस्तेमाल डिजिटल कंटेंट में न करे।

रणवीर सिंह को धमकी देने के लिए अमेरिकी नंबर का हुआ इस्तेमाल, 10 करोड़ मांगने वाले का भी हुआ खुलासा। इसके अलावा, अदालत ने अलग-अलग डिफेंडेंट को एक्ट्रेस के खिलाफ ऑनलाइन पब्लिश किए गए अश्लील कंटेंट को हटाने का निर्देश दिया। काजोल देवगन की तरफ से एडवोकेट प्रवीण आनंद अदालत में पेश हुए।

दो सांसदों ने किया प्रयास फिर भी 17 साल से लटका है दुर्ग-बेमेतरा रेल लाइन का प्रोजेक्ट

तत्कालीन सांसद सरोज पांडेय ने सबसे पहले दुर्ग को बेमेतरा से जोड़ने का प्रस्ताव बजट में कराया था शामिल

■ **सांसद रहते ताम्रध्वज साहू ने भी तैयार कराया था नए रूट का प्रस्ताव**

भिलाई/नवप्रदेश। बेमेतरा जिले को दुर्ग जिला मुख्यालय से रेललाइन से जोड़ने का प्रोजेक्ट पिछले 17 साल से अधर में लटका है। दो पूर्व सांसदों ने अपने कार्यकाल में दुर्ग-बेमेतरा रेललाइन बिछाने लगातार प्रयास किये, लेकिन प्रोजेक्ट को प्रारंभिक स्वीकृति मिलने के बावजूद मामला अधर में लटका है।

बेमेतरा को औद्योगिक-वाणिज्यिक विकास से ज ोड़ने के लिये रेल नेटवर्क बेहद जरूरी है। लेकिन, जिम्मेदारों की निष्क्रियता और उदासीनता के कारण इस इलाके में रेल नेटवर्क बढ़ाने का पूरा काम ठप पड़ा है। वर्तमान सांसद विजय बघेल का दूसरा संसदीय कार्यकाल होने के बावजूद उन्होंने बेमेतरा रेल लाइन के लिये कभी प्रयास नहीं किया।

महत्वपूर्ण बात ये है कि हाल ही में खरसिया, नया रायपुर, परमलकसा नई रेल लाइन का प्रोजेक्ट बनाकर इसके लिये भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। दूसरी ओर रेल कनेक्टिविटी से अलग थलग रहे बेमेतरा जिले तक रेल लाइन बिछाने का प्रोजेक्ट ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। पड़ोस के बालोद जिले में रेल सेवा का विस्तार लगातार हो रहा है। यहां की जनता को नई रेल सेवाओं का लाभ मिल रहा है। वहीं, बेमेतरा जिले में रेल नेटवर्क का मुद्दा हाशिये पर डाल दिया गया है।

गौरतलब है कि 2009 में लोकसभा चुनाव जीतने के बाद सरोज पांडेय ने दुर्ग से बेमेतरा रेल लाइन विस्तार के लिये सार्थक पहल की थी। सरोज की पहल के पीछे विकास का बड़ा विजन था। तत्कालीन रेल मंत्री से चर्चा कर उन्होंने नई रेल लाइन का प्रोजेक्ट मंजूर कराया। बेमेतरा में नान पाल्यूशन उद्योगों की स्थापना के साथ ही रेल कनेक्टिविटी से जोड़ने की दिशा में सरोज ने लगातार प्रयास किये, लेकिन यह काम उनके कार्यकाल में शुरू नहीं हो पाया।

इसके बाद 2014 में हुए लोकसभा चुनाव में ताम्रध्वज साहू ने दुर्ग से बेमेतरा तक प्रस्तावित नई रेल लाइन का रूट पूरी तरह बदलकर नया प्रस्ताव तैयार कराया। यह प्रोजेक्ट भी संसद में सवाल - जवाब तक सीमित रहा। 2019 और बाद में 2024 में सांसद चुने गए विजय बघेल ने इस मामले में कोई पहल नहीं की है। जनप्रतिनिधियों की चुप्पी के कारण रेल विभाग ने इस प्रोजेक्ट को ठंडे बस्ते में डाल दिया।

रेल मंत्रालय ने प्रोजेक्ट को मंजूरी देने से किया इनकार

दुर्ग-बेमेतरा रेल लाइन प्रोजेक्ट को नुकसान का सौदा बताया है। रेलवे विभाग को सर्वेक्षण रिपोर्ट में प्रस्तावित ट्रैक पर सिर्फ यात्री रेल संचालन की ही संभावना नजर आई है। इस मार्ग पर गुड्स ट्रेन चलाए बिना प्रोजेक्ट पर भारी-भरकम खर्च करने में रेलवे को नुकसान नजर आ रहा है। रेल मंत्रालय प्रोजेक्ट को आगे बढ़ाने पर तभी सोचेगा, जब राज्य सरकार भी खर्च में राशि लगाए। इसके लिये न तो राज्य सरकार पहल कर रही है, न सांसद विजय बघेल ने किसी भी स्तर पर कोई पहल की है।

सरोज के कार्यकाल में रेल लाइन को बजट में किया था शामिल

तत्कालीन सांसद सरोज पांडेय की पहल से केंद्रीय बजट में इसके लिये राशि का प्रावधान किया गया। दुर्ग सांसद की पहल पर रेलवे ने सर्वे रिपोर्ट तैयार किया। इसके बाद तत्कालीन सांसद ताम्रध्वज साहू के प्रस्ताव पर रेल मंत्रालय ने दुर्ग से बेमेतरा रेल लाइन का प्रारंभिक सर्वे कराया। वर्ष 2012 में किए गए प्राथमिक सर्वे के अनुसार दुर्ग-नंदिनी अहिवारा-बेरला-नवागढ़-मुंगेली होते हुए बिलासपुर का रूट निर्धारित किया गया। प्रस्तावित रूट पर इंडस्ट्रियल-कॉमिर्शियल कॉरिडोर न होने के कारण यहां से केवल पैसेंजर ट्रेन ही चलने से रेवेन्यू न मिलने का हवाला देते हुए रेलवे ने इस प्रोजेक्ट से इंकार कर दिया। संसद में हुई चर्चा के दौरान सांसद ताम्रध्वज साहू के सवाल पर केंद्रीय रेल मंत्री ने कहा था कि रेलवे इस प्रोजेक्ट पर अकेले खर्च नहीं करेगा। अगर राज्य सरकार 50 प्रतिशत राशि खर्च करती है तो रेल मंत्रालय बेमेतरा तक रेल लाइन बिछाने तैयार है।

न्यूज गैलरी

हृदय रोग से पीड़ित छात्रा का सफल उपचार प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग के प्रयास रंग लाए

धमधा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन के स्वास्थ्य विभाग की महत्वाकांक्षी योजना के अंतर्गत राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत विकासखंड की शासकीय प्राथमिक शाला करेली में अध्ययनरत कक्षा पांचवीं की छात्रा जीतेश्वरी साहू के हृदय संबंधी रोग का सफल उपचार कराया गया। विद्यालय में स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान चिकित्सकीय दल ने छात्रा के हृदय में समस्या की आशंका व्यक्त की। तत्पश्चात उसे जिला चिकित्सालय दुर्ग के बाल रोग निदान केंद्र में विस्तृत जांच हेतु भेजा गया। जांच के बाद चिकित्सकों ने उच्च स्तरीय उपचार की आवश्यकता बताते हुए उसे सत्य साईं हॉस्पिटल, नया रायपुर रेफर किया। नया रायपुर स्थित अस्पताल में विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने सफलतापूर्वक हृदय का उपचार किया। उपचार के बाद छात्रा को स्वस्थ अवस्था में अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। वर्तमान में जीतेश्वरी पूरी तरह स्वस्थ होकर अपने घर लौट आई है और नियमित रूप से विद्यालय जाकर पढ़ाई कर रही है।

अपहरण कर वसूली की साजिश नाकाम, छह आरोपी गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। थाना आजाद चौक क्षेत्र में अपहरण कर बंधक बनाकर वसूली की संगठित साजिश को पुलिस ने त्वरित एवं रणनीतिक कार्रवाई से नाकाम कर दिया। मामले में 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जबकि अन्य फरार आरोपियों की तलाश जारी है। आरोपियों के कब्जे से 3,500 रुपये नगद, 2 पिस्टल, 2 जिंदा कारतूस और 6 मोबाइल फोन जब्त किए गए हैं। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 19 फरवरी 2026 को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि घोराही तालाब रामकुंड क्षेत्र में दो व्यक्तियों को अवैध रूप से बंधक बनाकर मारपीट की जा रही है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए डीसीपी वेस्ट संदीप पटेल ने तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। एडिशनल डीसीपी राहुल देव शर्मा एवं एसीपी इशु अग्रवाल के मार्गदर्शन में थाना आजाद चौक पुलिस टीम ने क्षेत्र की घेराबंदी कर सघन तलाशी अभियान चलाया। संदिग्ध गतिविधियों के आधार पर एक झोपड़ी में दबिश दी गई, जहां से जीवन यदु और राकेश शर्मा, दोनों निवासी धमतरी, को सकुशल मुक्त कराया गया। पूछताछ में खुलासा हुआ कि करीब 2 लाख रुपये के लेन-देन विवाद के चलते आरोपियों ने सुनियोजित षड्यंत्र रचकर दोनों को करबला तालाब के पास से अगवा कर लिया था। हथियारों के बल पर मारपीट कर उनसे जबरन जमीन के दस्तावेजों पर हस्ताक्षर कराए गए तथा नगदी, बैंक दस्तावेज, मोबाइल फोन और मोटरसाइकिल लूट ली गई।

एम्स में बड़ा हादसा, तीसरी मंजिल से गिरने से मरीज की दर्दनाक मौत

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में स्थित एम्स रायपुर में शुक्रवार को बड़ा हादसा हो गया। अस्पताल की तीसरी मंजिल से गिरने से एक मरीज की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान करण नायक बंजारा के रूप में हुई है, जो रक्त संबंधी बीमारी के इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती था। घटना संदिग्ध परिस्थितियों में होने से मामले ने गंभीर रूप ले लिया है। जानकारी के अनुसार मृतक अस्पताल के बी-ब्लॉक स्थित बी4 वार्ड में भर्ती था। उपचार के दौरान वह तीसरी मंजिल से नीचे गिर गया। हादसा इतना गंभीर था कि मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही अस्पताल प्रशासन और सुरक्षा अमला सक्रिय हुआ।

पुलिस ने शुरू की जांच: मामले की जानकारी मिलते ही आमानाका थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि यह दुर्घटना थी, आत्महत्या या फिर किसी प्रकार की लापरवाही का परिणाम। अस्पताल परिसर के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं और वार्ड में मौजूद स्टाफव मरीजों से पूछताछ की जा रही है। **सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल :**घटना के बाद अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल उठने लगे हैं। परिजनों और स्थानीय लोगों का आरोप है कि अस्पताल में सुरक्षा के समुचित इंतजाम नहीं हैं। उनका कहना है कि यहां मरीजों की सुरक्षा को लेकर गंभीर चूक सामने आई है। इससे पहले भी अस्पताल में मरीजों के कीमती सामान चोरी होने की घटनाएं सामने आ चुकी हैं, जबकि परिसर में बड़ी संख्या में सुरक्षाकर्मी तैनात रहते हैं।

राज्यसभा जाने का जुगाड़ लगा रहे नेता, आकाओं के दरबार में हाजिरी

भाजपा में सरप्राइज नाम की चर्चा

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ से राज्यसभा की दो सीटें आगामी 2 अप्रैल 2026 को रिक्त हो रही हैं। इन सीटों पर वर्तमान में फूलो देवी नेताम और केटीएस तुलसी सदस्य हैं, जिनका कार्यकाल समाप्त होने जा रहा है। राजनीतिक जानकारों के अनुसार इन दो सीटों में एक पर भाजपा और एक पर कांग्रेस का चुना जाना लगभग तय माना जा रहा है।

छत्तीसगढ़ विधानसभा की 90 सदस्यीय संरचना में फिलहाल 54 विधायक भाजपा, 35 कांग्रेस और एक विधायक गोंड़वाना गणतंत्र पार्टी का है। ऐसे में यदि चुनाव की स्थिति बनती है तो प्रथम और द्वितीय वरीयता मतदान के आधार पर दोनों प्रमुख दलों के एक-एक प्रत्याशी का निर्वाचित होना तय है।

दावेदार कई, पर खुली लॉबिंग नहीं

भाजपा में राज्यसभा सीट को लेकर दावेदारों की लंबी सूची बताई जा रही है, लेकिन पार्टी की कार्यशैली के अनुसार अंतिम निर्णय सामूहिक रूप से लिया जाता है। खुली लॉबिंग भले ही नजर नहीं आती, पर सूत्रों के मुताबिक संभावित दावेदारों की दिल्ली दौड़ शुरू हो चुकी है। जिन नामों की सबसे अधिक चर्चा है, उनमें भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पाण्डेय, पूर्व मंत्री ननकीराम कंवर और बस्तर के महाराजा कमलचंद भंजदेव शामिल हैं। पार्टी सूत्रों का कहना है कि सत्ता, संगठन और संघ के समन्वय के बाद ही अंतिम नाम तय होगा। पार्टी के भीतर यह भी चर्चा है कि भाजपा प्रयोगधर्मी पार्टी है और अक्सर चर्चित नामों से अलग किसी नए चेहरे को मौका देकर सबको चौंका देती है। ऐसे में अंतिम फैसला होने तक अटकलों का दौर जारी रहने की संभावना है।

वर्तमान में पांच राज्यसभा सदस्य

मौजूदा समय में छत्तीसगढ़ से राज्यसभा में पांच सदस्य हैं- फूलोदेवी नेताम, केटीएस तुलसी, राजीव शुक्ला, रंजीत रंजन और देवेंद्र प्रताप सिंह। इनमें से चार सदस्य पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में बनाए गए थे, जबकि वर्ष 2024 में भाजपा सरकार बनने के बाद देवेंद्र प्रताप सिंह को राज्यसभा भेजा गया।

नए चेहरे पर दांव लगा सकती है भाजपा

सूत्रों के अनुसार भाजपा इन दिनों 45 से 60 वर्ष आयु वर्ग के नेताओं को आगे बढ़ाने की रणनीति पर काम कर रही है। इसी आधार पर यह अटकलें लगाई जा रही हैं कि पार्टी राज्यसभा के लिए किसी नए चेहरे को मौका दे सकती है। पार्टी के भीतर सरप्राइज नाम को लेकर चर्चा गर्म है।

स्थानीय को टिकट देने का बढ़ा दबाव

■ **पिछली बार दो बाहर के नेताओं को दिया गया मौका, स्थानीय कांग्रेसियों में इस बात से रहा असंतोष**

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ से राज्यसभा की रिक्त हो रही सीट को लेकर कांग्रेस में अंदरूनी हलचल तेज होने लगी है। दो रिक्त सीटों में से एक पर कांग्रेस का चुना जाना लगभग तय माना जा रहा है, लेकिन अब तक किसी संभावित उम्मीदवार की औपचारिक दावेदारी सामने नहीं आई है। पार्टी के भीतर राष्ट्रीय नेतृत्व के संकेतों का इंतजार किया जा रहा है।

मार्च के बाद बढ़ेगी सियासी सरगर्मी

सूत्रों के अनुसार मार्च के पहले सप्ताह के बाद राज्यसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक गतिविधियां तेज हो सकती हैं। संभावित नामों को लेकर पार्टी के भीतर मंथन शुरू है। तेज-तर्रार और अनुभवी नेताओं के नाम पर अंदरूनी स्तर पर विचार-विमर्श चलने की चर्चा है। कांग्रेस आलाकमान छत्तीसगढ़ को राजनीतिक दृष्टि से अहम राज्य मान रहा है। ऐसे में स्थानीय दबाव बढ़ने की स्थिति में राष्ट्रीय नेतृत्व प्रदेश के प्रमुख नेताओं और क्षत्रपों से भी राय ले सकता है। हालांकि यदि कई दिग्गज नेता मैदान में आते हैं तो अंदरूनी खींचतान और समीकरणों में बदलाव से इनकार नहीं किया जा सकता।

जातीय संतुलन भी अहम

राज्यसभा प्रत्याशी चयन में जातीय समीकरण भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। पूर्व में ओबीसी, आदिवासी और अनुसूचित जाति वर्ग को प्रतिनिधित्व मिल चुका है। ऐसे में सामान्य और अल्पसंख्यक वर्ग की दावेदारी भी मजबूत मानी जा रही है। हालांकि आदिवासी, ओबीसी और अजा वर्ग का स्वाभाविक दावा भी बना रहेगा। सूत्रों का यह भी कहना है कि दिल्ली स्तर पर लॉबिंग की गतिविधियां तेज हो सकती हैं। फिलहाल कांग्रेस में अंतिम निर्णय को लेकर सस्पेंस बना हुआ है।

प्रदेश संगठन को अपेक्षित राजनीतिक लाभ नहीं मिला

इस बार कांग्रेस संगठन में स्थानीय और वरिष्ठ नेताओं को मौका देने की आवाज बुलंद हो रही है। पूर्व में प्रदेश से बाहर के नेताओं को राज्यसभा भेजे जाने को लेकर संगठन के भीतर असंतोष रहा है। कई कार्यकर्ताओं और नेताओं का मानना है कि बाहरी प्रत्याशियों को प्रतिनिधित्व देने से प्रदेश संगठन को अपेक्षित राजनीतिक लाभ नहीं मिला।

तालाब के मगरमच्छ का किया सुरक्षित रेस्क्यू अब जंगल सफारी होगा नया आश्रय स्थल

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में वन्यजीव संरक्षण और मानव-वन्यजीव द्वंद्व को कम करने की दिशा में वन विभाग ने एक और सराहनीय कार्य किया है। बलौदाबाजार जिले के ग्राम हरदी में तालाब में फंसे एक विशाल मगरमच्छ का सफल रेस्क्यू कर उसे सुरक्षित रूप से जंगल सफारी, नवा रायपुर में नया आश्रय दिया गया।

वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप के मार्गदर्शन और प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यप्राणी) श्री अरुण कुमार पांडेय के नेतृत्व में संपन्न हुआ। ग्राम हरदी के ग्रामीण तालाब में सामूहिक रूप से मछली पकड़ रहे थे। इसी दौरान उनके जाल में एक मगरमच्छ फंस गया। ऐसी स्थिति में घबराहट या किसी दुर्घटना की आशंका हो सकती थी, लेकिन ग्रामीणों ने समझदारी दिखाते हुए तुरंत वन विभाग को सूचना दी।

सूचना मिलते ही वनमंडलाधिकारी श्री धम्मशील गणवीर के निर्देश पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। परिक्षेत्र सहायक गितेश बंजारे और टीम ने ग्रामीणों के सहयोग से सावधानीपूर्वक मगरमच्छ को जाल से बाहर निकाला। रेस्क्यू के बाद पशु चिकित्सकों द्वारा उसका स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। विशेषज्ञों की सलाह पर उसे जंगल सफारी, नवा रायपुर में सुरक्षित छोड़ा गया, जहां उसके लिए अनुकूल वातावरण उपलब्ध है। राज्य शासन की वन्यजीव संरक्षण संबंधी योजनाओं और जागरूकता अभियानों का ही परिणाम है कि अब ग्रामीण तत्काल सूचना देकर वन्यजीवों की सुरक्षा में भागीदार बन रहे हैं।

सजगता बनी मिसाल

ग्राम हरदी के लोगों ने पहले भी अक्टूबर 2025 में हाथी के रेस्क्यू के दौरान जिम्मेदारी निभाई थी। इस बार भी उन्होंने वन्यजीव संरक्षण के प्रति जागरूकता दिखाते हुए वन विभाग का पूरा सहयोग किया। वन विभाग के कर्मचारियों नेहरू निषाद, भागी यादव, पीलू निषाद, राकेश ध्रुव तथा हरदी वन प्रबंधन समिति के सदस्यों ने मिलकर इस अभियान को सफल बनाया।

जिले में प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़कों का बुरा हाल

■ **आधा दर्जन से अधिक सड़कों पर चलना दूभर, शिकायत और मांग करते थक चुके ग्रामीण**

खैरागढ़/नवप्रदेश। जिला निर्माण के बाद से जर्जर प्रधानमंत्री सउक़ योजना की मरम्मत और नवनिर्माण की राह देख रहे जिले वासियों को तीन साल बाद भी निराशा हाथ लग रही है । विभागीय लापरवाही और प्रशासनिक अनदेखी के चलते जिले की आधा दर्जन से अधिक सउक़े बेहाल हो चुकी है । मार्ग के मरम्मत और निर्माण की मांग को लेकर ग्रामीण कई बार विभाग और प्रशासनिक अधिकारियो का दरवाजा खटखटा चुके है । लेकिन नींद मे सोए विभागीय अधिकारी मामले मे कार्यवाही को लेकर हाथ खड़े कर चुके है । प्रशासनिक महकमा भी केवल कागजी घोड़े दौड़ाकर सडक़ निर्माण को भूल चूका है ।

आधा दर्जन सडक़ो पर चलना मुश्किल: जिला मुख्यालय के आसपास की ही आधा दर्जन से अधिक प्रमं ग्रामीण सडक़ योजना की सडक़े आवाजाही के लायक नही बची है । सबसे पूरानी पाडादाह से भरतपूर तक बनाई गई प्रमं सडक़ पूरी तरह उधड़ चुकी है । दो साल पहले लगातार मांग और ग्रामीणों की शिकायत पर इसकी मरम्मत की कार्यवाही शुरू की गई । लेकिन मरम्मत की बजाय इसे आधा अधूरा बनाकर छोड़ दिया गया ।

कवर्धा मेडिकल कॉलेज के लिए हरी राम साहू ने किया शरीर दान

पेश की मानवता की अनोखी मिसाल

कवर्धा/नवप्रदेश। कबीरधाम जिले के खड़ौदा निवासी हरी राम साहू ने समाज के लिए एक प्रेरणादायक कदम उठाते हुए आज उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के समक्ष अपने शरीर दान की घोषणा की। उन्होंने कवर्धा में निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज में चिकित्सा शिक्षा प्राप्त कर रहे विद्यार्थियों की पढ़ाई और शोध कार्य के लिए अपना शरीर दान करने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने हरी राम साहू के इस निर्णय की सराहना करते हुए कहा कि यह कदम समाज में सेवा, मानवता और जागरूकता का बड़ा संदेश देता है। उन्होंने इसे समाज के लिए प्रेरणादायक बताते हुए साहू को बधाई दी और अन्य लोगों से भी ऐसे जनहितकारी कार्यों के लिए आगे आने की अपील की।

लोगों में जागरुकता का संदेश

हरी राम साहू का यह निर्णय समाज में अंगदान और शरीर दान को लेकर सकारात्मक सोच विकसित करने का संदेश देता है। अक्सर जानकारी के अभाव और सामाजिक झिझक के कारण लोग इस विषय पर आगे नहीं आते, लेकिन ऐसे उदाहरण लोगों को प्रेरित करते हैं कि मृत्यु के बाद भी मानव जीवन समाज के काम आ सकता है।

कवर्धा में बन रहे मेडिकल कॉलेज के लिए किया गया यह शरीर दान न केवल शिक्षा क्षेत्र को मजबूती देगा, बल्कि समाज में मानवता, सेवा और जागरूकता की नई मिसाल भी कायम करेगा।

शरीर दान से मिलने वाले लाभ

शरीर दान का सबसे बड़ा लाभ चिकित्सा शिक्षा और अनुसंधान को मिलता है। इससे मेडिकल छात्रों को एनाटॉमी की गहन जानकारी प्राप्त होती है तथा नई चिकित्सा तकनीकों और उपचार पद्धतियों के विकास में मदद मिलती है। इसके अलावा, यह समाज के प्रति अंतिम समय तक सेवा का एक श्रेष्ठ माध्यम माना जाता है।

शरीर दान का महत्व

शरीर दान चिकित्सा शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं के विकास में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। मेडिकल कॉलेजों में डॉक्टर बनने वाले विद्यार्थियों को मानव शरीर की संरचना को समझने के लिए वास्तविक अध्ययन की आवश्यकता होती है। शरीर दान से छात्रों को व्यावहारिक ज्ञान मिलता है, जिससे वे भविष्य में बेहतर और कुशल चिकित्सक बन पाते हैं।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक प्रधान संपादक यशवंत धोटे द्वारा, मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्पलेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित, RNI NO.CHHHIN/2015/62431, संपादक-चन्द्रशेखर* (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी), स्थानीय संपादक-विक्रम सिंह ठाकुर, समाचार संपादक-संदीप दीवान, फोन नंबर : 07752-468654, navpradeshbilaspur01@gmail.com